
इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हस्तशिल्पियों के हाथ का जादू-पीतल पर नक्काशी व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 309, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कानपुर, रविवार, 29 जून 2025




**आज का मौसम** 31.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 16 सूर्यास्त 07 :15

देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा : शाह...12

# माफिया के सामने नाक रगड़ते थे जाति के नाम पर बांटने वाले : योगी

## इटावा की घटना के बहाने जातिगत विभाजन करने वालों को मुख्यमंत्री ने घेरा

- लखनऊ में भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर लोकभवन में कार्यक्रम
- नौकरी के नाम पर वसूली करने वाले अब जाति के नाम पर बांटने का काम कर रहे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा की घटना के बहाने जातिगत विभाजन पैदा करने वालों को जमकर निशाने पर लिया। कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले वही लोग हैं, जिन्होंने सत्ता में रहते हुए माफिया के सामने नाक रगड़ी और सरकार को गिरवी रख दिया था। योगी ने कहा कि नौकरी के नाम पर वसूली करने वाले अब जाति के नाम पर बांटने में जुटे हैं। इसीलिए फिर सचेत कर रहा हूं कि बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को लोकभवन में दानवीर भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके पहले भामाशाह के जीवन से प्रेरित चित्र प्रदर्शनी देखी और सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से नवाजा। उन्होंने भामाशाह के आदर्शों को अपनाने और समाज को जातिगत विभाजन से मुक्त रखने का आह्वान किया। उन्होंने व्यापारियों को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए उनकी सुरक्षा, सम्मान और कल्याण के लिए डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। योगी ने भामाशाह के त्याग को 'नेशन फर्स्ट' की भावना का प्रतीक बताते हुए कहा कि जब महाराणा प्रताप की चर्चा होगी, तब दानवीर भामाशाह भी याद किए जाएंगे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को शिकागो धर्म सम्मेलन में भेजने के लिए मैसूर के राजा चामराजेन्द्र वाडियार और खेतड़ी के राजा अजीत सिंह के सहयोग की चर्चा की। साथ ही, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को विदेश पढ़ाई के लिए वडोदरा के राजा सैयाजीराव गायकवाड द्वारा दी गई स्कॉलरशिप का भी जिक्र किया। कहा कि इनके सहयोग में जाति कहां थी?


दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### इन व्यापारियों का हुआ सम्मान

वित्तीय वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक कर देने वाले एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों में रचना गर्ग, हेमंत शर्मा, मोहम्मद जावेद सिद्दिकी, अमित निगम, अशोक कुमार गुप्ता, नितेश अग्रवाल, प्रतीश कुमार, राजेश कुमार अग्रहरि, डॉ मिथिलेश अग्रवाल, अरविंद चतुर्वेदी, अमित गुप्ता, पुष्पदंत जैन, दिनेश गोयल, साहिल गर्ग को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

### मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, हर जिले में शीर्ष 10 व्यापारियों का होगा सम्मान

मुख्यमंत्री ने जीएसटी विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक वर्ष व्यापारी कल्याण दिवस पर प्रदेश के शीर्ष 10 जीएसटी देने वाले व्यापारियों को लखनऊ में और जिलों के शीर्ष 10 व्यापारियों को स्थानीय स्तर पर सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का शिकार होने वाले जीएसटी देने वाले व्यापारियों को सरकार की ओर से 10 लाख रुपये की सहायता भी इस दिन प्रदान की जाए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में व्यापारियों से भागीदारी का आह्वान भी किया।

## अभिनेत्री शेफाली जरीवाला की मौत की फोरेंसिक जांच शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई पुलिस ने शनिवार को अंधेरी स्थित 'गोल्डन राइज' में अभिनेत्री शेफाली जरीवाला के आवास पर फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम तैनात करके उनकी असामयिक मौत मामले की औपचारिक जांच शुरू कर दी। गौरतलब है कि जरीवाला को शुक्रवार देर रात सीने में दर्द की शिकायत के बाद बेलेव्यू मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरुआती रिपोर्ट में हालांकि हृदयाघात की बात कही गयी है, लेकिन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। अभिनेत्री के शव को पोस्टमॉर्टम जांच के लिए कूपर अस्पताल भेज दिया गया है।

# शुभांशु से बोले मोदी, आपकी यात्रा नए युग का शुभारंभ

## बातचीत के दौरान आईएसएस पर गूंजा भारत माता की जय का नारा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब शनिवार को अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से कहा कि उनकी अंतरिक्ष यात्रा भारत के गगनयान मिशन की दिशा में पहला कदम है, तब अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भारत माता की जय के नारे से गूंज उठा।

पृथ्वी की 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर परिक्रमा कर रहे आईएसएस पर मौजूद शुक्ला से बातचीत करते हुए मोदी ने कहा कि आपकी ऐतिहासिक यात्रा सिर्फ अंतरिक्ष तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को नई गति प्रदान करेगी। यह नए युग का शुभारंभ है। शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष स्टेशन की उनकी यात्रा न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह पूरे राष्ट्र की सामूहिक उपलब्धि है।



ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### शुभांशु बोले-अंतरिक्ष से भव्य दिखता है भारत

शुक्ला ने अंतरिक्ष स्टेशन से वीडियो लिंक के माध्यम से प्रधानमंत्री को बताया कि जब मैंने पहली बार अंतरिक्ष से भारत को देखा, तो यह मानचित्र की तुलना कहीं अधिक बड़ा और भव्य दिखाई दिया। शुक्ला ने कहा कि आप वास्तव में एकत्व की भावना महसूस कर सकते हैं, यहां कोई सीमा नहीं है, कोई रेखा नहीं है। ऐसा लगता है, जैसे यह पूरी धरती हमारा घर है और हम सभी इसके नागरिक हैं।

## पराग जैन खुफिया एजेंसी रॉ के नए प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर की योजना बनाने में शामिल रहे पराग जैन को गुप्तचर एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी जैन का दो साल का कार्यकाल आधिकारिक तौर पर एक जुलाई से शुरू होगा। वह 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे रवि सिन्हा की जगह लेंगे।

आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने कैबिनेट सचिवालय के अंतर्गत 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के सचिव के पद पर पराग जैन, आईपीएस की नियुक्ति को मंजूरी दी है। उनका कार्यकाल पदभार संभालने की तिथि से दो वर्ष के लिए या अगले आदेश तक रहेगा, जो भी पहले हो...।

# संतों के अमर विचारों के कारण ही भारत सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता

## जैन गुरु विद्यानंद की जन्मशताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत अपने संतों और ऋषियों के अमर विचारों व दर्शन के कारण दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज जी की जन्मशताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान को याद किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं आचार्य विद्यानंद महाराज के विचारों से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि चाहे घर उपलब्ध कराना हो, पेयजल उपलब्ध कराना हो या स्वास्थ्य बीमा, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि उसकी कल्याणकारी योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंचे, ताकि कोई भी इससे वंचित न रहे।


विद्यानंद जी महाराज के शताब्दी समारोह में शामिल मोदी।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन से पहले दिए गए एक जैन संत के संबोधन का भी उल्लेख किया, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए जैसे ही ये कहा कि जो हमें छेड़ेगा..., तो वहां मौजूद लोगों ने जोरदार तरीके तालियां बजानी शुरू कर दीं। हालांकि, मोदी ने इस बारे में और अधिक बात नहीं की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सभी को एक साथ आना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए, यही आचार्य विद्यानंद महाराज जी की प्रेरणा है और यही हमारा संकल्प है।




# बेवर-जलालाबाद मिनी नहर से 51 ग्राम पंचायतों को होगा लाभ

## डार्क जोन वाले दो ब्लाकों के गांवों को मिलेगी सिंचाई की सुविधा

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज



हवन कर नहर का लोकार्पण करते जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिह, विधायक अर्चना पांडे व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दस साल पहले बेवर से जलालाबाद के लिए शुरू हुई मिनी नहर शनिवार को किसानों के लिए समर्पित कर दी गई। यहां प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री ने कहा कि सरकार की इस योजना से जिले के दोनों डार्क जोन वाले विकास खंड की ग्राम पंचायतों के किसानों को सिंचाई के लिए सहूलियत होगी।

कसावा चौकी क्षेत्र के गांव भारापुर में प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण एवं विधायक अर्चना पांडेय की मौजूदगी में मिनी नहर किसानों को समर्पित कर दी गई। यहाँ मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्ष 2015 में नहर का काम शून्य था। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की सरकार में नहर पूरा कराने के बाद किसानों को सौंपी गई। उन्होने कहा कि इस नहर परियोजना के शुरू होने से तालग्राम व जलालाबाद ब्लाकों के 51 ग्राम पंचायतों की 3800 हेक्टेयर भूमि संचित होगी।

## युवती को गिराकर पीटने का वीडियो हुआ वायरल

**सौरिख, कन्नौज।** खेत में बकरी जाने पर युवक ने युवती को पीट दिया। मौजूद बहन ने इसका वीडियो बना लिया और मामले की शिकायत पुलिस से की। कार्रवाई न होने पर युवती ने मां के साथ थाना दिवस में पहुंच कर गुहार लगाई।

खड़िनी चौकी के एक गांव निवासी 25 वर्षीय युवती अपनी मां और 14 वर्षीय छोटी बहन के साथ गुरुवार को दोपहर बाद बकरियां चराने गई थी। आरोप है कि बकरी धान के खेत में चली गई। इस पर गांव के सुनील सिंह पुत्र बदन सिंह ने भाई अनिल के साथ युवती से गाली गलौज करते हुए जमीन पर गिरा दिया और जमकर पीटा। इससे युवती के कपड़े फट गए। छोटी बहन ने इसका वीडियो बना लिया और मामले की शिकायत चौकी पुलिस से की। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार ने बताया तहरीर मिली है । जांच होगी।

# मृदा परीक्षण के आधार पर ही करें उर्वरकों का प्रयोग

संवाददाता जलालाबाद

**अमृत विचार।** धान व मक्का की भरपूर उपज के लिए किसानों को संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। मृदा परीक्षण के आधार पर ही उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए।

शनिवार को ग्राम डिगसरा में धान व मक्का में एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रेम नारायण राजपूत ने की। कृषि वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि कृषकों को मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। यदि किसी कारण वश मृदा परीक्षण न हुआ हो तो देर से पकने वाली संकर व संकुल प्रजातियों के लिए 120:60:60 व शीघ्र पकने वाली प्रजातियों के लिए 100:60:40 देशी प्रजातियों के लिए 80:40:40 किग्रा. नत्रजन, फास्फोरस व पोटाश प्रति हेक्टर प्रयोग करना चाहिए। गोबर की खाद 10 टन प्रति हे. प्रयोग करने पर 25: नत्रजन की मात्रा कम कर देनी चाहिए। बुवाई के समय एक चौथाई नत्रजन, पूर्ण फास्फोरस व पोटाश कूड़ों में बीज के नीचे डालना चाहिए। अवशेष नत्रजन तीन बार में बराबर मात्रा में टापड्रेसिंग के रूप में करें। पहली टापड्रेसिंग बोने के 25-30 दिन बाद (निराई के तुरन्त बाद) दूसरी नर मंजरी निकलते समय करें व तीसरी नर मंजरी से आधा पराग गिरने के बाद अवस्था संकर मक्का में बुवाई के 50-60 दिन बाद एवं संकुल में 45-50 दिन बाद आती हैं।




किसानों को प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते वैज्ञानिक। अमृत विचार

### इस तरह किसान करें उर्वरक का प्रयोग

**जलालाबाद :** फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा रोपाई से पूर्व तथा नत्रजन की एक तिहाई मात्रा रोपाई के 7 दिनों के बाद, एक तिहाई मात्रा कल्ले फूटते समय तथा एक तिहाई मात्रा बाली बनने की अवस्था पर टापड्रेसिंग द्वारा प्रयोग करें। केंद्र की वैज्ञानिक डा. चंद्रकला ने किसानों को फसल में सूक्ष्म पोषक तत्वों के प्रयोग के संबंध में बताया।




## सार-संक्षेप




पुलिस लाइन में बैठक लेते कानपुर जोन के पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

### त्योहारों पर कानून व्यवस्था का पालन कराया जाये

**कन्नौज।** अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन,कानपुर आलोक सिंह एवं पुलिस उप महानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर हरीश चन्दर ने आगामी त्योहारों कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस की बैठक ली गई। इस दौरान आवश्यक रणनीतियों पर चर्चा की गई। पुलिस लाइन स्थित मीटिंग हॉल में आयोजित की गई। गोष्ठी में धार्मिक आयोजनों की अनुमति, मार्ग निर्धारण तथा सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था की तैयारियों पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने आरक्षियों के जेटीसी/आरटीसी प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन एवं संसाधनों की समीक्षा करते हुए प्रशिक्षण को निरंतर और प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं की रोकथाम के लिये निगरानी तंत्र सक्रिय रखने के निर्देश दिये गये। जनपद में बढ़ते अपराधों, साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा, गश्त बढ़ाने, प्रमुख स्थानों पर सतर्कता एवं लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण को कहा गया। इटावा में हाल ही में जातीय घटना के दृष्टिगत सतर्कता बढ़ाने, संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च व संवाद स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया। यूपी-112 की रिस्पॉन्स टाइम सुधारने, सीसीटीवी प्रणाली को प्रभावी बनाने और महिला हेल्प डेस्क को सुदृढ़ करने हेतु भी निर्देश जारी किए गए। इस दौरान एसपी विनोद कुमार, एएसपी अजय कुमार के अलावा सभी सीओ व थाना कोतवाली प्रभारी मौजूद रहे।



मृतक के रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

### किशोर ने फंदा लगाकर दी जान

**छिबरामऊ।** अज्ञात कारणों के चलते एक 16 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। विशुनगढ़ कस्बा निवासी विनोद कुमार बाथम का 16 वर्षीय पुत्र विशाल किले के पीछे साइकिल मरम्मत की दुकान किए हुए था। पिता विनोद ने बताया कि शुक्रवार शाम 6 बजे वह दुकान पर पहुंचे और विशाल को किसी काम के लिए घर भेज दिया। कुछ देर बाद उसके फंदा लगा लेने की जानकारी मिलते ही वह घर पहुंचे और आनन फानन में सौ शैया अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि विशाल घर आया और मकान के अंदर वाले कमरे में चला गया। काफी देर तक बाहर न आने पर जाकर देखा तो उसका शव गमछा से बने फंदे से कुंडा में लटका था। पिता ने बताया शुक्रवार की सुबह पुत्र का मोबाइल कहीं पर गिरने के कारण टूट गया था, जिसकी जानकारी घरवालों को उसने नहीं दी थी। उसी के कारण वह सुबह से ही बहुत उदास था। हालांकि खबर लिखे जाने तक उसकी मौत का असल कारण पता नही चल सका था।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सकोतवाली क्षेत्र के ग्राम पटकुलिया निवासी 30 वर्षीय गिरेंद्र पुत्र जितेंदर ने किन्ही कारणों के चलते घर के कमरे में जाकर फंदे पर लटक गया। समय रहते परिजनों ने देख लिया और उसे उतार कर सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### लापता युवक के भाई ने गुमशुदगी कराई दर्ज

**सौरिख,कन्नौज।** थाना क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर निवासी गोविंद शाक्य पुत्र बीरेंद्र शाक्य ने तहरीर देते हुए बताया कि भाई मुकेश 19 जून की दोपहर को घर पर शराब पीकर आया जिस पर पिता ने डांट दिया। नाराज होकर बिना बताए कही चला गया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### उधारी के रुपये मांगने पर बहनोई ने दी धमकी

**गुरसहायगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर धमकी देने, उधारी के रुपये मांगने व पति द्वारा दहेज का सामान लेकर लापता हो जाने को लेकर गाली गलौज हुई। मामले में पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। ग्राम सराय दौलत निवासी ताज खां पुत्र अल्लावक्श ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने पुत्री की शादी थाना सौरिख के ग्राम नादेमऊ में तय की थी। 13 जून को गांव के युवक ने होने वाले दामाद से फोन पर गालीगलौज की और शादी करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसी प्रकार थाना तालग्राम के ग्राम रसूलाबाद निवासी नाजनी बेगम पत्नी शहनवाज ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि ग्राम सौसरापुर निवासी उसके बहनोई ने उससे 20 हजार रुपये उधार लिए थे। जब उसने रुपये वापस मांगे तो उसके साथ गाली गलौज की और धमकी दी। जबकि नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी अंजनी देवी पत्नी मोनू ने पुलिस को बताया कि उसका पति दहेज का सामान, जेवरात और 50 हजार रुपये लेकर कानपुर देहात के थाना बिल्हौर ग्राम चन्दपुरा निवासी युवक के साथ 13 मई को लापता हो गया।

### सड़क पर सूखती मक्का से हादसों का खतरा

**तिर्वा, कन्नौज।** सड़क पर इन दिनों किसानों की तरफ से मक्का सुखाई जा रही है। इससे हादसों का खतरा बना है । प्रशासन ने गत वर्ष सडक पर मक्का डालकर अतिक्रमण करने वाले किसानों को नोटिस भेजकर ऐसा न करने के आदेश दिए थे। इसके बाद भी तिर्वा-ठठिया मार्ग के साथ ठठिया मानीमऊ सडक पर कई किसानों ने अपनी मक्का सुखाने के लिए डाल दी। कोई वाहन न आ सके इसके लिए आस पास ईंटें भी लगा दी हैं। आधी सड़क पर घिर जाने से वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कि सडक पर मक्का डालने से किसानों को रोका जाएगा।

# पेयरिंग को लेकर मांगे सहमति पत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बीआरसी सदर सभागार में बीईओ ने परिषदीय स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ की बैठक
- 1 जुलाई से शुरू होने वाली कक्षाओं की तैयारी पूरी करने के निर्देश, सम्मानित हुए शिक्षामित्र



शिक्षामित्र श्यामा देवी को प्रमाण पत्र देतीं बीईओ मधुलिका बाजपेयी।

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों की पेयरिंग (समायोजन) के लिए सहमति पत्र मांगे गए हैं। 1 जुलाई से शुरू होने वाली कक्षाओं की सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही समर कैंप में योगदान देने वाले शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को प्रमाण पत्र दिए गए।

शनिवार को बीआरसी सदर सभागार में बीईओ मधुलिका बाजपेयी ने प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापकों की बैठक ली। पहली पाली में न्याय पंचायत नजरापुर, लोहामढ़, सरायमीरा देहात, सीहपुर व पैंदाबाद इलाके के विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शामिल हुए। दूसरी पाली में न्याय पंचायत आटी, मियांगंज, तेरामल्लू, उदैतापुर, यूसुफपुर भगवान, जलालपुर पंचमा क्षेत्र के स्कूलों के प्रधानाध्यापक आए। बीईओ ने बताया कि जिन विद्यालयों का नाम पेयरिंग में आ गया है, वह जल्द से जल्द सहमति पत्र दे दें। पहली तारीख से स्कूल चलो अभियान रैली निकालने, नवीन नामांकन बढ़ाने, शिक्षक डायरी बनाने, निपुण लक्ष्य एप पर नियमित आकलन, बच्चों में रुचि विकसित करने के लिए लाइब्रेरी बुक्स का प्रयोग करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संचारी रोग से बचाव वाले अभियान में सहयोग करने को कहा। छुट्टियों में बच्चों के लिए लगे समर कैंप में बेहतर काम करने पर 18 विद्यालयों के शिक्षामित्र व अनुदेशकों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दिनेश, मुकेश राजपूत, मुकेश वर्मा व मंजेश मौजूद रहे।

### रंगदारी मांगने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** खुद को गौरक्षा दल से तथा पत्रकार बताकर गौशाला में घुस कर प्रधान से रंगदारी में हजारों रुपए मांगने वालों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम नगला तेजराम धमेका ताल निवासी अनुज कुमार शाक्य पुत्र मांगू लाल शाक्य ने बताया कि वह मौजूदा समय में उक्त ग्राम पंचायत का प्रधान है। सोमवार को उनकी ग्राम पंचायत स्थित गौशाला में वैभव शुक्ला, महेश गौड, मुकेश दुबे अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मोटर साइकिल से घुस आए और खुद को गौरक्षा दल और पत्रकार बताते हुए धमकाकर रंगदारी के 5 हजार रुपये मांगने लगे। इस पर उन्होंने उपरोक्त व्यक्तियों को तीन हजार रुपये दे दिया। इसी से नाराज होकर बुधवार को तीनों व्यक्ति अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आए और रंगदारी के बाकी रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

### छत से गिरकर चार वर्षीय बालक घायल, हालत गंभीर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कलेनापुर बहादुरपुर निवासी अवधेश का 4 वर्षीय पुत्र संजेश अपने घर की छत पर खेल रहा था। तभी किसी प्रकार नीचे गिरकर घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है।






**आज का मौसम**

रविवार को बादल छाए रहने के साथ हल्की से लेकर मध्यम वर्षा होने के आसार बने हुए हैं।

31.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 19 | सूर्यास्त 07 : 08


अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## एक नजर

### केरल में व्यंजन, शिल्पकला के लिए मौका

**कन्नौज।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि केरल के कोच्चि में 25 अगस्त से 4 सितंबर तक 5वीं लोक संवर्धन पार्टी होगी। इसमें अल्पसंख्यक समुदाय के कारीगरों/ शिल्पकारों और पाक विशेषज्ञों को अपने व्यंजनों का प्रदर्शन और बिक्री करने के लिए आमंत्रित किया गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का कहना है कि जिन इच्छुक लोगों को मरीन ड्राइव ग्राउंड कोच्चि में पहुंचकर व्यंजनों व शिल्पकला का प्रदर्शन करना है वह विकास भवन के कार्यालय में संपर्क कर सकता है। आवेदक को दैनिक भत्ता 1 हजार रुपये प्रतिदिन और सामग्री के लिए 15 सौ रुपये प्रतिदिन दिया जाएगा।

### हज के लिए 1.50 लाख रुपये की पहली किस्त

**कन्नौज।** हज के लिए ऑनलाइन आवेदन जुलाई के दूसरे सप्ताह में शुरू हो जाएंगे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि इच्छुक आवेदक पहली किस्त के लिए 1.50 लाख रुपये की व्यवस्था रखेंगे। हज 2026 के लिए पासपोर्ट की वैधता 31 दिसंबर 2026 तक होना जरूरी है। हस्तलिखित पासपोर्ट की बजाय मशीन पठित होना अनिवार्य है।

### मजदूर को दी जाती सूचक गालियां

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम कसियापुर नौली निवासी अशोक पुत्र गोविंद जाटव ने बताया की वह चुनाई के काम में मजदूरी करता है। कहा कि गांव के ही श्यामलाल के घर के लिंटर के लिए लाई गई गिट्टी–मोरम सड़क पर पड़ी थी। तभी गांव के कुछ दबंग किस्म के लोग आए और रोड से गिट्टी हटाने की बात कहते हुए उसे जाति सूचक गालियां देकर मारपीट करने पर आमादा हो गए।

### कप्तान सिंह महाविद्यालय में सेल्फ स्टडी जोन शुरू

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कप्तान सिंह महाविद्यालय ग्राम सराय प्रयाग में सेल्फ स्टडी जोन का शुभारम्भ किया गया। यहां समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने इस पहल की सराहना की। कहा कि हमारे विद्यालय में सबसे कम फीस के साथ लाइब्रेरी सुविधा बिल्कुल फ्री है। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह यादव, अजीत सिंह यादव, सुरेश मास्टर साहब, अंकुर सिंह यादव, अनुज सिंह, सुशील यादव, प्रधानाचार्य मनोज शाक्य, प्रधानाचार्य जितेंद्र प्रजापति सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### साढ़ू के घर बच्चों से नौकरों जैसा बर्ताव

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अटिया हाथिन निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र महेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी ढाई वर्ष पूर्व तीन बच्चों को छोड़ कर कहीं चली गई। जीवन यापन तथा पढ़ाई लिखाई के लिए बच्चों को गांव में ही रह रहे साली साढ़ू के घर छोड कर दिल्ली में नौकरी करने चला गया। आरोप है कि जब वह गांव पहुंचा तो देखा कि साढ़ू बच्चों के साथ नौकरों जैसा व्यवहार करते हैं। पीड़ित ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बच्चों को बापस दिलवा दिया जाने की मांग की है।

### दुकान में चोरी करने वाला किशोर गिरफ्तार

**कन्नौज।** पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया। सदर कोतवाली करे मोहल्ला काजी टोला में मुख्य मार्ग पर दोपहर के समय दुकान का शटर गिरा कर नमाज बड़ने के दौरान दुकान से नकदी चोरी करली गई। मामले का सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ। दुकानदार ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि चोरी का आरोपी किशोर एआरटीओ कार्यालय के निकट कालोनी का निवासी है। पुलिस ने खोज करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# 111 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सेवा समाप्ति की चेतावनी

## लापरवाही के चलते जिला कार्यक्रम अधिकारी ने भेजे नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जनपद के करीब 40 फीसदी लाभार्थियों का पोषण ट्रैकर एप पर हुई है ई-केवाईसी

**अमृत विचार।** आंगनबाड़ी केंद्रों के लाभार्थियों की ई-केवाईसी व एफआरएस (फेस रिकग्नाइजेशन सिस्टम) में लापरवाही बरतने पर 111 कार्यकत्रियों को सेवा समाप्ति की चेतावनी दी गई। साथ ही मानदेय बाधित कर दिया गया है। कल यानि 30 जून तक का समय दिया गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि शासन का जोर आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों व गर्भवती महिलाओं की ई-केवाईसी करने पर है। हर रोज इसकी समीक्षा हो रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 10 से 15 फीसदी ही कार्य करने वाली बाल विकास परियोजना हसेरन की 14 आंगनबाड़ी कार्यकत्री, कन्नौज ग्रामीण की 16, जलालाबाद की 17, सौरिख की 26, गुगरापुर की 11, कन्नौज नगर की 5, तालग्राम की 7, छिबरामऊ की 5 और उमर्दा की 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही सभी का मानदेय भी बाधित कर दिया गया। 30 जून तक यदि लाभार्थियों की ई-केवाईसी व एफआरएस कार्य पूरा नहीं किया गया तो सेवा समाप्ति की पत्रावली तैयार कर मानदेय सेवा समाप्त कर दी जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 1,10,128 लाभार्थी पंजीकृत हैं। इसके सापेक्ष तकरीबन 40 फीसदी काम हुआ है। सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को काम में तेजी लाने के लिए सीडीपीओ व सुपरवाइजर को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले के अधिकारी भी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। लापरवाही पर कार्रवाई तय है।

# निलबंन के बाद स्टाक न देने पर कोटेदार पर कार्रवाई

संवाददाता तिर्वा

- पूर्ति निरीक्षक ने दर्ज करा दी कालाबाजारी की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** राशन वितरण में लापरवाही पर कोटा निलंबन के बाद स्टाक राशन न देने पर पूर्ति निरीक्षक ने पुलिस को कोटेदार पर रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

थाना ठठिया के जैनपुर गांव के कोटेदार पर करीब एक साल पहले राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत पर जब पूर्ति निरीक्षक द्वारा जांच की गई तो मामला सही पाया। इस पर राशन कोटा निलंबन कर दिया गया था। इसके बाद कार्डधारक को कोई परेशानी न हो इसके लिए निस्तौली कोटा पर राशन लेने के निर्देश दिए गए। साथ ही कोटेदार को स्टाक निस्तौली कोटेदार को देने के निर्देश दिए गए। कोटेदार ने कई बार नोटिस देने के बाद भी जब राशन स्टाक नही दिया तो जब पूर्ति निरीक्षक ने जांच की तो संबंधित के यहां सरकारी राशन नहीं मिला। सरकारी राशन की कालाबाजारी करने पर पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पूर्ति निरीक्षक अंकित अग्रवाल ने बताया कि करीब एक साल से राशन कोटा अनिमितता के कारण निलंबित चल रहा था। संबद्ध कोटेदार के यंहा राशन स्टाक देने के निर्देश दिए गए थे। एक साल बाद भी स्टाक नही दिया। जब जांच की गई तो स्टाक नही मिला। इस पर उसके खिलाफ कालाबाजारी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

# आरोपी बोला-पुलिस ने आंख पर पट्टी बांध मार दी गोली

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- मुठभेड़ के बाद अदालत में किया गया पेश, वहां से रिहाई
- कोर्ट ने पुलिस की कहानी को ठहराया अविश्वसनीय

**अमृत विचार।** यह तो हर आम और खास व्यक्ति को पता है कि पुलिस की मुठभेड़ों कितनी सच्चाई होती है। ऐसे ही एक मामले में अदालत के सामने आरोपी ने पोल खोल दी जिसका नतीजा यह हुआ कि उसकी रिमांड निरस्त कर रिहा कर दिया गया।

दरअसल पुलिस ने दावा किया था कि लगभग एक पखवारे पहले गुरसहायगंज क्षेत्र में हुई टप्पेबाजी की घटना के आरोपियों को मुठभेड़ के बाद दबोच लिया गया। इसमें से एक आरोपी बाबुद्दीन पुत्र नजरूद्दीन उर्फ छोटेशाह (निवासी नौरंगाबाद, थाना रूरा, कानपुर देहात) और रूस्तम पुत्र सरवर अली (निवासी रावतपुर, कानपुर नगर) को वाहन चेकिंग के दौरान अनौगी जेल रोड से गिरफ्तार किया गया। घटना शुक्रवार तड़के की बताई गई थी जिसमें बाबुद्दीन की ओर से फायर किए जाने पर जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगने की बात कही गई थी। दोनों आरोपियों को शुक्रवार को ही अपर मुख्य न्यायाधीश श्रीमती स्नेहा के न्यायालय में पेश किया गया। खास बात यह रही कि यहां घायल बाबुद्दीन ने न्यायाधीश के सामने ही पुलिस की पोल खोल दी। उसने बताया कि पुलिस उसे घर से उठाकर लाई और आंखों पर पट्टी बांधने के बाद पैर में गोली मार दी। आरोपी की तरफ से पैरवी कर रहे अमित मिश्रा ने पुलिस की कहानी पर सवाल उठाए। कोर्ट ने पुलिस की मुठभेड़ की कहानी को अविश्वसनीय माना।स्नेहा ने घायल आरोपी बाबूद्दीन को रिहा करने का आदेश दिया, जबकि दूसरे आरोपी रूस्तम को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। साथ ही कोर्ट ने पुलिस अधीक्षक, कन्नौज को निर्देश दिया कि विवेचक के विरुद्ध पदीय कर्तव्यों की अवहेलना और विधिक प्रक्रियाओं की अनदेखी के लिए विभागीय जांच करवाई जाए।

# मक्का लदी ट्रैक्टर ट्रालियों के रेलमपेल से पूरे दिन रहा जाम

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- यातायात पुलिस की ड्यूटी पंपों पर होने से मदद को नहीं पहुचा कोई
- सरायमीरा बाईपास पर घंटों रेंगते रहे छोटे-बड़े वाहन, यात्री हुए परेशान




मंडी गेट के सामने जीटी रोड पर लगा मक्का लदी ट्रैक्टर ट्राली से लगा जाम।

**अमृत विचार।** मक्का की आवक अधिक होने से मंडी के सामने जीटी रोड पर पूरे दिन जाम लगता रहा। यातायात पुलिस पेट्रोल पंपों पर लगी होने से जाम खुलवाने के लिये कोई मदद करते नहीं दिखा।

तीन दिन से मौसम खुलने व तेज धूप निकलने से किसानों को खेत में खड़ी मक्का काटने व सुखाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं आ रही है। वह एक या दो दिन धूप दिखाने के बाद मक्का की फसल को मण्डी में बेंचने के लिये लेकर पहुंच रहे हैं। एक साथ सैकड़ों मक्का लदी ट्राली पहुंच रही हैं। खास बात तो यह है कि मण्डी में धर्म कांटा लगा होने के बाद भी किसान की मक्का की तौल यहां नहीं की जाती है। जब कि हाल ही में इस धर्म कांटे की क्षमता अधिक कराई गई है। इससे पहले आये दिन धर्मकांटा टूट जाता था। बाहर के धर्मकांटों पर तौल के कारण जाम लग रहा है। किसान पहले मक्का लदी ट्राली लेकर मण्डी पहुंचता है।

व्यापारी से भाव तय होने के बाद उसे बाहर के धर्मकांटे पर ले जा कर तौल कराता है। इसके बाद मण्डी में मक्का को उतारा जाता है। इसके बाद खाली ट्राली का वजन उसी धर्मकांटे पर कराया जाता है। इससे किसान को करीव एक से दो घंटे का समय लग जाता है। इससे अधिक संख्या में ट्रालियां एकत्र हो जाती है। खरीदी गई मक्का को आढती बडे व्यापारी के लिये ट्रकों पर लोड कराते हैं। इस कारण कई ट्रक भी पहुंचने से जाम की स्थिति बनती है। शनिवार को सैकड़ों मक्का लदी ट्राली पहुंचने से जीटी रोड से गुजरने वाले लोग जाम में फसे रहे। मण्डी सचिव का कहना है कि उनके गार्ड जाम खुलवाने में लगे रहते हैं।

## सार-संक्षेप

### मंदिर की जमीन पर खड़े पेड़ों में लगाई आग, एसपी से गुहार



एसपी कार्यालय में आये मां व बेटा।

**कन्नौज।** भूमि विवाद में मारपीट कर मंदिर की जमीन पर खड़े फलदार पेड़ों में आग लगा दी गई। इससे पेड़ जल कर नष्ट हो गये। पीड़ित ने एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया है। ठठिया थाना क्षेत्र के गांव थरिहार खैरनगर निवासी राधेश्री पत्नी वीरभान सिंह ने एसपी कार्यालय में दिये शिकायती पत्र में कहा कि उसने मंदिर का निर्माण कराया। इसकी भूमि पर उसने फल व फूलदार पेंड लगाये थे। इन पर फल आ रहे हैं। एक जून को गांव के ही निवासी कुछ लोग मंदिर की जमीन में खड़े पेंडों में आग लगा दी। इससे आम, अमरुद, नीबू, केला, नीम, गन्ना व फूलदार पेड़ जल कर नष्ट हो गये। जब उक्त लोगों से इस की शिकायत की तो उक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारदेने की धमकी देते हुए मारपीट पर अमदा हो गये। इससे पहले उक्त लोग घर में घुस कर पुत्र के साथ मारपीट कर चुके हैं।



छह माह से बकाया बिल न जमा करने वालों की छटनी करते बाबू।

### छह माह तक बकाया पीडी होगा बिजली कनेक्शन

**कन्नौज।** छह माह तक बिजली का बकाया बिल न जमा किया तो कनेक्शन की पीडी (स्थायी विच्छेदन) कर दी जायेगी। फिर नोटिस देने के बाद चेकिंग में कनेक्शन जुड़ा मिला तो बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी जायेगी। जुर्माना व बकाया बिल जमा कर दिया तो बिजली का उपयोग करने के लिये नया कनेक्शन लेना होगा। विभाग ने इस तरह के हजारों कनेक्शन पीडी कर दिये हैं। बिजली विभाग ने अब बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं के लिये नया नियम लागू कर दिया है। अब छह माह तक का बकाया बिल नहीं जमा किया तो विभाग की ओर से इस तरह के उपभोक्ताओं के कनेक्शन की पीडी कर दी जायेगी। इसके बाद बिल जमा करने के लिये नोटिस जाएगा। इसके बाद भी बकाया नहीं जमा किया जाता है और विभागीय अधिकारी को संबंधित के यहां कनेक्शन चालू मिलता है तो बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने का साथ जुर्माने की भी कार्रवाई होगी। जुर्माना जमा करने के बाद उपभोक्ता को नया कनेक्शन ऑनलाइन कराना होगा। इसके बाद वह बिजली का उपयोग कर सकेगा। अधिशाषी अभियंता मगन सिंह ने बताया कि इन झंझटों से बचने के लिये बकायेदार उपभोक्ता हर माह अपने बिजली बिल को जमा करते रहें। यदि एक या दो माह बिल जमा नहीं किया तो छह माह से पहले हर हाल में जमा कर दें।

### पैमाइश के लिए गए लेखपाल के साथ अभद्रता

**तिर्वा।** शिकायत निस्तारण के लिए गए लेखपाल के साथ दबंगों ने अभद्रता कर दी। जानकारी होते ही तहसीलदार के निर्देश पर लेखपाल ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी। शनिवार को ठठिया में आयोजित थाना समाधान दिवस में मुचुआपुर गांव निवासी किसान ने शिकायत पत्र देकर जमीन की पैमाइश कराने की मांग की। क्षेत्रीय लेखपाल अक्षय प्रताप उसका निस्तारण के लिए चले गए। पैमाइश के दौरान मौजूद किसान के विपक्षियों ने लेखपाल के साथ जमकर अभद्रता कर पैमाइश नहीं होने दी। लेखपाल ने मामले की जानकारी तहसीलदार अवनीश कुमार को दी। तहसीलदार के निर्देश पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी।



कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करते खाद, बीज व दवा विक्रेता। अमृत विचार

### खाद, बीज, दवा विक्रेताओं ने कलक्ट्रेट में दिया धरना

**कन्नौज।** एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन ने खाद, बीज व दवा बिक्रेताओं के उत्पीडन के खिलाफ अपनी दुकानें बंद कर कलक्ट्रेट में धरना दिया। इस के बाद मुख्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। बाद में तिर्वा क्रासिंग पर एक सम्मेलन आयोजित किया गया। शनिवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के बाद एसोसिएशन की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी को दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि कृषि विभाग की ओर से खाद, बीज व कीटनाशक दवा के व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। लाइसेंस निलंबित या निरस्त करने समेत ईसीए की धारा 3/7 की कार्रवाई की जा रही है। इसी को लेकर पूरे प्रदेशके व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिये हैं। कहा कि उर्वरक निर्माता कंपनियों की ओर से यूरिया 242 से लेकर 246 रुपये तक होलसेल को बिल किया जा रहा है। इस पर केवल पांच से छह रुपये भाड़ा दिया जाता है जब कि भाडा 25 से 30 रुपये का आता है। लोडिंग अनलोडिंग का भी 10 रुपये खर्च जात है। भारत सरकार के अनुसार कंपनियों को गोदाम तक खाद पहुंचाना चाहिये लेकिन वह नहीं पहुंचाते। विभाग की ओर से कीटनाशक की गुणवत्ता पर सवाल उठाकर लाइसेंस निलंबित की जा रही है। जब कि उनकी सेल लखनऊ से होती है। सभी के गोदाम वहीं पर हैं। इसी तरह के कई बिंदुओं को रखा गया। इस मौके पर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अंकुर वर्मा, गिरजेश मिश्रा, दिनेश कटियार, रतन सिंह भदौरिया समेत सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

# बनते ही उखड़ी सड़क, भड़के असीम

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



नई सड़क की दुर्दशा देखते समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

- एक सप्ताह के भीतर दोबारा न बनाने पर कार्रवाई की चेतावनी

**अमृत विचार।** विकास कार्यों में खाने-कमाने का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसी ही एक नई बनी सड़क बनते ही जर्जर हो गई है जिसे देख सदर विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण भड़क गए और एक हफ्ते में दोबारा बनाने के साथ ऐसा न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

मंत्री ने शनिवार को वछज्जापुर से मीरपुर के बीच नव निर्मित सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरावन पाया कि नव निर्मित सड़क का एक भाग पूरी तरह से उखड़ गया है जिससे इसकी हालत बेहद जर्जर हो गई है। गिट्टी उखड़कर पूरी तरह से बाहर आ गई है, जिससे सड़क काफ़ी पहले की बनी हुई लग रही है। नई सड़क की ऐसी हालत देख मंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से नाराज़गी जताई। साथ ही ख़राब बनी सड़क का पुनः निर्माण एक सप्ताह के भीतर करवाने का निर्देश दिया। मंत्री ने अधिकारियों और ठेकेदार को चेतावनी देते हुए कहा कि एक सप्ताह में सड़क का निर्माण पुनः नहीं हुआ तो सख़्त कार्रवाई होगी।

इसके अतिरिक्त उन्होंने मीरपुर में नवनिर्मित पानी की टंकी का निरीक्षण कर ग्रामीणों से बातचीत की। मंत्री ने इस मौके पर कहा कि टंकी के निर्माण से न सिर्फ साफ जल मिलेगा बल्कि जलजनित बिमारियों से भी मुक्ति मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि टंकी से दिन में दो-दो बार पानी की आपूर्ति की जाती है। इससे काफी सहूलियत हो गई है।

# राजकीय में 8, एडेड में 2 शिक्षकों के हुए तबादले

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अंतरजनपदीय तबादले के तहत 7 अध्यापक हो गए राजकीय स्कूलों के रिलीव
- जनपद में महज 2 शिक्षक ही समधन व मित्रसेनपुर के लिए भेजे गए

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित राजकीय स्कूलों के 8 और शासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) के 2 अध्यापकों का तबादला गैर जनपद हो गया है। राजकीय विद्यालयों से 7 शिक्षक रिलीव भी हो गए हैं।

इन दिनों शिक्षा विभाग में तबादलों का दौर चल रहा है। पहले से ही जिले में शिक्षकों की कमी से जूझ रहे राजकीय इंटर कॉलेजों व राजकीय हाईस्कूल से 8 अध्यापकों ने मनचाहे जनपदों के लिए स्थानांतरण करा लिया है। इसके लिए उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किए थे। इसमें 1 शिक्षक ही रिलीव होने बाकी हैं। शनिवार को एडेड विद्यालयों की भी सूची जारी हो गई। कुल 4 शिक्षकों के आवेदन फारवर्ड किए गए थे, जिसमें से शालिनी व विनीत के नाम पर ही निदेशालय से मुहर लग सकी है। प्रभारी डीआईओएस पप्पू सरोज ने बताया कि सहायता प्राप्त विद्यालय के शिक्षकों की तबादला सूची आ गई है। जनपद के 2 शिक्षकों को ही इसका लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हुई है। दूसरी ओर समधन के राजकीय इंटर कॉलेज में 1 शिक्षक ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। मित्रसेनपुर के राजकीय हाईस्कूल में 1 अध्यापक का कार्यभार ग्रहण करना है।

**उठे सवाल** — आउटसोर्सिंग भर्तियों में कुछ आलाअफसरों की 'कृपा' से मिला 'अभयदान'

# न तो हुई जांच और न कार्रवाई, रुखसत हुई डीपीओ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कार्यक्रम में पहुंचे डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी व डीपीओ इरा आर्या। अमृत विचार

- चाइल्ड लाइन की भर्ती में जिन पर लगे आरोप, वही शामिल हुए विदाई में

**अमृत विचार।** महिला कल्याण विभाग में आउटसोर्सिंग के तहत हुई भर्तियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पर आलाधिकारी चुप्पी साध गए हैं। कुछेक आलाअफसरों की 'कृपा' से जिला प्रोबेशन अधिकारी को 'अभयदान' मिल गया। इसलिए उनके खिलाफ न तो काई जांच कराई गई और न ही कार्रवाई हुई। करीब 2 सप्ताह देरी से वह रिलीव हो गईं।

शहर के विनोद दीक्षित अस्पताल परिसर में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर सभागार में कर्मचारियों ने ही डीपीओ इरा आर्या का विदाई कार्यक्रम रखा। अपनी कार्यशैली व मनमानी को लेकर सुर्खियों में रहने वाली जिला प्रोबेशन अधिकारी ने शासन में पैरवी कर 14 जून को अपना तबादला रामपुर के लिए करा लिया। शिकवा-शिकायतों के बाद 27 जून को उन्होंने अपना चार्ज जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह को सौंप दिया। चाइल्ड लाइन में हुई भर्तियों में दो सगे-संबंधियों को उन्होंने चयन कमेटी में खुद रहते हुए नौकरी दे दी। इस चयन कमेटी के अध्यक्ष प्रभारी सीडीओ/ डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी थे, जो विदाई कार्यक्रम में भी शामिल हुए। डीडीओ का तबादला भी फर्रुखाबाद में डीसी स्वतः रोजगार के रिक्त पद पर हो चुका है लेकिन वह अभी यहीं डटे हैं। इसका कारण अब तक किसी अफसर की तैनाती कन्नौज में नहीं हुई है।

डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर महेंद्र प्रताप सिंह ने जिला प्रोबेशन अधिकारी का कार्यभार ले लिया है, वह भी विदाई कार्यक्रम में शामिल हुए। शनिवार को इरा आर्या ने रामपुर में कार्यभार भी ग्रहण कर लिया।

# जिलास्तरीय प्रदर्शनी की तैयारियां शुरू

**कन्नौज।** प्रभारी डीआईओएस पप्पू सरोज ने जारी किए पत्र में बताया कि इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत 26 जुलाई को सुबह 10 बजे से जेपी स्कूल में जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी लगेगी। इसमें इंस्पायर अवार्ड मानक योजना वर्ष 2023-24 के 12 और 2024-25 के 13 छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे। प्रभारी डीआईओएस ने सीबीएसई व यूपी बोर्ड के 16 माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापकों व प्रधानाचार्य को पत्र जारी कर कहा है कि 21 से 29 जुलाई के बीच प्रदर्शनी लगाने के निर्देश मिले हैं, उसी के तहत 26 जुलाई का कार्यक्रम तय हो गया है। 29 जुलाई को प्रदर्शनी में फर्रुखाबाद जनपद भी कन्नौज में शामिल होगा। चयनित विद्यार्थियों के बैंक खाते में मॉडल या प्रोजेक्ट बनाने के लिए 10 हजार रुपये भेजे जाएंगे।




# राशन कार्ड की जांच में अपात्रों का बोलबाला, मृतक भी ले रहे राशन!

## अमृतपुर के कुम्हरौर एवं खुशाली नगला में राशन वितरण में धांधली, अपात्र ले रहे लाभ

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- जांच अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंच जानी हकीकत
- पता चला बंदूकधारी भी इस योजना का लाभ उठा रहे थे

**अमृत विचार।** अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खुशाली नगला के प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र ने कुम्हरौर एवं खुशाली नगला में राशन वितरण को लेकर अवैध रूप से संचालित अपात्र लोगों के राशन कार्ड की शिकायत की थी।

जांच अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। परियोजना अधिकारी कपिल कुमार डीएसओ सुरेंद्र सिंह यादव, पूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी शामिल थे। इन लोगों ने शिकायती पत्र पर ध्यान देते हुए दोनों गांवो में पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत जांच के दौरान सही दिखने लगी। जिसमें ऐसे पति-पत्नी थे जिनमें दोनों लोगों के ही राशन कार्ड बने हुए थे। बंदूकधारी भी इस योजना का लाभ उठा रहे थे। बड़े-बड़े दो मंजिला मकान में रहने वाले लोग सरकार के द्वारा गरीबों को दिया जाने वाले राशन पर खुलेआम डकैती डाल रहे थे और तो और उन लोगों को भी राशन मिल रहा था जिनका 5 वर्ष पहले देहांत हो चुका था। उजागर व रामशरण शामिल हैं। सुरेंद्र के पास बंदूक, सुमन लता एवं उनके पति ओमकार दोनों लोगों के नाम राशन कार्ड सुनैना के पति बीएएमएस डॉक्टर सोनपाल बंदूकधारी मीरा देवी के पति और उनके नाम राशन कार्ड सुखदेवी और अंशु देवी भी अपात्र की श्रेणी में आए। पूर्व प्रधान के बेटे सत्येंद्र के नाम भी राशन कार्ड पाया गया। जांच अधिकारियों ने मौके पर जब इन चीजों को खंगाला तो 15 से अधिक ऐसे राशन कार्ड पाये गए जो की पूर्ण रूप से गलत थे। बाकी और राशन कार्डों की जांच के लिए उन्होंने तैयारी शुरू कर दी। यहां के ग्राम प्रधान ने आरोप लगाते हुए बताया कि कोटेदार की सहमति से यह लोग अपना राशन कार्ड गलत तरीके से बनवा लेते हैं और फिर गरीबों में वितरण किए जाने वाले राशन कार्ड पर खुलेआम डकैती डालते हैं। ऐसा ना हो सके इसलिए उच्च अधिकारियों की जांच ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। यह तो एक बानगी भर थी। अगर इसी तरीके से जांच की जाए तो राजेपुर ब्लाक क्षेत्र के सैकड़ों गांव ऐसे होंगे जहां राशन लेने वाले लोग अपात्र मिलेंगे। बहुत से राशन प्राप्त करने वाले उपभोक्ता ऐसे हैं जो इस राशन का प्रयोग अपने परिवार की जीविका चलाने के लिए नहीं बल्कि दुकानों में जाकर इसे बेच देते हैं और उससे धन कमाते हैं या फिर यही अनाज उनके जानवर बड़े ठाठ से खाते हैं। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र के इन गांवो में ऐसे भी गरीब लोग निवास करते हैं जो कि सरकारी राशन प्राप्त करने के सही हकदार हैं। लेकिन पहुंच ना होने के चलते ना तो उनके राशन कार्ड बन पाते हैं और ना ही उन्हें उनके हिस्से का राशन मिलता है।

# आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने में कई पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश में 25 से 28 जून 2025 तक जनपद में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सतर्क दृष्टि रखते हुए धार्मिक,जातिगत एवं साम्प्रदायिक आपत्तिजनक पोस्ट के नियन्त्रण हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में जनपद भर में पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि थाना अमृतपुर क्षेत्रान्तर्गत इस्टांग्राम यूजर सीटू यादव निवासी ग्राम गुजरपुर पमारान थाना अमृतपुर द्वारा अपनी इंस्टाग्राम आईडी से आपत्तिजनक टिप्पणी करने के सम्बन्ध में थाना अमृतपुर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया। आरोपी सीटू यादव का चालान कर न्यायालय भेजा गया। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्रान्तर्गत अर्जुन सिंह निवासी ग्राम अवन्तीबाई नगर नगला किसानन कस्बा व थाना मोहम्मदाबाद के सोशल मीडिया फेसबुक अकाउंट द्वारा पूरे ब्राह्मण समाज को गन्दी-गन्दी गालियां देना व पूरे समाज को आहत व आक्रोशित करने वाले सोशल मीडिया वक्तव्य से जातीय उन्माद फैलाने के सम्बन्ध में कोतवाली मोहम्मदाबाद पर तत्काल बीएनएस व आईटी एक्ट बनाम अर्जुन सिंह के विरुद्ध पंजीकृत किया गया है ।आरोपी अर्जुन के मोबाइल नम्बर की सीडीआर निकलवाई जा रही है। गिरफ्तारी हेतु टीम बनाकर दबिश दी जा रही है। आरोपी अर्जुन को शीघ्र गिरफ्तार कर कार्यवाही की जा रही है । थाना शमसाबाद क्षेत्रान्तर्गत ट्विटर यूजर कृष्णा यादव निवासी ग्राम जैतपुर शरीफपुर छिछनी थाना शमसाबाद द्वारा अपनी ट्विटर आईडी से आपत्तिजनक टिप्पणी करने के सम्बन्ध में थाना शमसाबाद पर तत्काल बीएनएस पंजीकृत किया गया। आरोपी कृष्णा यादव का चालान कर न्यायालय भेजा गया।

## सार-संक्षेप



खाद एवं बीज व्यापारी कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए । अमृत विचार

### व्यापारियों ने नगर मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

**फर्रुखाबाद** ।जनपद के पेस्टिसाइड, फर्टिलाइजर और बीज के सभी डिस्ट्रीब्यूटर और डीलरों ने अपनी बात करने के लिए शनिवार को दर्जनों व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल को दिया है । नगर मजिस्ट्रेट ने व्यापारियों को आश्वासन दिया है कि वह इस समस्या से प्रदेश सरकार और संबंधित विभाग को पत्र लिखकर अवगत कराया जाएगा।उन्होंने कहा कि फर्टिलाइजर कंपनियां व्यापारियों से कमिटमेंट कर रही हैं और कोई अनलीगल वस्तु लगाकर ओवरटेकिंग की जाती है । इससे फर्टिलाइजर पेस्टिसाइड और बीज परअसर पड़ रहा है ।

### बाइक में ईरिक्शा ने मारी टक्कर, पिता की मौत, बेटा घायल

**फर्रुखाबाद** ।थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव जानिया निवासी कोल्ड स्टोर में काम करने वाले एक व्यक्ति की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई।बरसात में उसका बेटा घायल हो गया।विवरण के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव निवासी राहुल पुत्र राकेश सावित्री कोल्ड में कार्यकर्ता था।वह अपने काम से घर वापस लौट के आया और गांव करनपुर दावत खाने के लिए बाइक से जा रहा था।रास्ते में ई-रिक्शा ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे पिता राहुल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।उसके साथ जा रहा उसका पुत्र रूद्र घायल हो गया।

### महिला की बिजली करंट लगने से मौत

**फर्रुखाबाद** थाना कमालगंज के ग्राम कोहनी नगला निवासी मदूसूदन वर्मा की 35 वर्षीय पत्नी सपना बीती रात लगभग 3 बजे अपने घर में ही टिन शेड में सो रही थी| उसी दौरान वह उठी तो उसने टिन का पाइप हाथ से पकड़ा।उसी दौरान लोहे के पाइप में उतरे बिजली करंट से सपना गंभीर हो गयी| परिजन रात में ही उसे लेकर सीएचसी कमालगंज पंहुचे जहां डॉ. विकास पटेल ने मृत घोषित कर दिया।




व्यापारियों को सम्मानित करते जिला अधिकारी । अमृत विचार

### 14 व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद** ।अमृत विचार।दानवीर भामाशाह की जयंती के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित व्यापारी कल्याण दिवस पर जनपद के सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारियों, किसान, सहकारी चीनी मिल्स कायमगंज जी एम, आशुतोष त्रिपाठी माँ विंध्यवासिनी कंस्ट्रक्शन को भामाशाह सम्मान व 14 अन्य व्यापारियों को सबसे ज्यादा कर देने के लिये भामाशाह प्रमाणपत्र प्रदान कर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।इस दौरान लखनऊ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा जनपद की प्रमुख व्यवसायी मिथलेश अग्रवाल का सम्मान किया गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

**फर्रुखाबाद** ।थाना क्षेत्र के कमालगंज के सुल्तानपुर निवासी एक व्यक्ति के ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की।विवरण के अनुसार थाना क्षेत्र कमालगंज के गांव सुल्तानपुर निवासी विल्सन बुद्ध पुत्र स्वर्गीय रामशरण जो कि शराब पीने का आदी था।गत रात्रि कमालगंज से शराब लेकर घर वापस जा रहा था, रास्ते में उबरी खेड़ा के पास विल्सन ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई।

### लोहे का दरवाजा टूटकर गिरा, वृद्धा की दबकर मौत

**फर्रुखाबाद** ।जहानगंज थाना क्षेत्र में लोहे का दरवाजा खोलते ही वृद्धा के ऊपर गिर गया| जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी| परिजन उसे लोहिया अस्पताल लेकर पंहुचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया|थाना क्षेत्र के ग्राम जहानगंज निवासी 62 वर्षीय गंगाश्री पत्नी स्वर्गीय टीकाराम ने मुख्य द्वार को खोला जिससे अचानक दरवाजे का बुश टूट गया और लोहे का भारी दरवाजा गंगाश्री के ऊपर गिर गया| गंगाश्री गंभीर रूप से घायल हो गईं।परिजन तत्काल उन्हें लोहिया अस्पताल लेकर पंहुचे जहां मृत घोषित कर दिया|

### शौच करने जा रहे युवक की वाहन की टक्कर से मौत

**कायमगंज**।कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई।सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।जनपद शाहजहांपुर के जलालाबाद थाना क्षेत्र निवासी रूपम (28) कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग पर सियाराम पेट्रोल पंप के निकट स्थित गंगवार ढाबा पर काम करता था।रात वह लगभग 3 :30 बजे शौच करने के लिए सड़क पार कर रहा था।तभी अज्ञात वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### करंट की चपेट में आने से वृद्ध की गई जान

**उरई**।रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम खैरई निवासी लल्लूराम 70 वर्ष शनिवार की सुवह गर्मी लगने के कारण फर्राटा पंखा की तार बोर्ड में लग रहे थे।उसी समय उन्हें अचानक करंट लग गया, जिससे वह गंभीर रुप से झुलस कर गिर गए।पड़ोसियों द्वारा उन्हें तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा ले जाया गया, जहां पर जांच पड़ताल के बाद डाक्टरों ने उन्हें मृत घोपित कर दिया।

# डीएम ने कुठिला झील का लिया जायजा

संवाददाता अमृतपुर



कुठिला झील का निरीक्षण करते जिला अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने अमृतपुर तहसील के फर्रुखाबाद बदायूं मार्ग पर स्थित कुठिला झील का निरीक्षण कर जायजा लिया ।झील के विकास के लिए योजना तैयार कर मातहतों को निर्देशित किया। 57 बीघा के क्षेत्रफल मे फैली कुठिला झील को पर्यटक स्थल के रूप मे विकसित करने के उद्देश्य से अधिकारियों ने मंथन शुरू कर दिया है।

जिलाधिकारी ने वन विभाग, पर्यटन विभाग, और राजस्व विभाग के साथ कुठिला झील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान झील में जलकुंभी देखकर जिलाधिकारी ने झील की साफ सफाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जल्द ही यहां होम स्टे की सुविधा मिलेगी। पक्षी विहार के रूप में इस झील को विकसित किया जायेगा। जिससे आने वाले पर्यटक यहां की सुंदरता को देख सकें और यहां ठहर सकें। इस झील को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कई बदलाव किए जाएंगे। झील की सुंदरता बढ़ाने के लिए झील के चारों तरफ फल और फूलदार पौधों की बाड़ लगाई जाएगी। झील पर लाइट की बेहतर व्यवस्था की जाएगी जिससे आने वाले पर्यटक रात्रि में भी झील की सुंदरता का आनंद ले सकें। झील के अंदर पक्षियों के बैठने के लिए टीले बनाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शीघ्र ही कुठिला झील को विकसित करने के लिए कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम अतुल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अनवर अली ,पर्यटन विभाग की दीप्ती बख्श, वन विभाग के अनूप सिंह, प्रधान रामबरन आदि मौजूद रहे।

# झमाझम बारिश से मिली गर्मी से राहत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- बारिश से नगर पालिका की पोल भी खुल गई
- नगर के तमाम मोहल्लों में जल भराव व नालियां चोक हो गईं

**अमृत विचार।** भारी गर्मी के बाद हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया हालांकि पहली बारिश में नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल खुलती नजर आई और नगर के तमाम मोहल्लों में जल भराव से लोगों को रूबरू होना पड़ा। गर्मी से राहत की कीमत पर नागरिकों को यह जल भराव भारी नहीं पड़ा बल्कि लोगों ने बरसात के बाद बदले हुए मौसम का जमकर लुल्फ उठाया। पिछले कई दिनों से भारी उमस और भीषण गर्मी पड़ रही थी जिसके चलते लोग बेचैन थे।

शनिवार को दोपहर में हुई झमाझम बरसात ने लोगों को चैन की सांस लेने का मौका दिया। उधर शहर के हालात की बात करें तो मोहल्ला नई बस्ती, इस्माइलगंज सानी, बाग कूंचा , छक्का नाजिर कूंचा, स्टेट बैंक वाली गली, खड़हाई, नाला सिमत सुमाल, बजरिया, बीबीगंज, भीकमपुरा, घोड़ा नख़ास जैसे तमाम ऐसे मोहल्ले रहे जिनमें जल भराव हो गया जिससे लोगों को भरे हुए पानी से घुसकर आवागमन करना पड़ा।

नागरिकों ने मांग की है कि जब तक मानसून आए तब तक नगर पालिका को शहर के नाले व नालियों की सफाई करवा देनी चाहिए ताकि भारी बरसात के मौसम में लोगों को जल भराव की समस्या का कम से कम सामना करना पड़े और लोगों का नुकसान भी न हो।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा

**फर्रुखाबाद** । एक से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले दस्तक अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मे जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि माइक्रो प्लान प्राप्त हो गया है,जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि सभी अस्पतालों में डेंगू, मलेरिया वार्ड बनाये जाएं, ड़ेंगू मलेरिया पाये जाने पर उसका उपचार तत्काल कराया जाये, सभी जगह दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था हो, सभी घरों में ओ आर एस के पैकेट उपलब्ध कराए जाए, अभियान का शुभारंभ सभी तहसील व ब्लॉक पर किया जाये।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, जिला विकास अधिकारी व संवंधित मौजूद रहे।

# गुणवत्तापूर्ण तरीके से हो शिकायतों का निस्तारण

संवाददाता, कालपी जालौन

- डीएम-एसपी की मौजूदगी में आयोजित हुआ समाधान दिवस
- समाधान दिवस में आईं मात्र सात शिकायतें

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार की मौजूदगी तथा जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। । जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्दे शित किया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से समाधान किया जाये।

शनिवार को कोतवाली परिसर में पुलिस तथा राजस्व कर्मचारियों की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व सम्बन्धित मामलों को लेकर सबसे ज्यादा शिकायतें प्रस्तुत की गईं । शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की हर शिकायत को गंभीरता से सुना जाए और उसका निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए।

पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने भी जनसमस्याओं की सुनवाई के दौरान कई मामलों में तत्परता दिखाई और पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पीड़ितों की शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी व निष्पक्ष किया जाए।थाना दिवस के दौरान भूमि विवाद, आपसी रंजिश, घरेलू हिंसा, अवैध कब्जे, रास्ता अवरोध और अन्य संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से कई मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुरौती में पति से हुए मामूली विवाद के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

माधौगढ़ के कुरौती निवासी रागनी 30 वर्ष का पति संजीव चौधरी से शुक्रवार की शाम को किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके वाद पति कहीं घर से वाहर निकल गया, तभी रागनी ने गुस्से में आकर घर के कमरे में लगी लकड़ी की बल्ली से फांसी लगाकर जान दे दी। पति घर पहुंचा तो उसने पत्नी को फांसी के फंदे पर लटका देखा, तत्काल घटना की जानकारी परिजनों को दी। घटना के वाद मची चीख पुकार सुन गांव के लोग एकत्र हो गए और उन्होंने मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरु कर दी। खवर मिलने पर पहुंचे मृतका के भाई हुसेपुरा जागीर निवासी भूरेलाल ने कोतवाली पहुंच कर पति संजीव चौधरी व चाची खुशवू द्वारा उत्पीड़न करने का आरोप लगाया।

# अल्लाह ने बहदानियत का डंका बजाने के लिए नबियों को भेजा

कार्यालय संवाददाता उरई

- मोहल्ला तिलक नगर के बरकाती ग्राउंड में कार्यक्रम
- शुक्रवार की रात पैगाम-ए-शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस हुई

**अमृत विचार।** मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से मोहल्ला तिलक नगर के बरकाती ग्राउंड में दस दिवसीय कार्यक्रम की पहली महफिल पर शुक्रवार की रात पैगाम-ए-शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। हजरत मजहर मियां चिश्ती की सदारत में कॉन्फ्रेंस का आगाज तिलावते कलाम पाक से हाफिज फजले अजीम ने किया।

कॉन्फ्रेंस में सैय्यद आमिर मियां बादा ने तकरीर की। कहा, अल्लाह ने नबियों को बहदानियत का डंका बजाने के लिए भेजा। कहा, कुरआन पूरी इंसानियत के लिए हिदायत का जरिया है। इसे पढ़ें, समझें और इसकी बातों पर अमल करें। झूठ, शराब और गुनाहों से बचें। बुराई से रिश्ता नहीं रखें। नमाज पढ़ते रहना है, कुरआन पढ़ते रहना है। कहा, हमें इस मुल्क से मोहब्बत है। सबसे पहले हजरत आदम दुनियां में तशरीफ लाए। फिर हजरत शीश भी आए। हजरत जिबराइल फरिता नबियों के पास आते रहे। शायर कलीम दानिश ने पढ़ा, जो तुमसे रखता है हसद उमर फारूक, खुदा की पा नहीं सकता मदद उमर फारूक। इस अवसर पर अब्दुल वहाब, अब्दुल रज़्ज़ाक़, कामिल बेग, मकसूद, आकिल बेग, इरशाद निज़ामी, आसिफ बेग, तौसीफ, वामिक बेग, रफ़ीउद्दीन पंन्नू, रिज़वान सिद्दीकी, दानिश, तारिक, आदि लोग उपस्थित रहे।



जलसे को सम्बोधित करते सैय्यद आमिर मियां व मौजूद अन्य लोग।

**निरीक्षण** डीएम-एसपी ने नगरीय क्षेत्र का किया स्थलीय निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

# बारिश के मद्देनजर ठीक से की जाये नालों की सफाई

संवाददाता, कालपी जालौन



नगरीय क्षेत्र कालपी का स्थलीय निरीक्षण करते जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम को मद्देनजर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने द्वारा कालपी नगर में जलनिकासी तथा नालों की सफाई कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नालों की समुचित सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव, अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के साथ जिलाधिकारी ने हाईवे बाईपास सर्विस लेन, राम चबूतरा नई बस्ती कालपी का निरीक्षण किया। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि विशेषकर नगरीय क्षेत्रों में समयबद्ध ढंग से सभी प्रमुख व उप-नालों की सफाई पूरी की जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर में चल रही सफाई का एसडीएम सत्यापन करेंगे।

यह सुनिश्चित किया जाए कि जल निकासी में कोई बाधा न रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बारिश से पहले सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं, ताकि जनमानस को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कालपी की सफाई व्यवस्था पर जिलाधिकारी ने संतोष जताया।

# खेत में जहरीले कीड़े के काटने से किसान की मौत

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वोहदपुरा में खेत की बुआई करते समय किसान को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वोहदपुरा निवासी 42 वर्ष धर्मेंद्र कुमार पुत्र वृजलाल शुक्रवार की दोपहर के खेत पर गया था। जहां पर वखराई के साथ ही खेत पर तिल बोआई का काम चल रहा था। इसी दौरान उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिसके वाद वह खेत की मेड़ पर ही गिर गया और उसकी मौत हो गई। देर शाम अन्य किसान खेत पर पहुंचे और उन्होंने किसान को आवाज दी लेकिन कोई उत्तर न मिलने पर वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि उसकी मौत हो चुकी थी।

# कालपी में चयनित 27 स्थानों पर पांच लाख पौध पहुंचाने का कार्य जोरों पर

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार के निर्देशन पर पौधरोपण कार्यक्रम -2025 को सफल बनाने के उद्देश्य से वन रेंज कालपी के अंतर्गत विभिन्न वन ब्लाकों के 27 चयनित स्थलों में कई नर्सरियों से पौधे पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार ने बताया कि पौधरोपण अभियान -2025 को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए विभाग के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है । वन दरोगाओं महेंद्र कुमार, मुन्ना सिंह चौहान, वन रक्षक हरिओम व नरेंद्र सिंह के द्वारा अलग-अलग स्थानों में पर्यवेक्षक कार्य शुरू कर दिया गया है। वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रेंज के अलग-अलग वन ब्लाकों में 27 स्थलों को चयनित किया गया है। व्यास पौधशाला, सुल्तानपुर पौधशाला सहित 4 नर्सरियों से सभी 27 स्थलों में बबूल, खैर, सागौन, कंजी, शीशम, चिलबिल आदि प्रजातियों की 5 लाख पौधे भेजने का कार्य चल रहा है। वन क्षेत्राधिकारी केअनुसार रेंज की 450 हेक्टेयर भूमि में पौध रोपित करने का लक्ष्य वन महोत्सव कार्यक्रमों में किया जाएगा।



वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार कर्मचारियों को निर्देश देते हुए। अमृत विचार

# वृद्धावस्था पेंशनर्स का मांगा ब्योरा

## जन कल्याण योजनाओं की बैठक में डीएम ने सत्यापन की मांगी रिपोर्ट

**कार्यालय संवाददाता इटावा**



बैठक में जन कल्याण योजनाओं की समीक्षा करते डीएम शुभ्रान्त शुक्ल। अमृत विचार

- जिलाधिकारी ने बैठक में मातहतों को किया निर्देशित

**अमृत विचार** । जन कल्याण योजनाओं की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने वृद्धावस्था पेंशन को लेकर चर्चा की जिसमें उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी से पूछते हुए कहा कि कितने वृद्धावस्था पेंशनर्स का सत्यापन हुआ, कहां-कहां हुआ और कितना बाकी है।

जिसपर संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि 2024-25 में कुल लाभार्थी की संख्या 67224 है जिसमें मृतक और अपात्र की संख्या 6385 है एवं पात्र लाभार्थियों का 100 प्रतिशत सत्यापन कराया गया। नवीन चिन्हित 20909 हैं एवं वर्तमान में कुल लाभार्थी की संख्या 81748 है। जिलाधिकारी ने कहा कि जीरो पॉवर्टी के अंतर्गत परिवारों के कुछ सदस्यों का प्राथमिकता से फॉर्म भरवाकर उनको लाभ दिया जाए। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि योजनाओं पर समीक्षा की जाए एवं स्वयं जाकर देखा जाए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा बताया गया कि दिव्यांग पेंशन योजनान्तर्गत कुल 60 नवीन आवेदन प्राप्त हुए हैं साथ ही बताया कि जीरो पॉवर्टी योजना के पात्र पाए गए 47 दिव्यांगजन में से 25 लाभार्थियों के आवेदन आनलाईन कराए जा चुके है जिनमें से 17 आवेदन पत्रों को अनुमोदनोपरांत स्वीकृति भी की जा चुकी है एवं बताया कि मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजनान्तर्गत 10 लाभार्थियों हेतु बजट प्राप्त हुआ है। जिसपर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग उपकरणों से लाभार्थी के जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन आता है साथ ही कहा कि कैंप लगाकर मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल वितरण की जाए। उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी से कंप्यूटर ट्रेनिंग की स्थिति को लेकर पूछा एवं बच्चों को सुविधाएं प्राप्त कराने हेतु निर्देश दिए।

बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने पर पुलिस ने 11 को किया गिरफ्तार

**दांदरपुरा कांड**

**कार्यालय संवाददाता इटावा**

**अमृत विचार** । दांदरपुरा गांव में हुये कांड में सोशल मीडिया पर अनर्गल बयानबाजी करके माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर माहौल खराब करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी।

लोगों में पुलिस पर पथराव और हुयी कार्रवाई के चलते उपद्रवियों के फिर से आने की चिंता सता रही है। गांव में पुलिस व पीएसी के तैनात होने से कोई भी अराजकतत्व गांव की ओर नहीं गया। उधर पुलिस ने घटना के मास्टर माइंड आरोपी गगन यादव की गिरफ्तारी के भी प्रयास तेज कर दिये हैं। दांदरपुरा गांव में भागवत कथा कहने आये दो भागवताचार्यों के साथ गांव के लोगों ने जाति छुपाकर कथा कहने आने का आरोप लगाते हुये अभद्रता की थी। इसके बाद से बवाल बढ़ता गया और पुलिस पर पथराव तक किया गया। घटना को लेकर सोशल मीडिया पर जाति विशेष को लेकर एक समाज के लोग अनर्गल टिप्पणी करने में लगे हैं। उनके द्वारा की जा रही टिप्पणी व अनर्गल बयानबाजी से माहौल बिगड़ने की आशंका के चलते पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार किया है। पुलिस अब अन्य ऐसे लोगों की भी तलाश में जुटी है, जो सोशल मीडिया पर बयानबाजी कर रहे हैं। उधर 26 जून को हुये उपद्रव के मास्टर माइंड नेशनल रिफार्म्स आर्गनाइजेशन गगन यादव की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस की तैनाती व पीएसी की चौकसी से गांव के लोग कुछ राहत महसूस कर रहे हैं।




## सार-संक्षेप

### बर्फानी सेवा समिति के माध्यम से भेजा भंडारे का सामान

**लखना** । लखना के शिव भक्तों द्वारा बर्फानी सेवा समिति के माध्यम से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ जाने वाले यात्रियों के लिए एक ट्रक भंडारे का सामान भेजा गया है। राजू गुप्ता किराना स्टोर के नेतृत्व में एक ट्रक सामग्री जिसमें आटा, दाल, आलू ,मसाला ,नमक, पापे, डालडा, बेसन, मेवा,के अलावा खान पान की सभी आवश्यक चीज जो लगभग एक ट्रक थी। भंडारा भेजने वालों में राजू गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, फौजी इंद्र कुमार जैन ,स्वामी शरण श्रीवास्तव, अरविंद पोरवाल, नीरज गुप्ता, रामजी पोरवाल, गणेश दीक्षित मनु जैन, नितेश पोरवाल तथा सिद्धार्थ शामिल हैं।

### ट्रेन से गिरकर 14 वर्षीय बालक की गई जान

**भरथना** । थाना जीआरपी भरथना क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे ट्रेक पर किसी ट्रेन से गिरने से बिहार के एक बालक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अभिषेक 14 वर्ष पुत्र राकेश सिंह निवासी सूखी थाना सीतामणी बिहार किसी ट्रेन में यात्रा कर रहा था तभी वह भरथना रेलवे लाइन पर ट्रेन से गिर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**जसवंतनगर** । थाना क्षेत्र के रामलीला रोड स्थित नारायण धाम कॉलोनी में शनिवार को एक युवक का शव उसके घर में पंखे से लटका मिला। युवक की पहचान 32 वर्षीय गौरव कुशवाहा के रूप में हुई है, जो ड्राइवर का कार्य करता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने के साथ शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के छोटे भाई अमित कुशवाहा के बताया कि घटना के समय घर में कोई भी परिजन मौजूद नहीं था। गौरव के माता-पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। गौरव अविवाहित था और अपने भाई अमित तथा बहन ममता के साथ रहता था। ममता वर्तमान में दिल्ली में पढ़ाई के साथ एक निजी कंपनी में कार्यरत है। शव मिलने की खबर से स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई।

### वृद्धाश्रम में फल और खाद्य सामग्री की वितरित

**इटावा** । श्यामल सेवा समिति ने महेरा फाटक के पास स्थित सरोज वृद्धा आश्रम पर पहुंच कर वहां रह रहे वृद्ध लोगों को फल व अन्य खाद्य सामग्री भेंट की । समिति की अध्यक्ष श्यामला पांडे के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने वहां पहुंचकर वहां रह रहे वृद्ध जनों को आम , बिस्कुट व मिष्ठान का वितरित किया।

# खाद-बीज और कीटनाशक व्यापारियों का उत्पीड़न बंद हो

**कार्यालय संवाददाता इटावा**

**अमृत विचार** । एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष रवीन्द्र सिंह कुशवाहा व महामंत्री जगराम सिंह शाक्य के नेतृत्व में कचहरी में नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया।

ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में कृषि विभाग द्वारा खाद बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों पर लगातार छापे डालकर प्रताड़ित करके उनके लाइसेंस निलंबित किये जा रहे हैं। जिससे पूरे प्रदेश के व्यापारियों में भय का माहौल उतपन्न हो गया है। उर्वरक निर्माता कम्पनियों द्वारा यूरिया 242 से लेकर 246 तक होलसेलर का बिल किया जा रहा है इस पर केवल 4 से 5 रुपये ही भाड़ा दिया जा रहा है जबकि भाड़ा 25 से लेकर 30 रुपये तक आ रहा है और लोडिंग अनलोडिंग का भी 10 रुपये लग रहा है। भारत सरकार के नियमों के अनुसार सभी खाद रिटेलर के गोदाम तक एफओआर सुविधा के तहत पहुंचने चाहिए। इसके अलावा 30 से लेकर 40 प्रतिशत तक अन्य उत्पाद भी टेंडिंग किया जा रहा है, वह जबरन दिया गया अन्य उत्पाद व्यापारियों के गोदाम में पड़ा रह जाता है और उसके कारण व्यापारियों की लागत बढ़ती जा रही है। ऐसे में सरकार द्वारा निर्धारित रेट 266.50 पर यूरिया किसानों को कैसे दी जाये जब व्यापारी को मिल ही नहीं रही है। एसोसिएशन की मांग है कि हम सरकार और किसानों के साथ है हमें फर्टिलाइजर शासन द्वारा निर्धारित रेट में दिलाया जाये ।

# स्कूलों के बंद करने पर जताया रोष

**कार्यालय संवाददाता इटावा**



बैठक में बोलते हुए शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विनोद यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार** । उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सभी ब्लॉकों पर 30 जून को युग्मन (पेयरिंग) के नाम पर बंद किये जाने वाले परिषदीय विद्यालयों के ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों के साथ बैठक करेंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए विनोद यादव ने कहा बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा उ प्र बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन ऐसे विद्यालयों जिनमें नामांकित छात्रों की संख्या 50 से कम है, को बंद करते हुए किसी अन्य नजदीकी विद्यालय में पेयरिंग करने के आदेश जारी किये गए हैं। जनपद में बीएसए तथा बीई ओ द्वारा ऐसे विद्यालयों की सूची तैयार की जा चुकी है। इसके चलते कार्यसमिति ने यह निर्णय लिया है कि 30 जून को जिले के समस्त ब्लॉकों के अध्यक्ष व मंत्री द्वारा ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक कार्यसमिति के पदाधिकारियों, ब्लॉक संघर्ष समिति के पदाधिकारियों, सेवानिवृत्त् शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, बंद होने वाले विद्यालयों के ग्राम प्रधान तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं उक्त विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्रों के अभिभावकों के साथ एक बैठक आयोजित कर विभाग द्वारा विद्यालय बंद करने की प्रक्रिया से छात्रों एवम् शिक्षकों को होने वाली समस्या पर चर्चा करके आवश्यक निर्णय लिए जायेंगे।

बैठक में प्रमुख रूप से जिला मंत्री अजय तिवारी, सेवानिवृत्त शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश यादव, जिला संयुक्त मंत्री मुकेश यादव, जिला प्रचार मंत्री राज़दा खातून आदि मौजूद रहीं।

# व्यापारी को पीटकर 50 हजार रुपये ले जाने का आरोप

**बसरेहर** । थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत जालिमपुरा चौराहे पर दबंगों ने किराना व्यापारी के साथ दिनदहाड़े मारपीट कर दी। व्यापारी ने आरोप लगाया दबंग उसकी गोलक मे रखे पचास हजार रुपया भी निकाल ले गए। घुसू पुरा निवासी नितेश कुमार सरसई हेलू किराने की दुकान गांव से थोड़ी दूरी पर जालिमपुरा चौराहे पर है। वह दुकान पर बैठा था तभी दो बाइकों पर सवार होकर दबंग आए और मारपीट करने लगे। जानकारी होने पर गांव के लोग आए तब तक दबंग भाग गये रहे। दुकान दार ने पचास हजार रुपया गोलक से ले जाने का आरोप लगाया है। वहीं चौबिया थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि मामला मारपीट का है किसी बात को लेकर कहासुनी हुई है।

# छेड़छाड़ का आरोपी मुठभेड़ में घायल

**कार्यालय संवाददाता इटावा**



पकड़े गए आरोपी को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार** । सहसों थाना पुलिस ने शनिवार को एक मुठभेड़ के बाद किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी है। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

क्षेत्र के गांव भदौरिया का पुरा निवासी एक व्यक्ति की 15 साल की किशोरी को गांव के युवक परेशान करते थे। वह किशोरी पर फोन पर बात करने का दबाव बना कर उसे धमकी दे रहे थे। उनकी धमकी से परेशान किशोरी ने शुक्रवार को आग लगाकर जान देने की कोशिश की। बाद में पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

शनिवार को पुलिस उसकी तलाश में थी तभी मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी शिवम उर्फ लालू नदा गांव के पास मौजूद है। वह कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने उसकी घेराबंदी की तो पुलिस को देखकर उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने गोली चलाई तो एक गोली उसके पैर में लग गई और वह गिर पड़ा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक शिवम के पास से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है।

### अभद्र टिप्पणी करने पर युवती के खिलाफ मामला दर्ज

**बकेवर** । सोशल मीडिया पर जातिवर्ग को लेकर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवती के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उपनिरीक्षक विनीत पांडेय ने बताया कि मिडिया सेल के नंबर से एक वीडियो पुलिस को प्राप्त हुआ जिसमें जांच कर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश हुआ। विडियो की जांच की गई तो सोशल मीडिया पर प्रियंका निवासी बकेवर द्वारा डाले गए विडियो में वह एक जाति समुदाय पर अभद्र टिप्पणी कर रही है । सोशल मीडिया पर प्रियंका द्वारा डाले गए विडियो से शांति व्यवस्था भी प्रभावित होने की प्रबल संभावना हो गई थी। इसके चलते पुलिस ने उक्त युवती के खिलाफ आइटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# मनोज दीक्षित महासचिव और दीक्षा शुक्ला सचिव घोषित

**कार्यालय संवाददाता इटावा**



- जिला कांग्रेस कमेटी की हुई घोषणा पदाधिकारियों का किया गया स्वागत

**अमृत विचार** । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय एवं प्रभारी अविनाश पांडेय ने जिला कांग्रेस इटावा की कार्यकारिणी को फाइनल संस्तुति कर दी है। कमेटी में पांच उपाध्यक्ष, नौ महासचिव व एडवोकेट दीक्षा शुक्ला समेत चालीस लोगों को सचिव बनाया गया है।

जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व वाली जिला कांग्रेस कमेटी को संस्तुति के लिए प्रदेश कार्यालय भेजा गया था, जिसकी संस्तुति हो गई है। जिला कमेटी में कोषाध्यक्ष के पद पर आनन्द प्रकाश पोरवाल को जगह दी गई है। वहीं संजय दोहरे, राज बहादुर सिंह पाल, सतीश नागर, महेंद्र सिंह पाल, कृपा राम राजपूत को उपाध्यक्ष बनाया गया है। महामंत्री के रूप में मनोज दीक्षित, अनूप परमार, जितेंद्र सिंह पाल, अमित कुमार त्रिपाठी, मुकेश यादव , मोहन लाल प्रजापति, प्रभू दयाल शाक्य, सतीश शाक्य, आशा राम कठेरिया को जिम्मेदारी दी गई है। प्रवक्ता के रूप में वाचस्पति द्विवेदी व प्रेरणा जुबैरी को जिम्मेदारी दी गई है। सोशल मीडिया प्रभारी के लिये पदम दुबे को चुना गया है। वहीं एडवोकेट दीक्षा शुक्ला समेत 40 सचिवों के नाम पर मोहर लगाई गई है। जिला कमेटी के फाइनल होने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने घोषित पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया। सभी पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी निष्ठा के साथ निभायेंगे।

जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, पीसीसी मेंबर प्रशांत तिवारी, शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, मलखान सिंह यादव अनिल यादव, कुसुमलता उपाध्याय, अरशद अली, संजय तिवारी, सुनील पालीवाल, शौजब रिज़वी, आसिफ जादरान, कुलदीप शर्मा, सुनीता कुशवाह, सचिन शंकरवार, नरेंद्र यादव, अरुण यादव ने बधाई दी।

# सड़क दुर्घटना में युवक की गई जान, कोहराम

**कार्यालय संवाददाता इटावा**

**अमृत विचार** । थाना सहसों क्षेत्र के अंतर्गत पिपरौली गढ़िया के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार सत्य प्रकाश 45 वर्ष पुत्र राम लखन निवासी पाड़री थाना उमरी भिंड मध्य प्रदेश को थाना सहसों क्षेत्र के अंतर्गत पिपरौली गढ़िया के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर थाना सहसों पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

APPOINTMENT नियुक्ति

VARUN ARJUN UNIVERSITY

FACULTY REQUIREMENT

| Departments | Vacancies Open |
| --- | --- |
| Hospital Administration | Assistant Professor |
| Forensic Science | Assistant Professor |
| Computer Application | Assistant Professor |
| Department of Management | Assistant Professor |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to varunarjuntrust@gmail.com

Varun Arjun University, NH-24, Banthra, Shahjahanpur-242307 (UP) India




शहीद को सलामी देते सेना के जवान। अमृत विचार

# शहीद का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव, नम आंखों से दी विदाई

- पैतृक गांव में हुआ अंतिम संस्कार सेना के जवानों ने दी सलामी
- ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने से थमीं थीं सांसें

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** जम्मू में ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने से बीएसएफ जवान की सांसें गत दिनों थम गईं। शनिवार को जम्मू से पार्थिव शरीर उनके गांव पहुंचा तो शहीद के अंतिम दर्शन के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। कानपुर हेड क्वाटर से लेप्टिनेट सुनील कुमार व आरएन चौहान ने सैन्य सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी। इस दौरान हर किसी की आंखें नम नजर आईं।

शहीद संतोष यादव वर्ष 2002 में सेना में भर्ती हुए थे। 164 बटालियन जम्मू में तैनात थे। शनिवार सुबह सम्मान के साथ उनके पार्थिव शरीर को भरथना स्थित आवास पर लाया गया। यहां परिजनों और क्षेत्रवासियों ने नम आंखों से अंतिम दर्शन किए। इसके बाद पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव खुमानपुर ले जाया गया। जहां गांव में शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अपने साथी को अंतिम विदाई दी। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। हर कोई शहीद अमर रहें के नारों के साथ वीर जवान को अंतिम विदाई दे रहा था।

अछल्दा क्षेत्र के शहीद जवान संतोष यादव के अंतिम संस्कार में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इटावा सांसद जितेंद्र दोहरे, दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव, सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधियों ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर शहीद को अंतिम विदाई दी। सभी नेताओं ने परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की और सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। शहीद को अंतिम विदाई देने के लिए गांव में दर्शन के लिए हजारों की भीड़ उमड़ी रही।


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

# लापता बालक का शव तालाब में मिला, हत्या की आशंका

## फिरोजाबाद जिले के बजीतपुर गांव से बुआ के घर आया था

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** दो दिन पहले लापता हुए बालक का शव शनिवार सुबह गांव छछुंद के ही एक तालाब में उतराता मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है।


शिवा।


जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

थाना क्षेत्र में शिवा यादव (8) बजीतपुर जिला फिरोजाबाद से अपनी बुआ और भोले यादव (फूफा) के गांव गौतला में छुट्टियां बिताने के लिए आया था। शिवा 25 जून को जामुन खाने के लिए गया था। देर रात बुआ के घर वापस न आने पर परिजनों ने ढूंढने का प्रयास किया लेकिन कई पता नहीं चला। उसके बाद मृतक के फूफा ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। सुबह जब बड़े हनुमान मंदिर के पुजारी की नजर तालाब पर पड़ी तो देखा कि तालाब में शव उतराता दिखा।

मन्दिर के पुजारी ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकलवाया। परिजनों ने शव की पहचान शिवा के रूप में की। शव काफी फूला हुआ था, आशंका जताई जा रही है कि मौत दो दिन पहले ही हो गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के बड़े भाई दीपांशु (11) और छोटी बहन संकु (5) की है।

मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर पहुंचे सीओ पी पुनीत मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गुमशुदगी दर्ज होने बाद पुलिस ने सक्रियता से तलाश नहीं की है। फिलहाल चारों थानों को पुलिस फोर्स मौके पर तैनात है

# रवीन्द्र तोमर भाकियू भानू के राष्ट्रीय महासचिव बने

**औरैया।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानू प्रताप ने समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता रविन्द्र तोमर को संगठन का राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया है। राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किए जाने पर तोमर को चारों तरफ से बधाइयां मिलने का सिलसिला जारी है।

समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता रवीन्द्र सिंह तोमर को किसान यूनियन (भानू) का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया। किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने रवींद्र सिंह तोमर को इस आशय का मनोनयन प्रमाण पत्र एवं नियुक्ति पत्र जारी किया है। मनोनयन होने पर नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव रवीन्द्र सिंह तोमर ने किसानों के हितों पर प्राथमिकता देने व हर परिस्थिति में साथ खड़े होने की बात कही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व में उन्हें जो राष्ट्रीय महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है इसके निर्वहन के लिए वह सत्यनिष्ठा, कर्तव्य बोध, ईमानदारी व वफादारी से संगठन के हित में कार्य करते हुए जनता जनार्दन एवं किसानों के हित में जागरूक करने का हर संभव कार्य करेंगे।


एबीएसए को ज्ञापन देते ग्रामीण व अन्य। अमृत विचार



बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

# स्कूल मर्ज का विरोध, एबीएसए को ज्ञापन

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के कम नामांकन वाले परिषदीय स्कूल को पास के स्कूल में मर्ज करने की नीति का अधिकांशता गांवों में विरोध हो रहा है। ग्रामीण इस पर कतई तैयार नहीं हो रहे हैं कि उनके गांव से विद्यालय को खत्म किया जाये। अजीतमल ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रामनगर और प्राथमिक विद्यालय मलगवां मंदिर के ग्रामीणों ने कड़ा विरोध प्रदर्शन कर स्कूल बंद न करने की मांग की है।

शनिवार को प्राथमिक विद्यालय रामनगर और मलगवां मंदिर को को मर्ज करने के प्रस्ताव पर विद्यालय पहुंचे अभिभावकों ने कड़ा विरोध जताया। अभिभावकों ने सरकार की मर्ज करने की नीति को गलत बताया। ग्रामीणों द्वारा विरोध जताते हुये कहा कि पहले सरकार द्वारा प्रत्येक गांव में स्कूल खोला गया और बच्चों को पढ़ने की सुविधा दी गयी। लेकिन, अब दूसरे गांव में जाकर बच्चे पढ़ें ये कतई स्वीकार नहीं होगा।

ग्रामीणों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र अजीतमल पहुंचकर खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर विरोध जताने में प्रधान आशाराम, गोपाल गुर्जर, रघुराज सिंह, राजपाल सिंह, शिशुपाल सिंह, ममता देवी, लाल सिंह, मनोज कुमार, राम स्नेही, पिंटू गुर्जर, जितेंद्र गुर्जर, भोलू गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# खंड शिक्षाधिकारी बना रहे दबाव, मानक निर्धारित हो

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में स्कूलों के मर्ज करने के विरोध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

संगठन के जिलाध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव ने कहा कि स्कूल मर्ज में मानकों को ताक में रखकर स्कूल मर्ज किए जा रहे हैं। स्कूल मर्ज करवाने में विकास खंड स्तर से मनमानी की जा रही है और कुछ खंड शिक्षा अधिकारी शिक्षकों पर दबाव डालकर विद्यालय मर्ज के पक्ष में विद्यालय प्रबंध समिति का प्रस्ताव लाने को कह रहे हैं जो कि किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। इस प्रकार के मर्ज के आदेशों को संगठन स्वीकार नहीं करेगा। मांग कि छात्र संख्या का मानक निर्धारित किया जाये एवं खंड शिक्षा अधिकारियों की दबाव बनाने की कार्यशैली पर रोक लगाई जाये। ज्ञापन देने वालों में जिला मंत्री अरविंद राजपूत, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष अजीतमल दीपक दुबे मौजूद रहे।

# कीटनाशी विक्रेताओं के लिए सख्त निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी एवं अनुज्ञापन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने जनपद के समस्त कीटनाशी रसायन थोक व फुटकर विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए निर्देश जारी किए हैं कि वे कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं संशोधित नियम 1971 के तहत निर्धारित सभी प्रावधानों का पालन अनिवार्य रूप से करें।

उन्होंने बताया कि विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठान पर स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर व रेट बोर्ड अद्यतन रूप में रखना अनिवार्य है। साथ ही, प्रत्येक कृषक को कीटनाशी रसायन के साथ कैशमीमो व रसीद देना अनिवार्य है, जिसमें रसायन का बैच नंबर, उत्पादन तिथि एवं अवसान तिथि स्पष्ट रूप से अंकित होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया है कि कई विक्रेता किसानों को रसीद नहीं दे रहे हैं, जो नियमों का गंभीर उल्लंघन है। ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेताओं का लाइसेंस निलंबित व निरस्त किया जाएगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि केवल उन्हीं कंपनियों के रसायनों की बिक्री करें जिनका उल्लेख उनके लाइसेंस में सर्टिफिकेट में हो, अन्यथा यह नियमों के विरुद्ध माना जाएगा। वर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि ग्रो सेफ फूड अभियान का पोस्टर तथा लाइसेंस की प्रति प्रतिष्ठान पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए। निरीक्षण के दौरान इन दस्तावेजों की अनुपस्थिति पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृषकों से अपील की है कि वे रसायन खरीदते समय कैशमीमो अवश्य लें।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी से कैंसर का इलाज भी संभव

**औरैया।** शहर के लोगों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए इलेक्ट्रो होम्योपैथी का शुभारंभ शनिवार को हो गया। इस सेंटर का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश से आए डॉ. संजीव शर्मा एवं उत्तराखंड के चिकित्सक डॉ. आरपी सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने इलेक्ट्रो होम्योपैथी की विशेषताओं के बार में विस्तार से जानकारी दी।

शहर के फफूंद रोड पर शनिवार को इलेक्ट्रो होम्योपैथी सेंटर का शुभारंभ किया गया। जिसमें हिमाचल प्रदेश से आए चिकित्सक डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि इस पैथी से कैंसर तक का इलाज संभव है। सेंटर के संचालक डॉ. विजय सेंगर एवं डॉ. पूजा चौहान ने जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ. एनएस तोमर, डॉ. एस पी सिंह, डॉ. राजेश, डॉ. प्रदीप, डॉ. जसवीर कटियार आदि मौजूद थे।

# डीएम ने किया सीयू वेयर हाउस का निरीक्षण, साफ-सफाई के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुपालन में कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम, वीवीपैट, सीयू वेयर हाउस का त्रैमासिक आन्तरिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संबंधितों को निर्देशित किया कि सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा कर्मियों की निर्धारित समय के अनुरूप ड्यूटी सुनिश्चित की जाये, जिससे सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई लापरवाही दृष्टिगत न हो। साथ ही सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का संचालन देखते हुए निर्देशित किया कि सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रखा जाए, जिससे आने जाने वालों की गतिविधियां कैमरे में कैद हो सकें। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया कि कक्षों सहित परिसर की साफ- सफाई को दुरुस्त रखा जाए।



निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमर सिंह, तहसीलदार सदर रणवीर सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राविन्द्र, भाजपा जिला संयोजक सौरभ राजपूत, सीपीआई कार्यालय सदस्य हरिश्चंद्र, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जिला सचिव शोभित त्रिपाठी, सपा कार्यालय प्रभारी राजिन्द्र राठौर सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# राम जन्म होते ही श्री राम के जयकारों से गूंजा पंडाल

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** आर्यनगर काली माता मंदिर रोड स्थित गोपाल वाटिका में चल रही श्री मद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह में भगवताचार्य मनोज अवस्थी ने शनिवार को चौथे दिन राम जन्म की कथा सुनाई। भागवत कथा में राम जन्म होते ही पंडाल प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।


कथा सुनाते आचार्य मनोज अवस्थी।

कथा सुनाते हुए आचार्य मनोज अवस्थी ने कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है। आचार्य अवस्थी ने कहा कि राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से शुभ पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाते है। इस अवसर पर परीक्षित सुशीला गुप्ता पत्नी डॉ. मोहन गुप्ता सेठ, आस्था गुप्ता, निशा गुप्ता, अंशिका गुप्ता, संध्या गुप्ता, दिलीप गुप्ता सेठ, रेनू गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, गहोई वैश्य सेवा समिति अध्यक्ष विष्णु गहोई, श्याम कुमार बरसैंया, राजू बरसैंया, बृजेश बंधु, संजीव रेजा, मुरारी लाल गुप्ता, राधे श्याम गुप्ता, गोपाल सेठ, शुभ गुप्ता मौजूद रहे।

समाधान दिवस — डीएम व एसपी ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं, दिए निर्देश

# मौके पर जाएं, दोनों पक्षों को बुलाकर समाधान करें

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना दिबियापुर एवं थाना सहायल में आयोजित समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित हल्का इंचार्ज, लेखपाल को निर्देशित किया कि जो भी समस्या प्राप्त हुई हैं उसकी स्थलीय जांच करते हुए निर्धारित समय में नियमानुसार निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि निस्तारण में यह प्रयास किया जाए कि दोनों पक्ष संतुष्ट हों जिससे समस्या का निस्तारण स्थाई हो सके। इस अवसर पर भूमि विवाद एवं कब्जा की शिकायतें प्राप्त हुई जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित थाना प्रभारी एवं लेखपाल को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण स्थलीय जांच कर किया जाएं तथा सम्बन्धित को भी अवगत कराया जाए। इस अवसर पर क्षेत्र से आये विभिन्न फरियादियों ने अपने शिकायत संबंधी आवेदन पत्र दिए। इसके बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए थाना दिबियापुर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में सतर्कता बनाए रखते हुए भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाएं देखें और यदि कोई अव्यवस्था नजर आती है तो आपसी समन्वय के साथ उसका निदान भी कराएं। उन्होंने आमजन से अपेक्षा की कि वह एक दूसरे के त्योहारों को मिलजुल कर खुशी के माहौल में शरीक होकर मनाएं और यह भी ध्यान रखें की कोई किसी के साथ ऐसा व्यवहार न करें कि किसी की भावना को ठेस पहुंचें। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए अपने क्षेत्र में भ्रमण कर शांति कानून व्यवस्था बनाए रखें और कोई अराजकतत्व हो तो उन्हें पहले ही नामित कर लिया जाए। इस मौके पर तहसीलदार सदर रणवीर सिंह सहित संबंधित थानाध्यक्ष, लेखपाल आदि मौजूद रहे।


समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

# राज्य मद्य निषेद परिषद के उपाध्यक्ष का हुआ स्वागत, बंद ट्रेनों के ठहराव का आश्वासन

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** कस्बा के सराय बाजार स्थित पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन राजेश पोरवाल के आवास पर शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य मद्य निषेद परिषद के उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री) बृजेश शुक्ला एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया का गाजे बाजों के साथ व्यापारियों और भाजपा पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेलवे क्रासिंग पर पहुंचकर ढोल-नगाड़ों के साथ दोनों नेताओं का जोरदार स्वागत किया। राज्यमंत्री पैदल रेलवे क्रासिंग से पूर्व चेयरमैन के आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पहुंचे। इस दौरान पूर्व चेयरमैन राजेश पोरवाल ने रेलवे स्टेशन पर कोराना काल से बंद चल रही ट्रेनों के ठहराव की मांग व्यापारियों के जनहित में की। राज्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठन को मजबूती देने की अपील करते हुए ट्रेनों के ठहराव हेतु पार्टी के माध्यम से रेलमंत्री को अवगत कराकर समस्या का निदान का भरोसा देते हुए विकास और संगठनात्मक मजबूती को लेकर चर्चा की। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन राजेश पोरवाल, मंडल अध्यक्ष राजवर्धन सिंह, अवनीश ठाकुर प्रधान, ओमकार कठेरिया, बलवीर शाक्य, शिवेंद्र प्रताप मौजूद रहे।


दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री का स्वागत करते व्यापारी। अमृत विचार

## एक नजर

### कृषि यंत्रों की खरीद को 12 जुलाई तक करें आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के किसान कृषि यंत्रों की खरीद के लिए 12 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने पोर्टल पर किसानों से आवेदन मांगें हैं। शासन के अधिकारियों के अनुसार, किसानों की खेती को बढ़ाने के साथ ही उत्पादन अधिक व लागत कम की अवधारणा पर राज्य सरकार काम कर रही है। इसी के तहत किसानों को कृषि ड्रोन व कृषि यंत्र की खरीद पर निरंतर अनुदान दिया जा रहा है। अनुदान प्राप्त करने के लिए वर्तमान में आवेदन शुरू हो गया है। किसान विभागीय पोर्टल www.agridarshan.up.gov.in पर आवेदन करने के लिए पोर्टल के जरिए ही सभी विवरण प्राप्त कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि कृषि यंत्रों की बुकिंग 27 जून से शुरू हुई है, जो 12 जुलाई तक चलेगी।

### नए कानूनों के तहत 458 लोगों को दिलाई सजा

अमृत विचार, लखनऊ : योगी सरकार की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के जरिए पिछले करीब एक वर्ष में तीन नए आपराधिक कानूनों के तहत चिन्हित कुल 457 मामलों में 458 लोगों को सजा दिलाई गई है। इसकी हाल ही में बनारस में मध्य क्षेत्रीय परिषद की मीटिंग में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी काफी सराहना की। योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की देश ही नहीं दुनिया भर में सराहना हो रही है। पिछली सरकारों में गुंडा राज और ध्वस्त कानून व्यवस्था के लिए पहचाने जाने वाले उत्तर प्रदेश को आज सुशासन और सुदृढ़ कानून व्यवस्था के लिए नई पहचान मिली है। अभियोजन एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि पिछले करीब एक साल में तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत अब तक 457 मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है। इनमें 4 अपराधियों को मृत्युदंड (फांसी की सजा), 10 अपराधियों को आजीवन कारावास, 425 अपराधियों को 20 वर्ष से कम कारावास की सजा और 19 अपराधियों को 20 वर्ष से अधिक कारावास की सजा दिलाई गई है।

# हीट वेव से ग्रीन वेव की ओर बढ़ रहा प्रदेश : योगी

## मुख्यमंत्री ने जुलाई माह में शुरू हो रहे पौधरोपण महाभियान 2025 का लोगो किया जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान पौधरोपण अभियान का लोगो जारी करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

**अमृत विचार :** प्रदेश में आगामी जुलाई माह में आयोजित होने जा रहे वन महोत्सव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। पौधरोपण महाभियान-2025 का लोगो जारी करते हुए कहा कि इस बार एक दिन में प्रदेश की कुल जनसंख्या से भी अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम थीम पर महाअभियान में सामूहिक प्रयास प्रदेश को हीटवेव से ग्रीनवेव की ओर ले जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान को प्रदेशव्यापी जनांदोलन का रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से 2024 के बीच प्रदेश में 204.92 करोड़ से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं और भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून की रिपोर्ट के अनुसार 2017 से 2023 के बीच उत्तर प्रदेश के हरित आवरण में ऐतिहासिक रूप से तीन लाख एकड़ की वृद्धि दर्ज की गई है, जो व्यापक जनसहभागिता से ही संभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने इस वर्ष वन महोत्सव में एक अभिनव पहल की घोषणा करते हुए कहा कि वन महोत्सव की अवधि में जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात शिशु को "ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट" प्रदान किया जाए, साथ ही शिशु के अभिभावकों को एक पौधा भी भेंट किया जाए।

**प्रत्येक रोपे गए पौधे की हो जियो टैगिंग और फेंसिंग :** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक रोपे गए पौधे की जियो टैगिंग कराई जाए और उनकी फेंसिंग की समुचित व्यवस्था हो। जनता को पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल और संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया जाए, ताकि लगाए गए पौध वृक्ष बन सकें।

**अधिकारियों ने गिनाई तैयारी और कार्ययोजना :** कार्ययोजना के संबंध में अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस बार वन विभाग द्वारा 12 करोड़ 60 लाख पौधे तथा अन्य विभागों द्वारा 22 करोड़ 40 लाख पौधे लगाए जाएंगे। विभागवार लक्ष्यों का निर्धारण किया जा चुका है और ग्रामीण व शहरी माइक्रोप्लान पर कार्य प्रगति पर है।

### नदियों के पुनर्जीवन को भी केंद्र में रखने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने इस वर्ष वन महोत्सव के अंतर्गत नदियों के पुनर्जीवन को भी केंद्र में रखने के निर्देश दिए। इस बार वन महोत्सव के अंतर्गत नदियों के दोनों तटों पर पौधरोपण कराया जाए, जिससे जल गुणवत्ता और जैव विविधता दोनों को लाभ मिले। साथ ही आवश्यकतानुसार नदियों का चैनलाइजेशन भी किया जाए।

# सैमसंग समेत चार कंपनियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- औद्योगिक विकास मंत्री ने विभागीय प्रस्ताव पर दी स्वीकृति

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की ओर से सैमसंग समेत चार कंपनियों को 189.60 करोड़ की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इस सिलसिले में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने विभागीय प्रस्ताव पर स्वीकृति दे दी।

शासन के अधिकारियों के अनुसार, उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति के तहत निजी कंपनियों को प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। औद्योगिक विकास मंत्री ने सैमसंग नोएडा समेत चार कंपनियों को 189 करोड़ 70 लाख 47 हजार 915 रुपए का प्रोत्साहन राशि जारी करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। अब जल्द ही प्रोत्साहन सैमसंग समेत अन्य तीन कंपनियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इन कंपनियों में मेसर्स एलजी इलेक्ट्रानिक्स को 20 करोड़ 49 लाख 18 हजार 513 रुपये, मेसर्स पसवारा पेपर्स लिमिटेड मेरठ को दो करोड़ 57 लाख पांच हजार 275 रुपये, मेसर्स सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रानिक्स प्राइवेट लिमिटेड नोएडा को 124 करोड़ 58 लाख 43 हजार 888 रुपये और मेसर्स वरुण बेवरेजेज लिमिटेड संडीला हरदोई को 42 करोड़ पांच लाख 80 हजार 239 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मंत्री नंदी ने कहा कि इस प्रोत्साहन राशि से उद्योगों को और बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले जहां प्रदेश से उद्योग धंधों का पलायन हो रहा था, वर्तमान सरकार में प्रदेश निवेश का प्रमुख केंद्र बन कर उभरा है।

# इलाज कराएंगे, आवास भी देंगे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में बीमार बिटिया को गोद में लेकर बैठी महिला को भरोसा दिया कि अच्छे से अच्छा इलाज सरकार कराएगी। महिला और उसके परिवार के लिए आवास की भी व्यवस्था कराई जाएगी। इसे लेकर मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

योगी ने जनता दर्शन में आए करीब 200 लोगों से मुलाकात की। समस्याएं सुनते हुए आश्वस्त किया कि वे हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। मुख्यमंत्री ने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजना से मकान दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का एस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराएं। एस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

### राष्ट्रपति की भव्य अगवानी करेगा गोरखपुर

प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में शामिल होने आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की भव्य अगवानी में कोई खामी न रहे, इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी ने लगातार दूसरे दिन शनिवार को भटहट के पिपरी स्थित आयुष विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। 30 जून और 1 जुलाई को राष्ट्रपति के दो दिवसीय दौरे को लेकर हिदायत दी कि कोई कसर बाकी नहीं रहनी चाहिए। योगी ने भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की।

# संविधान से छेड़छाड़ की तो सड़कों पर उतरेगी बसपा

## मायावती ने कहा- कांग्रेस-भाजपा ने मिलकर संविधान में किए गैर जरूरी संशोधन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- देशभर में मजबूत संगठन तैयार करेगी बसपा



प्रेस कांफ्रेंस करतीं बसपा प्रमुख मायावती।

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि अगर संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ हुई तो बसपा चुप नहीं बैठेगी। संविधान की रक्षा के लिए देश भर में सड़कों पर उतरेगी। बसपा प्रमुख शनिवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस व भाजपा ने मिलकर संविधान में गैर जरूरी संशोधन किये हैं। उन्होंने कहा कि बसपा देश भर में मजबूत संगठन तैयार करेगी और आने वाले लोकसभा व राज्यों के विधानसभा चुनावों में मजबूती से उतरेगी। उन्होंने कहा कि सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर ने मानवतावादी संविधान दिया है, पर भाजपा व कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर के संविधान को कभी भी ईमानदारी से लागू नहीं किया। दोनों ही दलों ने समय-समय पर अपने राजनीतिक हितों, विचारधाराओं व नीतियों के लिए संविधान में गैर जरूरी संशोधन किये हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कांग्रेस व भारतीय जनता पार्टी अपने चाल-चरित्र व चेहरे को छुपाने के लिए लोगों का ध्यान हटाने के लिए ऐसी चालें चलती रहती हैं। संविधान बदलने की नीति में कांग्रेस व भाजपा दोनों की मिलीभगत रहती है।

### मतदाता सूची पर निर्वाचन आयोग स्थिति स्पष्ट करे

बसपा प्रमुख ने कहा कि मतदाता सूची को लेकर सुधार के लिए जो बातें हो रही हैं, उसमें भारत निर्वाचन आयोग को अपनी स्थिति जरूर स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार, सभी भाषाओं का सम्मान होना चाहिए, इस पर वाद-विवाद ठीक नहीं। बसपा प्रमुख ने कहा कि देश में जातिवादी मानसिकता के तहत खासकर दलित वर्गों के लोगों का शोषण, अत्याचार व उत्पीड़न किया जा रहा है, यह भी कोई अच्छी बात नहीं है। देश में बीच-बीच में हो रही आतंकवादियों की घटना को लेकर केंद्र सरकार को पुलिस और जनता के साथ रहना चाहिए, ताकि कोई आतंकवादी संगठन अपने किसी भी मकसद में कामयाब न हो सके।

# यूपीएससी व यूपीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बनेंगे मेंटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान ने 11 जुलाई तक मांगे आवेदन

**अमृत विचार :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) या उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले पूर्व प्रशिक्षुओं को 'मेंटर' बनने का मौका मिलेगा। छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान ने इच्छुक लोगों से आवेदन मांगें हैं।

इस पहल का लाभ उन युवाओं को मिलेगा, जिन्होंने पूर्व के वर्षों 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 में संस्थान से कोचिंग ली है। आवेदन की अंतिम तारीख 11 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट www.bhagidaribhawan.in पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी पवन कुमार यादव ने बताया कि पांच युवाओं का चयन किया जाएगा, जिन्हें प्रत्येक कक्षा के लिए 500 रुपये का मानदेय दिया जाएगा।

### अभियंताओं पर कार्रवाई उद्योगपतियों के इशारे पर

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाते हुए कहा कि निजीकरण के विरोध में आंदोलनरत बिजली अभियंताओं पर विजिलेंस की ओर से की गई कार्रवाई उद्योगपतियों के इशारे पर की गई है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों में जिस प्रकार की कार्रवाई चल रही है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि बिजली कंपनी को पावर कॉरपोरेशन नहीं बल्कि उद्योगपतियों का प्रबंधन चला रहा है। कहा कि बिजली कंपनियों को खरीदने के पहले कार्मिकों को कमजोर किया जा रहा है, ताकि वे अपने अधिकारों की लड़ाई न लड़ पाएं।

# कॉरिडोर के नाम पर लूट तंत्र सक्रिय

## गोरखपुर में विरासत गलियारा को लेकर सपा प्रमुख ने साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



प्रेस वार्ता करते अखिलेश यादव।

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गोरखपुर में 'विरासत गलियारा' को लेकर योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि कारिडोर के नाम पर भाजपाई लूट तंत्र सक्रिय है। यदि गोरखपुर वालों ने अपने मुंह खोल दिए तो वहां पर विरासत गलियारा की जगह हिरासत गलियारा बनवाना पड़ेगा।

वे राजधानी लखनऊ में शनिवार को सपा मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। अखिलेश यादव ने गोरखपुर में सपा कार्यकर्ताओं से हुई अभद्रता को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को भाजपा के लोगों ने बुलडोजर लेकर रोका। पीड़ित दुकानदारों से मिलने नहीं दिया। इसमें पुलिस-प्रशासन भी उन्हीं लोगों का साथ दे रहा था। अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर के डीएम व एसएसपी पर अभी कार्रवाई नहीं हुई तो सपा सरकार बनने पर इन अधिकारियों पर कार्रवाई होगी।

सपा मुखिया ने कहा कि गोरखपुर में जमीन-मकान का मुआवजा आपसी सहमति से नहीं, बल्कि बाजार की कीमत के हिसाब से देना चाहिए। सरकार पुलिस को आगे करके, डरा धमकाकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों से जबरदस्ती सहमति पत्र जारी करा रही है। जहां जमीन दिखती है, भाजपा उस पर कब्जा करने लगती है।

# लक्कड़ शाह दरगाह के कथित ध्वस्तीकरण पर मांगा जवाब

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच की लक्कड़ शाह दरगाह के ध्वस्तीकरण के आरोप को लेकर दाखिल एक अवमानना याचिका पर राज्य सरकार के अधिवक्ता को आदेश दिया है कि वह मामले में पूरी जानकारी लेकर अगली सुनवाई पर अवगत कराएं। मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की अवकाशकालीन एकल पीठ ने दरगाह प्रबंधन समिति की अवमानना याचिका पर पारित किया। याचिका में राज्य सरकार द्वारा 10 जून को मामले में कोर्ट में दिए गए आश्वासन के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। कहा गया है कि रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कहा था कि बहराइच के मूर्तिहा वन रेंज स्थित लक्कड़ शाह समेत तीन अन्य मजारों पर ढहाने की कार्रवाई रोक दी गई है। कहा गया है कि बावजूद इसके 13 जून को ध्वस्तीकरण की करवाई शुरू कर दी गई।

# किसान मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का प्रदर्शन जारी

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा ने सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी है। इस बीच, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में प्रदेश भर में चल रहा विरोध प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रहा।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स और संयुक्त किसान मोर्चा ने राज्य सरकार के सतर्कता विभाग के जरिए बिजली कर्मियों के खिलाफ एफआईआर कराये जाने की कड़ी निंदा करते हुए चेतावनी दी कि अगर बिजली कर्मियों का उत्पीड़न किया गया तो देश भर के बिजली कर्मचारी और किसान मूकदर्शक नहीं रहेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ने देश भर के बिजली कर्मियों का आह्वान किया कि प्रदेश में चल रही बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया और दमनकारी रवैया के विरोध में 2 जुलाई को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर शामिल हों।

संयुक्त किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण को बड़ी लूट बताते हुए निजीकरण का निर्णय तत्काल निरस्त करने की मांग की है। किसान मोर्चा ने कहा है कि निजीकरण के बाद क्रॉस सब्सिडी के बिना 7.5 एचपी पंप-सेट का उपयोग करने वाले किसान को मासिक बिजली बिल के रूप में 10,000 रुपये से अधिक का भुगतान करना होगा।

# दक्षिणांचल निगम खत्म होने पर फ्रेंचाइची टोरंट का क्या होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विद्युत नियामक आयोग ने ऊर्जा विभाग से पूछा सवाल

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने ऊर्जा विभाग से सवाल करते हुए कहा कि दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम खत्म होने पर आगरा में बिजली आपूर्ति में लगी निजी फ्रेंचाइची कंपनी टोरंट का क्या होगा। आयोग ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट में यह सवाल किया है। अंतरिम रिपोर्ट का जवाब मिलने पर आयोग वृहद रिपोर्ट भेजेगा।

सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट पर सरकार की ओर से अभिमत मांगे जाने पर पिछले दिनों नियामक आयोग ने वित्तीय खामियां बताते हुए सरकार को अंतरिम रिपोर्ट भेजी थी। सूत्रों के अनुसार, इसी रिपोर्ट में आयोग ने टोरंट के भविष्य को लेकर सवाल उठाये हैं। विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन की पोल लगातार खुलती जा रही है।

## वर्ग पहेली-16

**बाएं से दाएं**

4.1. अध्ययन या शोधकार्य हेतु प्रदत्त या प्राप्त वृत्ति, अध्येतावृत्ति 2. मैत्री, भाईचारा, मेलजोल, मिलाप 3. समान विचार वाले लोगों का समूह, समाज या संघ।

5.1. सूखे पत्तों के टूटने से उत्पन्न शब्द 2. हिंसक पशुओं के रहने का स्थान, मांद।

6. अच्छे चाल-चलन वाला, सच्चरित्र, सदाचारी।

9.1. आसानी का भाव, बिना किसी असुविधा की स्थिति 2. सुख

10.1. ठहरने का स्थान या जगह 2. स्थान, जगह 3. पड़ाव 4. ठहराव 5. घर, वासस्थल 6. भूमिका।

**ऊपर से नीचे**

1.1. मंथन, मर्दन 2. मन में उठने वाली उहापोह की स्थिति 3. क्षोभ 4. द्वंद्व।

2.1. कुएं के मेढक की तरह एक ही जगह रहने या सीमित स्थान को ही दुनिया समझ लेने की अवस्था या भाव 2. बाहर की दुनिया की जानकारी की कमी, अल्पज्ञता।

3.1. कृपालु, दयालु, अनुग्राहक, अनुग्राही 2. दयावान, दयावंत, दयाशील।

7.1. छोटी लता 2. बेल।

8.1. एक सेर का चौथाई भाग, पाव 2. इस मान का बटखरा 3. रुतबा, पद 4. बरतन जिसमें पाव भर दूध आता है



### वर्ग पहेली -15 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 श | रा | स | न | | | 2 पु |
| | | | | 3 बं | द | नी |
| | | 4 ब | | दा | | ता |
| | 5 म | हा | ज | न | | |
| 6 दं | दा | ना | | 7 वा | क | या |
| | र | | | ज़ | | |
| | | 8 खा | टी | | 9 धे | री |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी-09.14 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अश्लेषा 06.34 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** — आज पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। बच्चों के करियर को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। नया रोजगार शुरू करने के योग बन रहे हैं। कमीशन के कारोबार से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है। नये काम को टालने से बचना चाहिए।

**वृष** — आज परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। अपने संपर्कों को मजबूत कर लें। कोई बड़ा व्यापारिक ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं। कब्ज और पेटदर्द की समस्या हो सकती है। बदलते मौसम का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। रियल एस्टेट में निवेश शुभ होगा।

**मिथुन** — आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। अनुभवी व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। आपकी योग्यता को लोग सराहेंगे। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आपके लिए बहुत ही अच्छा दिन रहने वाला है। विद्यार्थियों को शिक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है।

**कर्क** — आज परिवार में आपसी विश्वास में कमी उत्पन्न हो सकती हैं। आपको अभद्र भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिए। आलस्य के कारण आप काम से बचने का प्रयास करेंगे। नई भूमि-संपत्ति खरीदने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी बरतें।

**सिंह** — आज परिवार में हर्ष का वातावरण रहेगा। आप कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी।

**कन्या** — आज अपना समय व्यर्थ में बर्बाद न करें। सही समय पर काम पूरा न कर पाने के कारण आपको कठिनाई हो सकती है। पारिवारिक समस्याओं को बाहरी लोगों से साझा न करें। प्रेम संबंधों में भ्रम की स्थिति बन सकती है। आपके सम्मान में कमी आने के योग बन रहे हैं।

**तुला** — आज कानूनी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है। ऑनलाइन व्यापार में अच्छे परिणाम मिलेंगे। रचनात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अपनी प्रतिभाओं और क्षमताओं को पहचानें। घर की समस्या दूर होगी। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज घर-गृहस्थी की समस्या दूर होने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को जॉब के अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं। उच्चाधिकारी आपका काफी सहयोग करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। व्यापार में सहयोगियों से संबंध मजबूत होंगे।

**धनु** — आज अपने विचारों को सकारात्मक रखें। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। धन के लेन-देन को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। पुरानी नकारात्मक बातों के कारण थोड़े निराश होंगे। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं। विवाहेतर संबंधों के कारण कठिनाई होगी। भावुकता के कारण लिए गए निर्णय आपको नुकसान पहुंचायेंगे। बच्चों के साथ आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए। स्वभाव में चिड़चिड़ेपन के कारण थोड़ी परेशानी होगी।

**कुंभ** — आज वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है। बड़े कारोबारी ऑर्डर मिल सकते हैं। आपका मन संतुष्ट रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था में बढ़ोत्तरी होगी। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव के बावजूद आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**मीन** — आज आपसे कोई भूल हो सकती है। पुण्य कार्यों पर आपको धन खर्च होगा। मन में सन्तुष्टि का भाव रहेगा। सभी कार्य पूरे मनोयोग से करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आने की संभावना है। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

## सुडोकू -23

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 1 | | | | 7 |
| 9 | | | | 6 | | | 1 | |
| | 1 | | 2 | | | 4 | 6 | |
| 8 | | 7 | | 4 | | 3 | | |
| | 4 | | 9 | | 6 | | 5 | |
| | | 1 | | 3 | | 9 | | 8 |
| | 8 | 6 | | | 5 | | 7 | |
| | 2 | | | 7 | | | | 3 |
| 4 | | | | 2 | | 1 | | |

### सुडोकू - 22 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 9 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 6 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 8 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 3 | 4 |

# सृजन से लोकमंगल

अस्तित्व की अभिव्यक्ति है प्रकृति। अस्तित्व है अंतहीन। सृजन प्रकृति का धर्म है। प्रतिपल नई कोंपल, नई कली, नव पराग, नव मकरंद। कीट-पतिंग भी नवसृजन हैं। नन्हीं गौरैया के मुंह में दाना डालती गौरैया माता या अपने बच्चे को पेट में चिपकाए इस डाल से उस डाल पर छलांग लगाती बन्दरिया। बछड़े को चाट-चूमकर शक्तिशाली गोवंश तैयार करती गोमाता। सृजन के विधाता देव ब्रह्मा हैं। वे कभी थकते नहीं। बार-बार अथक सृजन। अकथ विस्तार। गीत, काव्य, संगीत और समूचा साहित्य प्रकृति की सृजन शक्ति ही विस्तार है। प्रकृति रचती-गढ़ती है तो यह कर्म प्रकृति है और मनुष्य रचता है तो संस्कृति। प्रकृति में सत चित आनंद की त्रयी है तो संस्कृति में सत्य, शिव और सुंदर की त्रय-दिव्यता है। प्रकृति में सुन्दरतम सृजन की गहन अभीप्सा है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। इसलिए मनुष्य भी सुन्दरतम सृजन की कामना से भरापूरा है। बस चित्त प्रशांत होना चाहिए।

आनंद हमारी सर्वोत्तम अभीप्सा है। हरेक सृजन का लक्ष्य आनंद है। यह आनंद स्वयं तक ही सीमित नहीं है। सृजन धर्म स्वयं का अतिक्रमण करता है और लोकआनंद व लोकमंगल का हेतु सेतु बनता है। प्रकृति के पास असीम अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य है। प्रकृति का अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य संविधान की देन नहीं। वह वर्षा रचती है, कभी आंधी के साथ, कभी आंधी के पूर्व और कभी आंधी के बाद भी। वह गहन उमस के बीच भी वर्षा ले आती है। आकाश में इन्द्रधनुष रचने के लिए उसे इन्द्र या वरुण देवों की अनुमति नहीं चाहिए। मनुष्य को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। इस स्वतंत्रता का सदुपयोग लोकमंगल के लिए ही होना चाहिए। अन्तस में सत चित आनंद का गीत है। सत्य, शिव और सुन्दर इसी की अभिव्यक्ति है। भारतीय परंपरा में सृजन का दिक्सूचक यही केंद्र है।

शाश्वत तत्वों को सृजन का विषय बनाने की भारतीय परंपरा महत्वपूर्ण है। तात्कालिक विकृतियों को हटाना और शाश्वत मूल्यों की प्रतिष्ठा जरूरी है। संस्कृति के सारगर्भ से जुड़ने की यह बात महत्वपूर्ण है। साहित्य का प्रभाव समाज पर पड़ता है और समाज का साहित्य पर भी। रामकथा में



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्तः सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्तः सुख में अंतर भी है।

रावण के चरित्र वर्णन का समाज पर गहरा असर पड़ा है, कोई भी व्यक्ति अपने बच्चों का नाम रावण नहीं रखता। विभीषण भी नहीं रखता, यद्यपि विभीषण ने राम का सहयोग किया था लेकिन देशभक्ति प्रश्नवाचक थी। लोक ने अच्छे कार्य के बावजूद उसे 'घर का भेदी' ही कहा।

लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्तः सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्तः सुख में अंतर भी है। स्वान्तः में अन्तस का अन्तिम छोर है। भारतीय चिंतन में स्व अन्तस् का अन्तिम छोर विराट से जुड़ा हुआ है। तुलसी के राम अखिल लोकदायक विश्रामा हैं, उनकी राम कथा 'सुरसरि सम सबका हित होई' से ध्येयबद्ध है।

सृजन का उद्देश्य लोकमंगल ही है। होना भी चाहिए। सृजन आनन्दवर्द्धन होता है। इसका लक्ष्य लोकमंगल है। यह निराशा की तमस् में आशा का दीप प्रज्वलन है। शाश्वत और चिरंतन का नूतन आख्यान है। दृश्यमान विभाजित अनेकता के भीतर एकता का दर्शन है और सामूहिक उल्लास का संयोजन भी। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र में सुखान्त पर जोर दिया था। सांस्कृतिक मर्यादा का संवर्द्धन और शीलरस का संवर्द्धन भी साहित्यकार का दायित्व है। कथित प्रगतिशीलता में नेह-स्नेह के आत्मीय रिश्तों के प्रति आक्रामकता है। पिता भारतीय परम्परा में देव कहे गए हैं। हम सब माता-पिता का विस्तार हैं। वे न होते तो हम न होते लेकिन नवलेखन में प्रायः माता-पिता की वैसी प्रतिष्ठा नहीं है। महाभारतकार भी कवि या साहित्यकार थे। उनके सृजन में यक्ष प्रश्न हैं। यक्ष ने पूछा, "युधिष्ठिर। धरती से भी भारी क्या है? और आकाश से भी ऊंचा क्या?" युधिष्ठिर ने कहा, "माता पृथ्वी से भारी है और पिता आकाश से भी ऊंचा।" ऐसे लेखन में माता-पिता की प्रतिष्ठा है। परिवार प्रीतिकर संस्था है। प्रगतिशीलता उसे तोड़ रही है।

परिवार का विकल्प नहीं। परिवार को मजबूत करने वाला लेखन समय की आवश्यकता है। ऋग्वेद में नदियों को प्रणाम किया गया है। नदियां प्रणाम के योग्य हैं भी। वे जलमाताएं हैं। विज्ञान भी नदियों की महत्ता स्वीकार कर चुका है। वैदिक साहित्य में विश्वामित्र और नदी का संवाद अनूठा है। विश्वामित्र जैसे पूर्वजों ने नदियों से संवाद में भरतवंशियों की तरफ से तमाम आश्वासन दिए थे। वे आश्वासन हमारे साहित्य का हिरण्य कोष हैं। लेकिन हम सबने वे आश्वासन तोड़े हैं। नदी और मनुष्य की प्रीति शून्य हो चुकी है। नदियों ने कहा था, "यह संवाद याद रखना, हमारा ध्यान रखना। तुम पार उतरो, हम वैसे ही नीचे झुक रही हैं जैसे बच्चे को स्तनपान कराने के लिए मां झुकती है।" विश्वामित्र ने कहा था, "हे नदियों, मैं आपकी स्तुति करता रहूंगा।" सामन्ती काल में अनेक चारण राजाओं की प्रशंसा गाते थे। लेकिन वे स्तोता नहीं थे, उनके गायन स्तुति नहीं थे और न ही स्तोत्र। स्तोता होना बड़ी कठिन साधना है। मन, क्रम, वचन और अन्तस से उगा सृजन ही किसी को स्तोता बनाता है। विश्वामित्र ने नदियों को आश्वासन दिया था हम भारत के लोग आपके स्तोता रहेंगे, जलमाताओं का पोषण करेंगे, तन से, मन से।

वैदिक साहित्य में प्रकृति के कण-कण के प्रति आत्मीयता है। कथित प्रगतिशील दृष्टि में प्रकृति उपभोक्ता सामग्री है और भारतीय परंपरा में यही प्रकृति नमस्कारों के योग्य है। तुलसीदास के सृजन में भौतिक जगत सीयराममय है और बारम्बार प्रणम्य है-सीयराम मय सब जग जानी करऊं प्रणाम जोरि जुग पानी। प्रकृति के प्रति अंगांगी भाव की सतत् अभिव्यक्ति जरूरी है। भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक तत्व हैं। लेखन, सृजन के भी नीति निदेशक तत्व हैं। भले ही वे संहिताबद्ध नहीं हैं, लेकिन उनका अस्तित्व है। मां-पिता की प्रतिष्ठा महत्वपूर्ण तत्व है। कथा, कहानी और काव्य में इस तत्व को ध्यान में रखना चाहिए। स्त्री आदरणीया है, मां है, बहन है, पुत्री है, श्रद्धेय है। सम्पूर्णता का भाग है। उसे अलग करके देखना-लिखना अनुचित है। भारतीय काम सेक्स नहीं, सृजन अभिलाषा है। यहां काम भी अध्यात्म है।

हम सांस्कृतिक राष्ट्र हैं। करोड़ों भरतवंशी एक जन हैं। इनकी एकात्म अनुभूत संस्कृति है। इस संस्कृति का विकास दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण हमारे पूर्वजों ने ही किया था। उन पूर्वजों, अग्रजों, मार्गदर्शकों के प्रति आदरभाव का पुरश्चरण अपरिहार्य है और सांस्कृतिक तत्वों का भी। लेखन में हम कल्पना के पंख लगाकर उड़ते हैं, यथार्थवादी भी हो सकते हैं लेकिन भारतीय शील-मर्यादा के गंधमादन क्षेत्र के मधुरसा का उल्लंघन उचित नहीं। मधुरसा सांस्कृतिक प्रवाह का संवर्द्धन ही सृजन का ध्येय है। विचार अभिव्यक्ति की बातें ठीक हैं, लेकिन विकार-अभिव्यक्ति की नहीं।

# नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों से सुसज्जित होगी उच्च शिक्षा

हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी शुरुआत पर विचार किया गया है। यूजीसी के द्वारा मूल्य आधारित शिक्षा के रूप में एक नई पहल की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस नवीन एवं बहुआयामी अभियान के अंतर्गत अब स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ मानव मूल्यों एवं प्रोफेशनल नैतिकता के विषय में भी अध्ययन करेंगे। ऐसा करने के उपरांत विद्यार्थी स्वयं को सामान्य नागरिक से वैश्विक नागरिक (ग्लोबल सिटीजन) में रूपांतरित कर पाने में सक्षम एवं समर्थ हो सकेंगे। पारंपरिक उच्च शिक्षा के परिदृश्य पर यदि गंभीरतापूर्वक गौर किया जाए तो वह कहीं न कहीं मात्र सीमित पाठ्यक्रम को पढ़कर चुनिंदा प्रश्नपत्रों की परीक्षा दे देने एवं उत्तीर्ण होने के उपरांत संबंधित पाठ्यक्रम की डिग्री हासिल कर लेने भर तक ही सीमित है। इस आपाधापी में शायद हम यह भूल चुके हैं कि आज की युवा पीढ़ी नैतिकता एवं मानव मूल्यों से शनैःशनैः दूर होती जा रही है।



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

आज के विद्यार्थी के मन मस्तिष्क में उच्च शिक्षा के माहौल में दाखिल होने के उपरांत महज गिने-चुने शब्द जैसे पाठ्यक्रम, नोट्स, कोचिंग, परीक्षा एवं डिग्री ही घूमते रहते हैं। इनसे मुक्त होकर कुछ और सोचने, विचारने एवं विश्लेषण करने का मौका आज की पीढ़ी धीरे-धीरे खोती जा रही है। नतीजा यह निकल रहा है कि मानव मूल्य एवं नैतिकता जोकि व्यक्तित्व निर्माण के आधार स्तंभ हैं, विद्यार्थी से छूटते जा रहे हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा उच्च शिक्षा में इन विषयों का पाठ्यक्रम के रूप में समावेश निस्संदेह ही एक बेहतरीन निर्णय है। जब यह परिवर्तन क्रियान्वयन के धरातल पर सफलतापूर्वक उतरेगा, तो निश्चित ही देश की युवा पीढ़ी के व्यक्तित्व एवं मानसिक स्तर में एक बड़ा एवं सकारात्मक बदलाव आएगा जो उनकी सोच एवं समझ को दूरदर्शितापूर्ण एवं व्यापक रूप देने में सक्षम होगा। यूजीसी के द्वारा की जाने वाली इस नई शुरुआत के अंतर्गत स्नातक एवं परास्नातक दोनों ही पाठ्यक्रमों में मानव मूल्य तथा नैतिकता दो क्रेडिट अंकों के पाठ्यक्रम के रूप में सम्मिलित किए जाएंगे। इनमें से एक क्रेडिट अंक थ्योरी का तथा एक क्रेडिट अंक प्रैक्टिकल का रहेगा। थ्योरी का पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए विद्यार्थियों को 15 घंटे की पढ़ाई करनी होगी जबकि प्रायोगिक पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए उन्हें इन विषयों से जुड़ी गतिविधियों में 30 घंटे शामिल होना पड़ेगा। स्नातक एवं परास्नातक दोनों ही पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर में इन विषयों के पाठ्यक्रम को लागू किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पाठ्यक्रम के स्वरूप, शिक्षण संबंधी गतिविधियों तथा परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रणाली में एक बड़ा परिवर्तन किया गया है। किंतु कहीं न कहीं कुछ कसर बाकी है जोकि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में उपर्युक्त विशिष्टताओं की कमी के रूप में अपना प्रभाव छोड़ रही है। यूजीसी की नई पहल जब पूर्णरूपेण क्रियान्वयन में आ जाएगी, तो निश्चित ही शिक्षा एवं शिक्षार्थी दोनों का स्वरूप तथा पारस्परिक संबंध एक बड़ी सीमा तक परिवर्तित हो जाएगा। यह परिवर्तन विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र के चहुंमुखी विकास हेतु एक उन्नत आधारशिला तैयार करेगा। आज का विद्यार्थी कल का भविष्य है। नैतिकता एवं मानव मूल्यों के बीज यदि आज उसके मस्तिष्क की उर्वरा भूमि में अच्छी तरीके से बो दिए गए तो निश्चित ही उसका आने वाला कल बहुआयामी विकास का फल प्रदान करेगा।

# आतंकवाद पर चीन और पाकिस्तान के दोहरे पैमाने

आतंकवाद के मसले पर चीन के किंगदाओ नगर में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में एक बार फिर चोर-चोर मौसेरे भाई चीन और पाकिस्तान ने भारतीय हितों के परिप्रेक्ष्य में दोगलापन दिखाया है। इस बैठक में सदस्य देशों के रक्षा मंत्री उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आतंकवाद के खात्मे के लिए किए जा रहे आवाहन ने वैश्विक स्तर पर ऐसा माहौल बनाने का काम किया है कि इस समस्या को जड़ से उखाड़ दिया जाए। लेकिन एससीओ की बैठक में जिस दस्तावेज को साझा हस्ताक्षर के लिए सामने लाया गया तब उसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शामिल नहीं किया गया। जबकि इस हमले में 26 भारतीय नागरिक आतंकवादियों ने मार दिए थे। इस दस्तावेज में बलूचिस्तान का नाम हैं। जबकि बलूचिस्तान के नागरिक पाकिस्तान के विरुद्ध स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे हैं। अर्थात इस दस्तावेज को पढ़ने के बाद भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए इस पर दस्तखत करने से साफ इंकार कर दिया। इस संगठन पर चीन का प्रभाव है और चीन ही इस बार संगठन का अध्यक्ष देश है। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को न केवल पक्षपातपूर्ण माना, बल्कि इसे पाकिस्तान और उसके हितचिंतक चीन की हरकत माना। अतएव राजनाथ सिंह ने दस्तखत नहीं किए। इस संगठन के दस्तावेज की उपयोगिता तभी है, जब बैठक में उपस्थित सभी सदस्य देश मुद्दों पर सहमत होकर हस्ताक्षर करने के साथ साझा बयान भी जारी करें। तब कहीं इस दस्तावेज पर सहमति बन पाती है।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिस्तान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए।




इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिस्तान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए। इन देशों की कुल जीडीपी में 30 फीसदी और दुनिया की आबादी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यानी इस संगठन की इन देशों की अर्थव्यवस्था के लिए परस्पर भागीदारी जरूरी है। लेकिन जब राजनाथ सिंह ने दस्तावेज की इबारत को पक्षपात पूर्ण पाया तो उन्होंने खुले शब्दों में कहा, 'भारत आतंकवाद पर दोहरे मापदंड मंजूर नहीं करेगा। आतंक को बढ़ावा देने वाले देशों की खुली निंदा होनी चाहिए। कुछ देशों ने सीमा पार आतंकवाद को न केवल अपनी नीति ही मान लिया है, बल्कि अपने देश में उन्हें संरक्षण भी देते हैं। बावजूद इस हकीकत को नकारते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें अब समझना होगा कि आतंकवाद के अधिकेंद्र (एपीसेंटर) अब सुरक्षित नहीं रह गए हैं।' नए भारत के इस कड़े संदेश ने उपस्थित रक्षा मंत्रियों को हैरानी में डाल दिया। अतएव न तो कोई सहमति बन पाई और न ही संयुक्त बयान जारी हो पाया। इस परिणाम ने समूची दुनिया को संदेश दे दिया है कि अब भारत अपने हितों से समझौता करने के लिए कतई तैयार नहीं है।

दरअसल भारत चाहता था कि एससीओ पहलगाम हमले की निदां करे और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर स्पष्ट रुख अपनाए। लेकिन चीन की एक बार फिर दगा की दोगली नीति सामने आ गई। एक सदस्य देश ने इस पहलगाम मुद्दे को दस्तावेज में शामिल करने से असहमति जता दी। यह दस्तावेज आतंकवाद से जुड़े तथ्यों के विपरीत था। इसलिए भारत ने इस आतंकी हमले को दस्तावेज में शामिल करने की मांग भी की थी। परंतु इस मांग को नमंजुर कर दिया गया। अध्यक्षता कर रहे चीन का यह रुख पाकिस्तान के प्रति उदारता जताता है, जो सर्वथा पक्षपातपूर्ण है। जबकि बलूचिस्तान की आतंकी गतिविधियों से जुड़ी जफर एक्सप्रेस की घटना इसमें दर्ज थी। इस संगठन का लक्ष्य शामिल देशों की सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक सहयोग को बढ़ाने के साथ आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी और साइबर आपराध जैसे मसलों पर सटीक रणनीति बनाकर उस पर संयुक्त पहल करना भी है। लेकिन जिस तरह से पहलगाम हमले को नजरअंदाज किया गया उससे साफ है कि अध्यक्ष देश की नियत साफ नहीं है।

इस तरह का दोहरा चरित्र इसलिए खतरनाक है कि इसने क्षेत्रीय सहयोग से जुड़े मुद्दों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया। जिसके चलते आतंकवाद की समस्या से निपटना जटिल होगा। क्योंकि पाकिस्तान भारत के विरुद्ध लगातार आतंकी खेल, खेलता हुआ खून की इबारतें लिख रहा है। इस सच्चाई को समूची दुनिया भलीभांति जानती है। स्वयं चीन ने बीजिंग में कुछ वर्ष पहले हुए ब्रिक्स देशों के सम्मेलन के घोषणा पत्र में इस तथ्य को शामिल किया था कि कई बड़े आतंकवादी संगठन पाकिस्तान के सुरक्षित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाते हैं। बावजूद एससीओ की बैठक के संयुक्त बयान में पहलगाम को नजरअंज करना दोगलापन नहीं तो और क्या है? अतएव राजनाथ सिंह ने अभिलेख पर दस्तखत न करके दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि भारत आतंक के विरुद्ध लड़ाई लड़ता रहेगा।

# जगन्नाथ रथ: प्रेम और शांति का संदेश

जगन्नाथ रथ यात्रा यह एक भिन्न रथ यात्रा है जो अपने संपूर्ण यात्रा परिक्षेत्र में ब्राह्मण–दलित, ऊंच–नीच, स्त्री–पुरुष का भेद नहीं करती। जगन्नाथ क्षेत्र एक भेदभाव-मुक्त क्षेत्र है। महाभारत का रथ युद्ध का रथ था, कृष्ण स्वरूप जगन्नाथ का रथ प्रेम और शांति का रथ है। श्रीचैतन्य ने पुरी और मथुरा-वृन्दावन में प्रेम और शांति का ही संदेश दिया था। वे दोनों जगहों पर गए थे।



यह रथ एक कितनी भिन्न कल्पना है, इसमें बलराम-कृष्ण दो भाई और बहन सुभद्रा बैठी हैं। यह परिवार की अवधारणा, भाई-बहन के प्रेम का संदेश है। यहां राधा-कृष्ण नहीं हैं। यह भाई-बहनचारा का मामला है। रथ-रथ में कितना फर्क है। कृष्ण अगर जगत के नाथ हों तो यह विश्व भाईचारा का रथ हुआ।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

जगन्नाथ से जुड़ी एक कहावत है-अपना हाथ जगन्नाथ। यह अपना हाथ ही भगवान है। जय जगन्नाथ कहना काफी नहीं है, थोड़ा-बहुत जगन्नाथ को समझना भी चाहिए। सोने का झाड़ू चलाने देने से कुछ नहीं होगा, यदि रास्ते पर खून के धब्बे हों। बचपन में छोटा टीन का रथ खरीद कर सजाता था, अपने भाई बहनों के लिए खरीद कर लाता था। पास के हावड़ा मैदान में विराट मेला लगता था। फूल के पौधे खरीदता था। फिर रथ पूजा का एक अर्थ हो चुका था तला हुआ पापड़ खाना। उन दिनों की याद आती है। ऐसी नफरत नहीं थी, धर्म धर्म था। हमारा देश कृष्ण की कितनी तरह से कल्पना कर लेता था। मथुरा-वृन्दावन में राधा के साथ तो पुरी में बहन सुभद्रा के साथ। यह आकस्मिक नहीं है कि लोक के कृष्ण कहीं अकेले नहीं हैं, सत्ता के कृष्ण भले अकेले हों। द्वारकाधीश हों या अर्जुन के सारथी-ये कभी लोक आराध्य नहीं हुए। आम लोगों ने हमेशा निर्मल प्रेम करने वाले कृष्ण को जाना, चाहे वे राधा के साथ हों या सुभद्रा के साथ। ये कृष्ण नट-नागर हैं, कलाप्रेमी हैं हथियार प्रेमी नहीं। आज लोग प्रेम करना ही नहीं, कलाएं सीखना और कल्पना करना भी भूल गए हैं।

# ग्रंथों के अध्ययन से रोजगार

हिंदू अध्ययन से विद्यार्थियों को अनेक स्तरों पर लाभ मिल सकते हैं-जिसमें मुख्यतः शैक्षणिक, वैचारिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और आत्मिक लाभ शामिल हैं। इससे भारतीय ज्ञान परंपरा की गहरी समझ विकसित होगी। विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम में वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, धर्मशास्त्र, दर्शनशास्त्र आदि ग्रंथों का अध्ययन करते हैं। यह उन्हें भारत की संस्कृति, धर्म, नैतिकता और जीवनदृष्टि की मूल आत्मा से परिचित कराता है। दर्शन और चिंतन क्षमता के विकास में यह पाठ्यक्रम सहायक होगा क्योंकि पाठ्यक्रम में भारतीय दर्शन जैसे सांख्य, योग, न्याय, वेदांत आदि विषय गहन तार्किकता और विचार-विमर्श को बढ़ावा देते हैं। इससे विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक सोच और तर्कशक्ति में वृद्धि होती है। आत्मिक एवं नैतिक विकास को यह प्रेरित करेगा क्योंकि इसका अध्ययन केवल बौद्धिक ज्ञान नहीं देता, बल्कि आचार, व्यवहार और जीवनशैली को भी प्रभावित करता है। यह विद्यार्थियों को संयम, करुणा, अहिंसा, सेवा, और आत्म-साक्षात्कार जैसे मूल्य सिखाने में कारगर है। इस विषय के अध्ययन के उपरांत विविध करियर विकल्प उपलब्ध हैं, जैसे-शोधकर्ता, शिक्षाविद्, लेखक, धर्मशास्त्री, संस्कृत विशेषज्ञ, अनुवादक, पुरातत्वविद्, संस्कृति विशेषज्ञ, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय विद्या संस्थान, विश्वविद्यालय, संग्रहालय, मीडिया और आध्यात्मिक संगठनों में विभिन्न पदों पर कार्य करने के अवसर शामिल हैं। सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के विकास में उपयोगी यह अध्ययन युवाओं को भारत की आत्मा से जोड़ता है और विद्यार्थियों में गौरवबोध जगाता है तथा भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उनको तैयार करता है। हिंदू अध्ययन का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महत्व है, क्योंकि विदेशों में भारतीय संस्कृति, योग, ध्यान, आयुर्वेद और धर्म का प्रभाव बढ़ रहा है। ऐसे में हिंदू अध्ययन विशेषज्ञों की वैश्विक स्तर पर भी मांग है। आज की वैश्विक दुनिया में जब शिक्षा केवल रोजगार तक सीमित रह गई है, ऐसे समय में हिंदू अध्ययन विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान की गहराई में ले जाता है, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति, मूल्य और आत्म-चिंतन से भी जोड़ता है। हिंदू अध्ययन के अंतर्गत वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, भारतीय दर्शन, पुराण, मंदिर वास्तुकला, सांस्कृतिक परंपराएं, धार्मिक अनुष्ठान और जीवनदृष्टि आदि का अध्ययन होता है। इसका उद्देश्य भारत की मूल आत्मा को समझना, उसका अध्ययन कर प्रामाणिक शोध को आगे बढ़ाना है। इससे विद्यार्थियों को भारतीय दर्शन और नैतिकता की गहराई को समझने का अवसर प्राप्त होगा। उनकी सोचने, तर्क करने और आत्मविश्लेषण की क्षमता का विकास होगा। ऐसे विद्यार्थी शोध, लेखन, शिक्षण और अनुवाद जैसे क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं। भारत के कई विश्वविद्यालयों केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम, निजी विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में हिंदू अध्ययन केंद्र संचालित हो रहे हैं, और संबंधित विषयों पर प्रमाणिक शोध भी हो रहा है जिसमें इस विषय क्षेत्र को नई दृष्टि दी जा रही है। हिंदू अध्ययन केवल अतीत का अध्ययन नहीं, बल्कि भविष्य को दिशा देने वाला मार्ग है। हिंदू अध्ययन न सिर्फ युवाओं की तार्किक व विश्लेषणात्मक शक्ति बढ़ायेगा बल्कि यह उनको भारतीय संस्कृति का बोध कराने और रोजगार के भी विभिन्न अवसर उत्पन्न करने में सहायक सिद्ध होगा।



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

# एमएसपी बढ़ने से रुकेगा किसान आंदोलन!

हाल ही में मोदी सरकार ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए कई फसलों की एमएसपी में इजाफा किया है। सरकार का दावा है कि हर फसल के लिए लागत के साथ 50 फीसदी को ध्यान में रखा गया है। वहीं किसानों के लिए ब्याज छूट को बनाए रखने का फैसला भी लिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर दो लाख तक का लोन चार फीसदी ब्याज पर मिलने की भी व्यवस्था की गई है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड खाते हैं। इससे अब छोटे और सीमांत किसानों को बड़ा फायदा हो सकेगा। यह योजना अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते हुए शुरू की गई थी। इससे किसानों के लिए अपने काम को लेकर लोन लेना आसान हो गया है। इस योजना में दो लाख तक के लोन पर कोई गारंटी नहीं ली जा रही है।

सरकार का दावा है कि किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि से उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सकेगा। खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। गौरतलब है कि एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या इस बार एमएसपी बढ़ने से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! असल में एमएसपी सरकार द्वारा किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। एमएसपी की शुरुआत साल 1967 में हुई थी।



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी, जिससे किसानों को बिचौलियों से शोषण से बचाया जा सकेगा। वहीं इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल रिलेशंस-ऑर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट का अध्ययन बताता है कि खेती की कीमतों को कृत्रिम रूप से कम रखने की पक्षपाती सरकारी नीतियों के कारण देश के किसान वर्ष 2000 के बाद से लगातार घाटा उठा रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि पक्षपातपूर्ण सरकारी नीतियों और कृषि कीमतों के कारण किसानों को वर्ष 2022 में 14 लाख करोड़ रुपए और 2000-2017 के दौरान 2017 की कीमतों पर 45 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसके चलते ही किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं।

असल में एमएसपी को लेकर किसानों ने कई बार आंदोलन किया है। वे हर फसल को एमएसपी पर खरीदने की मांग कर रहे हैं। एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के इस दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी कि जब फसलों की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए, तो सरकार इसकी भरपाई करे। वहीं किसानों को धान-गेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसलों को पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। असल में किसानों का विरोध प्रदर्शन वर्ष 1991 के आर्थिक उदारीकरण से संबंधित लंबे समय से चली आ रही शिकायतों से प्रेरित है, जिसमें कृषि की तुलना में औद्योगीकरण को प्राथमिकता दी गई थी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों, जहां किसान कम फसल लाभ एवं बढ़ती लागत का सामना कर रहे हैं, में संकट बढ़ रहा है। किसानों के अनुसार, उनकी प्रमुख मांगों में प्राथमिक मांग एक ऐसे कानून की है, जो सभी फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी देता है। यह स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट पर आधारित है, जिसमें उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत लाभ मार्जिन की सिफारिश की गई है।

सरकार का कहना है कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी देना अव्यावहारिक होगा, क्योंकि इसमें लॉजिस्टिक चुनौतियां और खरीद की उच्च लागत शामिल है। एमएसपी के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं। असल में एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग-आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है और फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलता है। सीएसीपी ने अपनी मूल्य नीति रिपोर्ट में एमएसपी पर एक कानून बनाने का सुझाव दिया था। ऐसा किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक बताया गया। उसका कहना था कि सरकार को कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे लोगों द्वारा भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन किया जा सके। ऐसा करने के लिए धान और गेहूं के एमएसपी को फ्रीज कर दिया जाए। इससे किसान सरकारी तंत्र पर निर्भरता से बचेंगे और उनका शोषण रुकेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730*इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### आज सुबह 5 से 7 बजे तक ठप रहेगी बिजली आपूर्ति

**सुमेरपुर।** विद्युत पारेषण खंड के अधिशासी अभियंता विक्रम सिंह ने बताया कि 132 केवी सबस्टेशन में भरुआ सुमेरपुर 33 केवी सबस्टेशन में अनुरक्षण कार्य किया जाना है, जिससे रविवार को सुबह 5 से 7 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। इस दौरान भरुआ, सिसोलर, पौथिया, बिवांर, पारा रैपुरा, भरुआ फैक्ट्री एरिया सब स्टेशन की आपूर्ति बंद रहेगी।

### पाटनपुर रोड पर ई-रिक्शा पलटने से 3 लोग घायल

**सुमेरपुर।** बिदोखर-पाटनपुर के दाता आश्रम संपर्क मार्ग पर ई-रिक्शा पलट जाने से तीन लोग घायल हो गए। बिदोखर पुरई निवासी जग्गू ई रिक्शा लेकर मौदहा से गांव लौट रहा था। दाता आश्रम संपर्क मार्ग पर ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में जग्गू के साथ आयुष, नंदकिशोर घायल हो गए। तीनों घायलों का निजी चिकित्सक से उपचार कराया गया।

### करंट की चपेट में आने से राजमिस्त्री की गई जान

**सुमेरपुर।** मुस्करा थाना क्षेत्र के गहरौली निवासी नारायण कुशवाहा (25) गौरी गांव में रामकरन सविता का मकान बना रहा था। शनिवार सुबह सरिया काटने के लिए ग्राइंडर मशीन लगाते समय करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। इससे हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौत के बाद निर्माण कार्य ठप हो गया।

### मामूली विवाद में कुल्हाड़ी से युवक पर किया हमला

**राठ।** जरिया थाना क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी हरिश्चंद्र शनिवार सुबह गांव के रवि की दुकान के पास बैठा था। इसी दौरान गांव के रविंद्र से उसका विवाद हो गया। नशे में रविंद्र ने हरिश्चंद्र पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घायल हरिश्चंद्र को सीएचसी ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### पड़ोसी पर घर में घुसकर छेड़खानी का आरोप

**सुमेरपुर।** थाना क्षेत्र की एक महिला ने मुकदमा दर्ज करते हुए बताया कि उसका पति ट्रक चालक और ज्यादा समय बाहर रहता है। विगत दिनों पति घर आए थे तभी पड़ोसी अमित उर्फ छुन्नू का उसके घर आना जाना हो गया। गत 20 अप्रैल को छुन्नू अचानक घर में घुस आया और छेड़खानी करने लगा विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक कल

**सुमेरपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक सोमवार 30 जून को सुबह 10 बजे से नगर अध्यक्ष के नवीन आवास पर ब्लॉक कार्यालय के निकट होगी। बैठक में इटावा प्रकरण की रणनीति तय करके ज्ञापन सौंपने के साथ साथ जिला कार्यकारिणी का नये सिरे से गठन किया जाएगा। यह जानकारी महासभा के नगर अध्यक्ष रमाशंकर यादव आचार्य जी द्वारा दी गई है। उन्होंने यादव समाज के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में मौजूद रहने की अपील की है।

### समाधान दिवस में सीओ के सामने पांच शिकायतें आईं

**मौदहा।** महीने के चौथे शनिवार को कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी विनीता पहल ने की। इस दौरान कुल पांच शिकायत दर्ज की गईं, जिनके निस्तारण के लिए टीमों को भेजा गया। थाना समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी विनीता पहल ने शिकायतों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। हालांकि समाधान दिवस पर सुबह से मौसम खराब होने का असर पड़ा। समाधान दिवस में मात्र पांच शिकायतें दर्ज की गई, जो सभी राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। जिनके समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्व निस्तारण के साथ राजस्व विभाग के लेखपालों की अगुवाई में टीमों को भेजा गया है। इस दौरान इंस्पेक्टर क्राइम चंद्रशेखर गौतम और राजस्व विभाग के लेखपाल मौजूद रहे।

### एक हफ्ते बाद दर्ज हुई चोरी की रिपोर्ट, जांच शुरू

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अरतरा निवासी गुरु प्रसाद ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 21 जून को वह परिवार सहित मेरठ गया था तभी रात में चोरों ने सूना घर पाकर घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और पंद्रह हजार रुपये की नकदी पार कर दी। पीड़ित ने बताया कि उसके भाई ने फोन पर ताला तोड़कर चोरी होने और सामान बिखरा होने की सूचना दी थी जिसपर वह तत्काल मेरठ से वापस लौट आया और देखा कि घर का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था और नकदी के साथ जेवरात भी चोर ले गए थे पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ‘माननीय’ की दौड़ी गाड़ी, मरीज की बाइक रोकी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



यमुना पुल पर बैरीकेडिंग लगने से परेशान रहे बाइक सवार। अमृत विचार


यमुना पुल पर काम करते पीएनसी के कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर-सागर नेशनल हाईवे पर स्थित जर्जर यमुना नदी के पुल की कोठी में बेयरिंग बदलने को लेकर शनिवार की सुबह से पुल को दो दिन के लिए फिर बंद कर दिया गया है। शनिवार को रुक-रुक कर हुई बारिश के दौरान कार्यदायी संस्था की टीम ने मौके पर पहुंचकर बेयरिंग बदलने का काम शुरू कर दिया। प्रेशर जैक से कोठी को उठाकर पुरानी बेयरिंग निकाली गई। यमुना पुल पर बैरीकेड्स के कारण जहां बच्चे और बुजुर्ग पांच किमी पैदल चल कर थक गए, वहीं एक जनप्रतिनिधि की गाड़ी नियमों को दरकिनार कर पुल पर दौड़ती दिखी।

शनिवार की सुबह छह बजे से ही पुल के दोनों तरफ बैरियर लगाकर एक बार फिर से हाईवे ब्लॉक कर

- **फालिसग्रस्त चाचा को मनकी होते हुए ले गया बाइक सवार**
- **48 घंटे के लिए बंद हुआ यमुना पुल, बेयरिंग का काम शुरू**

दिया गया। सभी तरह के वाहनों की निकासी पर रोक लगा दी गई। नेशनल हाईवे का रखरखाव करने वाली कार्यदायी संस्था पीएनसी के चार इंजीनियर और करीब 15 एक्सपर्ट वर्कर काम करने पहुंचे, लेकिन किन्हीं कारणों के चलते काम शुरू करने में थोड़ा समय लगा। पिछले शनिवार और रविवार को कोठी नंबर 15 और 17 पर बेयरिंग बदलने का काम हुआ था। इस बार भी दो कोठियों की बेयरिंग बदलने का अनुमान लगाया जा रहा है। पुल को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया। इस दौरान एक ‘माननीय’ की स्कार्पियो गाड़ी सारे नियम-कायदों को तोड़ते हुए यमुना पुल पर गुजरते दिखी। इनकी गाड़ी निकलने के मात्र पांच मिनट बाद ही फालिस की बीमारी से ग्रसित पप्पू का घाटमपुर इलाज कराने बाइक से जा रहे बाइक सवार भतीजे मुकेश को रोक दिया गया, जिसे मनकी होते हुए घाटमपुर जाना पड़ा।

पुल बंद होने के चलते दिन भर लोगों को 5 किमी तक पैदल चलना पड़ा। दूधिया अपने सिर पर पीपे लादकर पुल पर आते जाते दिखे। कानपुर जाने वाले वाहनों को प्रशासन द्वारा किए रूट डायवर्जन के अनुसार लगभग 35 से 60 किमी अतिरिक्त का सफर करना पड़ा। सोमवार की सुबह छह बजे से एक बार फिर से पुल से वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा।

# तालाब में डूबे अधेड़ का पांच दिन बाद मिला शव

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- **तीन दिन तक शव की तलाश करती रही एनडीआरएफ**

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के टूंका गांव में पांच दिन पहले एक तालाब नुमा एक गहरे पानी में एक अधेड़ गया था। काफी खोजबीन के बाद भी अधेड़ का शव नहीं मिला था। यहां तक कि एनडीआरएफ की टीम भी काफी तलाशने के बाद हताश हो गई थी। शनिवार की सुबह तालाब में अधेड़ का शव उतराता मिलने से हड़कंप मच गया। शव देख परिजनों में चीत्कार मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

गौरतलब है कि बीते 24 जून को मझगवां थाने के खड़ाखर गांव निवासी संतोष कुमार रैकवार (45) पुत्र लालदास टूंका गांव के पास स्थित तालाब नुमा गहरे गड्ढे में नहाने के लिए गया हुआ था। नहाने के दौरान अचानक वह गहरे पानी में डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने अधेड़ की तलाश शुरू कर दी। लेकिन कामयाबी हासिल नहीं हो सकी थी। 25 जून को लखनऊ से आई एनडीआरएफ की टीम तीन दिनों तक तालाब में शव की तलाश करती रही, लेकिन टीम भी शव को खोज नहीं पाई।

शनिवार की सुबह अचानक तालाब में संतोष का शव उतराता मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का तालाब से बाहर निकाल शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने बताया कि पांच दिनों तक पानी में शव के डूबे रहने से वह सड़ गया था।

# ट्रक में घुसी कार, एक की मौत

## सुमेरपुर फैक्ट्री एरिया में आधी रात हुआ हादसा, फैक्ट्री से तेज रफ्तार निकला था ट्रक

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


आदर्श सिंह।



ट्रक से टक्कर के बाद कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर सुमेरपुर फैक्ट्री एरिया के पास शुक्रवार की रात करीब एक बजे ढाबे में खाना खाकर वापस लौट रहे युवकों की तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई, जिससे सभी कार सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने कार चालक को मृत घोषित कर दिया। एक गंभीर घायल को कानपुर रेफर किया गया है। दो को मामूली चोटें आई हैं।

कानपुर के बर्रा निवासी आदर्श सिंह चंदेल (27) सुमेरपुर कस्बे की यूनीलीवर कंपनी में काम करता था। शुक्रवार को वह सुमेरपुर निवासी अपने साथी सम्राट गुप्ता

- **ढाबे में खाना खाकर सुमेरपुर कस्बे लौट रहे थे कार सवार**
- **तीन युवक घायल, गंभीर हालत में एक युवक कानपुर रेफर**

(27), राहुल श्रीवास्तव (25) और विशाल सैनी (28) के साथ चन्दपुरवा गेट के पास ढाबे में खाना खाने गया था। सम्राट गुप्ता ने बताया कि रात करीब एक बजे चारों लोग कार से वापस सुमेरपुर लौट रहे थे। इसी बीच यूनीलीवर फैक्ट्री से तेज रफ्तार निकले ट्रक में कार पीछे से घुस गई, जिससे वह चारों लोग घायल हो गए।

हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने आदर्श सिंह चंदेल को मृत घोषित कर दिया। आदर्श ही कार चला रहा था। गंभीर रूप से घायल विशाल सैनी को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेजा गया, जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया। हादसे में सम्राट गुप्ता व राहुल श्रीवास्तव को मामूली चोटें आई है। ये दोनों कार की पिछली सीट पर बैठे थे। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को अस्पताल से घर भेज दिया गया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### चौकी इंचार्ज बोले, नशे में थे कार सवार चारों युवक

फैक्ट्री एरिया चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह का कहना है कि कार चालक शराब के नशे में धुत थे। फैक्ट्री गेट से निकल रहा ट्रक भी तेज रफ्तार में था, जिससे दोनों वाहनों के चालक रफ्तार को संतुलित नहीं कर सके और हादसा हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला है, जिसकी तलाश की जा रही है।

# सीमेंट लदा ट्रक सुमेरपुर रेलवे क्रॉसिंग में फंसा, दो ट्रेनें फंसीं

**लापरवाही**

संवाददाता, सुमेरपुर

- **चित्रकूट एक्सप्रेस को 45 मिनट स्टेशन में रोका गया**
- **मानिकपुर-कानपुर पैसेंजर डेढ़ घंटे आउटर में खड़ी रही**


सुमेरपुर रेलवे क्रॉसिंग में फंसा सीमेंट से लदा ट्रक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्रवार की रात कस्बे में जेके सीमेंट लाद कर आ रहा ट्रक रेलवे क्रॉसिंग में लंबाई की वजह से फंस गया। क्रॉसिंग बंद न होने से पैसेंजर ट्रेन करीब डेढ़ घंटे आउटर पर खड़ी रही, जबकि चित्रकूट एक्सप्रेस को 45 मिनट रेलवे स्टेशन पर रोका गया। गेट बंद न होने पर जंजीर डालकर आवागमन रोका गया और फिर दोनों ट्रेनें पास कराई गईं।

जेके सीमेंट फैक्ट्री से रेलवे स्टेशन के डंपिंग ग्राउंड में ट्रांसपोर्ट की गाड़ियों के जरिए सीमेंट लाई जाती है, जो डंपिंग ग्राउंड में उतारने के बाद रैक में लोड होती है। शुक्रवार की देर शाम करीब 8:00 बजे एक ट्रक जेके सीमेंट फैक्ट्री से सीमेंट लाद कर डंपिंग ग्राउंड जा रहा था, तभी कस्बे के रेलवे क्रॉसिंग पर लंबा ट्रक होने की वजह से फंस गया। इससे रेलवे का गेट नहीं बंद हो पा रहा था।

रेलवे क्रॉसिंग बंद न होने के कारण मानिकपुर से कानपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन करीब डेढ़ घंटे आउटर पर खड़ी रही। उधर, चित्रकूट एक्सप्रेस करीब 45 मिनट तक स्टेशन पर रोकी गई। इन ट्रेनों के खड़े होने से सवारियां परेशान रहीं। लंबे ट्रक को निकलवाने के लिए आरपीएफ के घाटमपुर चौकी इंचार्ज राजकुमार सहित रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हाइड्रा मंगवा कर रात साढ़े दस बजे ट्रक को हटवाया, तब कहीं जाकर रेलवे ट्रैक खुल सका।

# चंद्रावल नदी की होगी सफाई

संवाददाता, मौदहा


सिजनौड़ा में बैठक को संबोधित करते ग्राम प्रधान प्रहलाद निषाद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक जिला एक नदी योजना के तहत मौदहा विकास खंड की चंद्रावल नदी को चयनित किया गया है। सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर नदी की सफाई कराई जाएगी, जिसको लेकर सिजनौड़ा में एक गोष्ठी आयोजित की गई।

विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सिजनौडा में ग्राम प्रधान प्रहलाद निषाद के नेतृत्व में एक सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें चंद्रावल नदी की सफाई व नदी में जमी सिल्ट साफ करने के साथ ही विलायती बबूल के झाड झंखाड़ को साफ कर नदी को मूल स्वरूप में लाने का काम किए जाने की रणनीति बनी। नदी किनारे स्थित ग्राम पंचायतों के साथ ही स्वयं सेवी संस्थाओं की भी सहायता ली जाएगी। उसी काम को अंतिम रूप देने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस दौरान राजकुमार सिंह, उत्तम सिंह, मनीष शुक्ला, रामबाबू गुप्ता, सभासद वीरेंद्र सहित लगभग दो दर्जन से अधिक युवा बैठक में मौजूद रहे। बताते चलें कि सरकार की ओर से चलाई जाने वाली एक नदी एक जनपद योजना के तहत जनपद में विकासखंड की चंद्रावल नदी का चयन किया गया है। जिसके चलते चंद्रावल नदी को चार दशक पहले के रूप में लाने का काम किया जाएगा।

### कूड़ा डालने में पीटा

**सुमेरपुर।** इंगोहटा गांव में कूड़ा डालने के विवाद में दो भाइयों ने गालीगलौज करते हुए पड़ोसी के साथ मारपीट की। इंगोहटा निवासी प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि पड़ोसी विवेक विश्वकर्मा, सुजीत विश्वकर्मा ने कूड़ा डालने के विवाद में गाली गलौज करके जमकर पीटा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# अवैध संबंधों के शक में पति ने पत्नी को पीटा

संवाददाता, राठ

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने परिजनों के विरूद्ध मारपीट करने की तहरीर दी है।

कोतवाली के अकौना गांव निवासी अनोज कुमारी ने बताया कि उनकी शादी 2015 को दिलीप के साथ हुई थी। बताया कि शादी के एक साल बाद उन्होंने एक बेटे को जन्म दिया। इसके बाद से पति उनकी शक्ल सूरत को लेकर ताने देने लगा। पति कहता था कि वह दिखने में खूबसूरत नहीं है। महिला का आरोप है कि उसके परिजनों और पति उसका उत्पीड़न करने लगे। आरोप लगाया कि उनके पति के किसी अन्य महिला से अवैध संबंध हैं। उन्होंने कई बार पति को उस महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा है। बताया कि जब उसने इसका विरोध किया पति ने उसे जमकर पीटा। मारपीट से उसके गले की हड्डी भी टूट गई थी। कोतवाल रामासरे सरोज ने बताया जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### जेठ के खिलाफ तहरीर

**बिवांर।** मौदहा के पिपरौंदा रोड निवासी वंदना ने तहरीर देकर बताया कि चार साल पहले मवईजार में उसकी शादी हुई थी। उसकी एक साल की पुत्री है। पति अनिरुद्ध वर्मा दिल्ली में मजदूरी करता है। जेठ राजेश कुमार शराब के पीने का आदी है। जेठ उस पर बुरी नीयत रखता है। बात न मानने पर अभद्रता कर मारपीट करता है। जेठ से आहत होकर मायके में शरण लिए है। जहां मजदूरी कर गुजारा कर रही है। एसआई राजेश कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर मिली है। जांच कर जेठ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


मघई नाले में जमा पनचिरई हटाने में जुटे सफाई कर्मी। अमृत विचार

### मानसूनी बरसात देख कुरारा के मघई नाले की सफाई तेज

**कुरारा।** कस्बा सहित क्षेत्र में दो दिन से बरसात हो रही है। कस्बे में बारिश का पानी मघई नाले से निकलता है। नाले में झाड़-झंकार के साथ पनचिरई पानी के बहाव को रोक रही है। जलभराव से निपटने के लिए नगर पंचायत की टीम ने मघई नाला की सफाई शुरू कर दी है। नाले में हमीरपुर-कालपी हाईवे से सफाई शुरू हुई है। नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने बताया कि नाला में पनचिरई होने से जलनिकासी कम हो रही थी। जलभराव की समस्या को देखते नाले की सफाई कराई जा रही है। ज्यादा बारिश होने पर नाला के उफनाने से हाईवे के ऊपर से पानी निकलने लगता है।


संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक करते एडीओ। अमृत विचार

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बनी रूपरेखा

**राठ।** गोहांड खंड विकास कार्यालय में शनिवार को बैठक हुई, जिसमें संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनूप शर्मा ने ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सचिवों को कार्ययोजना के अनुसार ग्राम पंचायत में झाड़ी कटान, नाली सफाई, जलभराव, एंटी लार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग कराने के बारे में बताया। सीएचसी के अधीक्षक डॉ. अंजुम निरंजन ने 11 जुलाई से 21 जुलाई तक चलने वाले दस्तक अभियान की जानकारी दी। बैठक में ब्लाक के सभी प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, सहायक विकास अधिकारी, खंड प्रेरक उपस्थित रहे।

### जनपद में खुलेंगे 6 एग्री जंक्शन केंद्र, युवाओं को मौका

**हमीरपुर।** प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना के अन्तर्गत जनपद के विकास खंडों पर वन स्टॉप शॉप (एग्री जंक्शन) से संबंधित केंद्र खोले जाने जाएंगे। उप कृषि निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि एग्री जंक्शन के लिए कृषि स्नातक युवाओं का चयन जिला स्तरीय समिति करेगी। आवेदक की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। अनुसूचित जाति/महिलाओं को पांच वर्ष की छूट मिलेगी। गृह ब्लाक में ही आवेदन कर सकते हैं। कृषि विभाग की वेबसाइट https://agridarshan.up.gov.in अथवा https://agriculture.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन जमा करने की तिथि 20 जुलाई हो गई है।

### आंखों की जांच में 13 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले

**बिवांर।** मुस्करा ब्लाक के बांधुर बुजुर्ग में बुंदेलखंड उत्थान संस्था की ओर से सद्गुरु सेवा ट्रस्ट जानकीकुंड ने नि:शुल्क नेत्र शिविर लगाया। शिविर में एक सैकड़ा से अधिक नेत्र रोगियों ने आंखों का परीक्षण कराया। टीम में शामिल डॉ.प्रदीप रजक, गौरव तिवारी ने बताया कि नेत्र परीक्षण के बाद 13 लोगों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई है, जिनमें से दो लोग जानकीकुंड निशुल्क ऑपरेशन करवाने के लिए जा रहे हैं। 50 से अधिक रोगियों को नि:शुल्क चश्मा और ड्रॉप वितरित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक डॉ.रोहित सिंह राजावत, प्रधान प्रतिनिधि तौफीक, पंचायत सहायक अजय कुमार सहित दर्जनों ग्रामवासी मौजूद रहे।

**इंगोहटा का हाल** — संचारी रोग नियंत्रण अभियान की हकीकत बयां कर रही गंदगी, कीचड़ के बीच रहने को मजबूर ग्रामीण

# डीएम साहब! यहां मंडरा रहा बीमारियों का खतरा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


इंगोहटा गांव में कीचड़ भरे रास्ते से गुजरतीं महिलाएं। अमृत विचार


कुरारा में संचारी रोग नियंत्रण की बैठक करते प्रभारी बीडीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रशासन संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्रतिमाह बैठक कर स्वच्छता का संदेश दे रहा है, लेकिन धरातल में हालत बहुत खराब है। सुमेरपुर ब्लाक की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत इंगोहटा में गंदगी का साम्राज्य है। गंदगी से लोगों का चलना दूभर है। गंदा पानी बस्ती के मध्य एकत्र होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए सफाई कर्मियों, पंचायत सचिवों, ग्राम प्रधानों को शासन की गाइड लाइन से अवगत कराया जा रहा है, लेकिन धरातल में इसका कोई असर नहीं है। इंगोहटा के रहुनियां मोहल्ले की गीता, राधा, चुनूवादी, फूलचंद, रंजीत कुमार, राम सिंह, राकेश सोनकर, जितेंद्र कुमार, रोहित सोनकर आदि ने बताया कि ग्राम प्रधान की उदासीनता से गंदगी का साम्राज्य है। लोग कीचड़ से होकर गुजरने को मजबूर हैं। प्रधान को बार-बार समस्या बता रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

कीचड़ के साथ बस्ती का गंदा पानी बस्ती के मध्य एकत्र होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा बन रहा है। प्रधान प्रतिनिधि गुरु प्रताप सिंह परिहार का कहना है कि उन्होंने दो दिन पूर्व सफाई कराई है। बस्ती के लोग रास्ते में जानवर बांधते हैं, इससे गंदगी होती है। मना करने के बावजूद नहीं मान रहे सफाई न करने का आरोप बेबुनियाद है। एडीओ पंचायत सुरेश कुमार ने कहा कि गंदगी की फोटो और वीडियो आए हैं। प्रधान को सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं। वह सोमवार को गांव जाकर सफाई का स्वतः निरीक्षण करेंगे।

### कुरारा ब्लाक में बैठक कर बनाई गई रूपरेखा

कुरारा। स्थानीय विकासखंड के सभागार में संचारी रोग नियंत्रण की बैठक प्रभारी खंड विकास अधिकारी राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें लोगों को संचारी रोग नियंत्रण के प्रति जागरूक करने पर बल दिया गया। बैठक में सहायक विकास अधिकारी पंचायत धर्मेंद्र पाल ने बताया कि 1 जुलाई से संचारी रोग नियंत्रण में नालियों की सफाई, जलनिकासी, हैंडपंप मरम्मत के कार्यों के साथ ग्रामीणों को जागरूक करने और ग्राम पंचायत को पूर्ण रूप से ओडीएफ करने, पॉलिथीन प्लास्टिक मुक्त ग्राम बनाने का प्रयास करने पर जोर दिया। वहीं गांव में बने आरआरसी सेंटर का संचालन के साथ घर-घर कूड़ा कलेक्शन करने तथा ग्राम पंचायत की बैठक में निर्धारित स्वच्छता शुल्क लेकर आय बढ़ाने पर जोर दिया।

# बिजली गिरने से श्रमिक की मौत, पांच झुलसे

## चार बकरियों की भी गई जान, जनपद में तीन जगह हुआ बज्रपात

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में शुक्रवार और शनिवार को झमाझम बारिश हुई। यहां बारिश के दौरान दो अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने से एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि पांच लोग झुलसे और चार बकरियों की जान चली गई। ग्राम प्रधान ने पशु चिकित्साधिकारी को फोन कर बकरियों का पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की है।

थाना अजनर के महुआबांध गांव निवासी देवेंद्र विश्वकर्मा (27) पुत्र ज्ञानदीन विश्वकर्मा खेत जाते समय गिरी बिजली की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जैतपुर प्रतिनिधि के अनुसार मुढारी गांव निवासी गणेश पाल बकरी पालन करता है, जंगल में बकरियां चराते समय अकाशीय बिजली की चपेट में आने से पशुपालक की चार बकरियों की मौत हो गई।

कुलपहाड़ प्रतिनिधि के अनुसार कस्बा कुलपहाड़ निवासी गिरजा दयाल (42) पुत्र कल्लू, प्रेमचन्द (35) पुत्र दीनदयाल, भुपेंद्र (32) पुत्र कन्हैयालाल, लल्लू कुशवाहा (25) मोहम्मद सईद (20) मेहनत मजदूरी के लिए भटेवरा रोड पर पहाड़ में पत्थर तोड़ने का काम करने गए थे, तभी लौटते समय तेज बारिश होने के कारण सभी लोग टैक्टर ट्रॉली के नीचे बैठ गये। इसी बीच बादल गरजने के साथ आकाशीय बिजली के गिरने से सभी लोग झुलस गये। शोरगुल सुनकर आस पास के लोगों ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे तहसीलदार प्रमित सचान व राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार ने पीड़ितों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। और उन्हें सरकारी मदद दिलाए जाने का आशवासन दिया।



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज कराते घायल। अमृत विचार

# बारिश से बेलाताल-थुरट पुल पर पानी, कई गांवों का संपर्क कटा

**महोबा।** जिले में शनिवार को हुई झमाझम बारिश के चलते गलियां, मैदान पानी से भर गए। वहीं बेलाताल-थुरट मार्ग पर पुल के ऊपर से पानी बहने से आवागमन बाधित हो गया। तेज बारिश के बाद पुल के ऊपर से पानी निकलने के कारण कई गांव का संपर्क कट गया है। जिससे लोगों को एक से दूसरे गांव में आने जाने के लिए पानी का जल स्तर घटने का घंटों इंतजार करना पड़ा।

शुक्रवार रात और शनिवार को सुबह करीब तीन घंटे हुई तेज बारिश के चलते पेड़ और मलवा बहकर पुल पर अटक गया, इससे पानी का बहाव और दबाव बढ़ गया। इसके चलते पानी पुल के ऊपर से निकल कर रास्ते से बहने लगा। इससे मार्ग में पानी के तेज बहाव के चलते आवागमन बाधित हो गया। तेज बारिश बावजूद इसके ग्रामीण जोखिम उठाकर टैंपों और बाइक से निकलते रहे, जो खतरनाक भी हो सकता था। हालांकि कई लोग पुल को पार करने से कतराते हुए लौट गए और जलस्तर कम होने का इंतजार करते रहे। पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण ग्रामीणों की पानी देखने के लिए भीड़ जमा हो गई। तेज बारिश के चलते थुरट, जैतपुर के मार्गों में जगह जगह कीचड़ और पानी भर जाने से लोगों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। इसी तरह शहर में हुई बारिश से कच्चे मार्ग कीचड़युक्त हो गए। कई मार्गों में बड़े बड़े गड्ढे होने से पानी भर जाने के कारण बाइक और स्कूटी सवार परेशान हुए।



पुल के ऊपर से बहता पानी। अमृत विचार



अलम जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार

# शहर में आधा दर्जन स्थानों पर युवा खेलते हैं अलाव

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- 1 से 10 तारीख तक होते हैं अलग-अलग कार्यक्रम
- इमाम चौक और घरों में पढ़े जा रहे मरसिए

**अमृत विचार।** मोहर्रम पर्व को लेकर मुस्लिम बाहुल इलाकों में चहल पहल बढ़ गई है। कोई अलाव खेलने की तैयारी में जुटा है, तो कोई ढाल सवारी तैयार कर रहा है। मोहर्रम का चांद दिखने के बाद इमाम बाड़ों में ताजियां बनाने का काम तेज हो गया है। जिससे देर रात तक इमाम बाड़ों में ताजिया बनाने का काम चलता रहता है। ताजिया बनाने में बच्चों का भी सहयोग रहता है। मोहर्रम की नौवीं तारीख को अलाव खेला जाता है।

शहर में लगभग आधा दर्जन स्थानों पर अलाव खेला जाता है। अलाव खेलने वाले नौजवान मोहर्रम की एक तारीख से मोहर्रम की 10 तरीख तक बहुत एहतराम के साथ हर काम करते है। इमामबाड़ों में जाकर उस्ताद से अलाव खेलने के नए नए गुर सीखते है। उधर अलाव का आयोजन करने वालों ने प्रशासन से अलाव की अनुमति ले ली है और अलाव करने की तैयारियां शुरू कर दी है। शहर के मुहल्ले काजीपुरा, हवेली दरवाजा, चैसियापुरा, जुमा बाजार, बजरिया, सहित आधा दर्जन मुहल्लों में अलाव खेला जाता है। तीन दशक पहले महोबा में इक्का दुक्का स्थानों पर ही अलाव खेला जाता था। मोहर्रम को लेकर देर रात तक 10 दिनों तक चहल पहल बनी रहती है। किसी दिन अलम जुलूस, दुलदुल जुलूस, बुर्राख, ढोल जुलूस, अलम गिरोह जुलूस निकाले जाते है। इतना ही नहीं एक से मोहर्रम की 10 तारीख तक प्रति दिन इमाम चौक और घरों में मरसिये की गूंज सुनाई देती है।

### अलम जुलूस में मर्सियों से गूंजा शहर

शहर के मुहल्ला चैसियापुरा से मोहर्रम की एक तारीख को इरशाद अली और अलीम सिद्दीकी के नेतृत्व में अलम गिरोह जुलूस निकाला गया, जो मुहल्ला मिलकीपुरा, रजा कॉलोनी, ऊदल चौक होते हुए मुहल्ला कत्तीपुरा पहुंचा जहां पर इमाम चौक में मर्सिये पढे़ गए। इसके बाद जुलूस परम्परागत रास्तों से होता हुआ पुन : चैसियापुरा में पहुंच कर समाप्त हो गया। अलम गिरोह जुलूस के दौरान जाहिद अली, तौहीद अली, शेख मुकीम, रमजान अली, रिजवान अली, तामीर उद्दीन वहीद उल्ला, अफजाल सिद्दीकी, मुबीन अली, आमिल और हाफिज सुबहान सहित तमाम लोगों ने शिरकत की। सभी लोग मर्सिए पढते हुए चल रहे थे।

# समाज की एकता और समरसता पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के सभागार में सद्भावना सम्मेलन का अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री विपिन कुमार जौहरी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाज की समरसता और एकता पर जोर दिया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष आनंद कुमार जौहरी के बुंदेलखंड दौरे के पर उनका भव्य स्वागत किया गया। सम्मेलन में गिरजेश कुमार खरे, एडवोकेट को महासभा का प्रदेश सचिव एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य सरगम खरे को महिला जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई, इसके बाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के मीटिंग हॉल में सम्मेलन का आयोजन किया गया। सद्भावना सम्मेलन में बुंदेलखंड क्षेत्र से आए अनेक विशिष्ट अतिथियों और स्थानीय लोगों ने सहभागिता की। सम्मेलन में समाज की एकता, समरसता एवं संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। राष्ट्रीय महामंत्री विपिन जौहरी ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति से निरंतर संवाद और सम्पर्क बनाये रखना आज की जरूरत है, जिससे संगठन मजबूत हो और सामाजिक हितों की रक्षा की जा सके। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष आनंद कुमार जौहरी ने आह्वान किया कि समाज के जो लोग सक्षम हैं, चाहे वे किसी भी क्षेत्र में हों, उन्हें समाज के कमजोर वर्गों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष विजय निगम बांदा, जिलाध्यक्ष चित्रकूट व जिलाध्यक्ष महोबा दुर्गा प्रसाद खरे सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं में रंजन श्रीवास्तव, मनीष शंकर अमिष्ट, मोहित खरे, अरुण कुमार खरे, संतोष खरे, ओमप्रकाश खरे, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, प्रदीप निगम समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने सारगर्भित विचार रखे। अंत में नवमनोनीत प्रदेश सचिव गिरजेश कुमार खरे ने सभी आगंतुकों व कार्यक्रम को सफल बनाने वाले प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। यह सम्मेलन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जनपद महोबा इकाई द्वारा आयोजित किया गया, जिसने न केवल संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिया बल्कि समाज में नई ऊर्जा का संचार भी किया।



दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# थाना समाधान दिवस में आईं 52 शिकायतें, 3 का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** एसपी प्रबल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को थाना समाधान दिवस हुआ। पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। दिवस में आई 52 शिकायतों में से मात्र तीन का मौके पर निस्तारण हुआ। शेष शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

थाना कबरई में जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की बारिश के बाद भी भारी भीड़ जुटी। एक के बाद एक फरियादियों ने एसपी से अपनी समस्या बताई। एसपी ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनका निस्तारण गुणवत्ता एवं निष्पक्ष तरीके से करने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर प्राप्त शिकायतों के शत-प्रतिशत निष्पक्ष तरीके से समाधान करने के निर्देश दिए। कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य से समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है, जिससे राजस्व और अन्य समस्याओं से संबंधित मामलों का पुलिस और प्रशासनिक टीम के जरिए निस्तारण किया जा सके।

**कुलपहाड़ में एडीएम और एएसपी ने सुनीं समस्याएं :** अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह ने अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश के साथ थाना कुलपहाड़ पहुंच कर संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं। राजस्व संबंधी शिकायतों के मामलों में राजस्व विभाग और पुलिस की टीम भेजकर मौके पर समस्या का निस्तारण कराया। क्षेत्राधिकारी चरखारी, रविकांत गौंड ने थाना चरखारी में मौजूद रहकर जनसमस्याओं की सुनवाई की, और फरियादियों की समस्याओं को सुन निस्तारण करने के निर्देश दिए।



फरियादियों की समस्याएं सुनते एसपी। अमृत विचार

## जमीन गिरवीं रखने से आहत महिला ने दी जान

**महोबा।** पति की मौत के बाद उसकी जमीन परिजनों ने गिरवीं रख दी, और कर्ज ले लिया। जिससे मृतक की पत्नी टेंशन में रहने लगी। इधर ब्याज समेत कर्जा बढ़ता देख महिला ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली चारखारी के सबुआ गांव निवासी राजकुमारी अहिरवार के पति नारायणदास की कुछ माह पहले मौत हो गई। पति की मौत के बाद राजकुमारी के घर वालों ने जमीन को गिरवीं रख दिया, जिससे खेती से साल भर के लिए होने वाला अनाज, दाल और तेल के लिए लाही सरसों की पैदावार बंद हो गई। इधर पति के जीवित न रहने से पत्नी किसी तरह घर का खर्च चला रही थी, लेकिन जमीन के गिरवीं रखे होने से आर्थिक स्थिति दिन प्रतिदिन बदतर होने लगी। इससे महिला ने फांसी लगा ली।

श्रद्धा-भाव | जगन्नाथ मंदिर से शुरू हुई यात्रा, जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत

# भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने को उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कस्बा जैतपुर में अषाढ़ शुक्ल पक्ष में भगवान श्रीजगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा शनिवार की रात को निकाली गई। यात्रा के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। रात का समय के होने के बाद भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। रथ यात्रा के दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने रथ खीचा। मंदिर से शुरू हुई रथ यात्रा पूरे नगर में भ्रमण के बाद पुनः मंदिर पहुंची। रथ यात्रा के दौरान जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा।

जगन्नाथ मंदिर से यात्रा का शुभारंभ किया गया। परम्परा के अनुसार भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलरामजी की पूजा अर्चना और मंगल आरती की गई। श्रद्धालुओं ने हाथों से रथ खीचते हुए पूरे नगर का भ्रमण कराया। रथ खीचने के प्रति भक्तों में होड़ लगी रही। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। नगर के चौराहे और गली में जय श्री जगन्नाथ के जयकारे गूंज उठे।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने रथ को स्पर्श कर आर्शीवाद लिया। जगह जगह भगवान का पुष्पवर्षा से स्वागत कर आरती की गई। महिलाएं, बच्चियां और बुजुर्ग दीप जलाकर परिवार की सुख शांति की कामना करते दिखाई दिए। श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद बांटा गया। यात्रा बाबा विश्वनाथ मंदिर भी पहुंची। वहां भगवान जगन्नाथ की परिक्रमा और आरती भी की गई। यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। रथ यात्रा श्रद्धा और भक्ति के साथ शांति से निकाली गई।



रथ में विराजे भगवान जगन्नाथ। अमृत विचार



यात्रा में मुस्तैद पुलिस। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### समस्याओं को लेकर हलधर किसान यूनियन ने एसपी से की भेंट

**महोबा।** हलधर किसान यूनियन ने समस्याओं को लेकर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर प्रार्थना पत्र सौंपा। इस दौरान कस्बा कबरई में यातायात व्यवस्था के साथ भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने एंव बड़े वाहनों का रूठ डायवर्ट किए जाने की मांग की। जिस पर एसपी ने समस्याओं का निराकरण कराए जाने का किसान नेताओं को आशवासन दिया। एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि पत्थर मंडी कबरई में वाहनों की आवाजाही अधिक होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती है। यदि बड़े वाहनों का रूट बदल दिया गया तो दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी। किसानों ने बाईपास रोड चालू कराने की भी मांग की। जिससे वाहनों की नगर के अंदर आवाजाही कम हो जाने से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा। और लोग नगर के अंदर सुरक्षित तरीके से आवाजाही कर सकेंगे। प्रार्थना पत्र में बताया कि नवीन गल्ला मंडी में चल रही घटतौली और व्यावारियों द्वारा लामबंद होकर किसानों के साथ मारपीट और गाली गलौज एंव अभद्रता किए जाने की भी शिकायत की गई, लेकिन सिर्फ आशवासन मिला। समस्याओं का निराकरण न करके भाजपा सरकार की क्षवि धूमिल की जा रही है। भ्रष्ट अधिकारियों को संरक्षण मिलने से उनके हौसले बुलंद है।

### समाज हित के लिए लड़ाई लड़ेगा मछुआरा समुदाय

**जैतपुर महोबा।** नवीन मत्स्य जीवी सहकारी समिति छितरवारा में शनिवार को मछुवा समुदाय के लोगों ने नवीन कार्यकारिणी समिति के पदों के गठन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में समिति के लोगों ने सर्वसम्मति के साथ करन रैकवार को समिति अध्यक्ष चुना गया, जबकि सचिव पद का कार्यभार मुकेश रैकवार को सौंपा गया। समिति गठन के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी गई साथ ही पदाधिकारियों ने समाज हित और अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़े जाने पर जोर दिया। विकासखंड जैतपुर की ग्राम पंचायत छितरवारा में मछुवा समुय की बैठक में नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति के साथ गठन करते हुए करन रैकवार को समिति अध्यक्ष और मुकेश रैकवार को सचिव पद के लिए मनोनीत किया गया। जबकि खुस्वी रैकवार, भवानीदीन, हरी सिंह, मालती, दीनदयाल निवासीगण ग्राम छितरवारा, कृष्णकांत ग्राम कुड़ई, मकुंदी, ओमपाल निवासीगण ग्राम पचारा, गोपाल, भागवत, मंगू निवासीगण ग्राम थुरत, परमलाल, लच्छू धनप्रसाद सहित तीन लोग समिति कार्यकारिणी मंस सदस्य के रुप में शामिल हुए। बैठक के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई देकर मुह मीठा कराया और अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने की बात कही। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि समिति के गठन के बाद हम सब मिलकर अपने अधिकारों की लड़ाई लडेगे और तालाब पोखरों में सिंघाडा, मत्स्यपालन का कार्य समुदाय के व्यक्तियों द्वारा ही किया जाएगा। कहा कि जागरूकता और जानकारी के अभाव में अन्य वर्ग के ठेकेदारों नेसमाज को भ्रमित कर पुश्तैनी कार्य का ठेका लेकर जमकर कमाई कर रहे हैं समुदाय का शोषण किया जा रहा है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### इटावा में व्यास की चोटी काटे जाने से नागा अखाड़ा नाराज

**अछल्दा, औरैया।** इटावा जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र अंतर्गत दांदरपुरा गांव निवासी भगवताचार्य की चोटी काटे जाने की घटना से पूरे संत समाज में आक्रोश फैल गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मध्य प्रदेश से सूर्य शक्ति अखाड़ा एवं नागा अखाड़ा दतिया के प्रतिनिधिमंडल ने अछल्दा पहुंचकर विरोध जताया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश स्वरा और नन्द सरस्वती ने कहा कि आचार्य की चोटी काटना व्यास पीठ का घोर अपमान है। यह कृत्य सनातन धर्म और संत परंपरा पर सीधा हमला है, जिसे कतई बर्दाशत नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय सचिव स्वामी विश्वनाथ गिरी, स्वामी पार्थ एवं संत बृजराज दास जी भी अछल्दा पहुंचे, लेकिन आचार्य के आवास पर ताला बंद मिला। बावजूद इसके, उन्होंने मौके पर मौजूद लोगो से बातचीत की और घटना की गंभीरता पर गहरा रोष व्यक्त किया। संत समाज ने इस घटना को धर्म और आस्था पर आघात बताया।



वार्ता के दौरान जानकारी देते अखाड़ा के साधु-संत। अमृत विचार


**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, इटावा**

पत्रांक :- एस0एस0ए0/ गुण0वि0/ 1931 /2025-26 दिनांक: 26. 06.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक के पत्र संख्या-प्री-प्राइमरी/चाइल्ड फ्रेन्डली /11482/2024-25 दिनांक- 28.03.2025 के क्रम में जनपद के 286 बाल-बाटिका एवं को-लोकेटेड आंगनबाड़ी वाले विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक शिक्षा हेतु चाइल्ड फ्रेन्डली फर्नीचर क्रय हेतु जैम पोर्टल पर निविदा संख्या- GEM/2025/B/6386833 Dated:26-06-2025 अपलोड की गयी है। बिड से सम्बन्धित नियम व शर्तें https://gem.gov.in/ पर उपलब्ध है। इच्छुक फर्म दिनांक- 26.06.2025 से दिनांक- 07.07.2025 अपराह्न 03: 00 बजे तक ऑनलाइन जैम पोर्टल पर डाउनलोड व अपलोड कर सकते है।

**(डा0 राजेश कुमार)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**इटावा**



**सम्मन विनावर इनफिसाल मुकदमा**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)**
**व अदालत श्रीमान चकबन्दी अधिकारी मऊ जिला चित्रकूट मुद्दई**
**ता0पेशी- 01.07.2025**
नम्बर मुकदमा- 56 रेस्टे0
साकिन- लौरी
**बल्देव प्रसाद**
बनाम
**सरकार**
विनोद पुत्र ललदिया, नि0-लौरी तह0 मऊ जि0 चित्रकूट
1. छोटे लाल पुत्र सूरजपाल नि0-लौरी तह0 मऊ जि0 चित्रकूट, 2. राजबहादुर पुत्र अवसेरी, नि0-लौरी तह0 मऊ जि0 चित्रकूट, मोहनलाल पुत्र सूरजपाल नि0-लौरी तह0 मऊ जि0 चित्रकूट
दरगाह ने आपके नाम एक नालिस वावत के दायर वाद, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आ0 ता0 01 माह 07 सन् 20 2.5 ई0 बवक्त बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के अदालत से करार बाबई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमर अइन मुतालिक मुकदमें का जवाब दे सकते थे, जिसके साथ कोई शख्स हो जवाब ऐसे सवालात को दे हाजिर हो औरजबाब देहीदात काकरे और दरगाह वही तारीख जो आपके इजराय के लिए मुकररदेह (वास्ते इन मैसर्स कतई मुकदमा की तहजीब हुई है आप को लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिसका आप अपनी जबाब देही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करने आपको इत्तला दी जाती है कि अनरववाज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैर हाजिर मजकूर और फैसला होगा। बरख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज तारीख 11-04 सन् 2025 ई0 जारी किया गया।
**आज्ञा से**
**न्यायालय चकबन्दी अधिकारी**
**जनपद-चित्रकूट**



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
मैं **सियारानी उर्फ पुष्पा देवी पत्नी स्व0 सियाराम निवासिनी ग्राम रसूलपुर मजरा समेसी तहसील मोहनलालगंज जनपद लखनऊ,** मेरे आधार कार्ड नम्बर-8641 2092 0914 में विवाह पूर्व पिता के यहाँ आधार कार्ड में त्रुटिवश पुष्पा देवी नाम दर्ज हो गया था तथा विवाह के पश्चात ससुराल में आधार कार्ड, बैंक खाता, पैन कार्ड, राजस्व अभिलेखों, पहचान पत्र, राशन कार्ड में विधवा पेन्शन, गैस एजेन्सी, आयुष्मान कार्ड. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमण पत्र व ईश्रम कार्ड में सियारानी नाम दर्ज है। मैं सियारानी व पुष्पा देवी दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हैं तथा मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाय।

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मैं **सुन्दारा पत्नी रामदास निवासी वीरशाहपुर परगना फखरपुर तहसील महसी जनपद बहराइच,** मेरे बैंक जिसकी खाता सद्र 50350262158 है के खतौनी व आधारकार्ड जिसका न0 962193256320/962193256380 पर सुन्दारा पत्नी रामदास दर्ज अभिलेख है। जो सही है। मेरे दो अलग-2 नाम है। सुन्दारा व केतका दोनों नाम एक ही महिला के है। इनके अलावा कोई अन्य महिला नही है।

**सूचना**
मेरे बचत खाता में मेरा नाम प्रिया सिंह अंकित हो गया है जबकि मेरे अन्य कागजात शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में मेरा नाम प्रिया सिंह चंदेल अंकित है जो की सही है जिसे खाते में सही दर्ज कर दिया जाए। **प्रिया सिंह चंदेल पुत्री रविंद्र सिंह चंदेल निवासी ग्राम गोकना पोस्ट कोटिया ऊंचाहार रायबरेली 229404 उत्तर प्रदेश**

**सूचना**
मैंने अपने छोटे पुत्र तौफीक हुसैन व उसकी पत्नी अनम बेगम के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होंगे- **जाकिर हुसैन पुत्र शब्बीर हुसैन व चांदतारा बेगम निवासी-गांधीनगर थाना-बिधूना -तहसील -बिधूना- जनपद- औरैया।**

**सूचना**
मैंने अपने बड़े पुत्र अनुज सिंह व उसकी पत्नी नीरु देवी के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होंगे- **सुशीला देवी पत्नी रणधीर सिंह व रणधीर सिंह पुत्र छविनाथ सिंह ग्राम बेलामऊ सरैया थाना इंदरगढ़ जनपद कन्नौज।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित हो कि श्री विन्ध्याचल सिंह पुत्र स्व0 श्री जगदम्बा बक्स सिंह ग्राम व पोस्ट-दुल्हूपुर, तहसील-जलालपुर, जिला-अम्बेडकरनगर। फर्म विन्ध्याचल सिंह, ग्राम व पोस्ट -दुल्हूपुर, तहसील-जलालपुर, जिला-अम्बेडकरनगर, के साझेदार की मृत्यु दिनॉक 26.03.2025 को हो गयी है। उनके स्थान पर एक अन्य साझेदार श्रीमती रीता सिंह पत्नी स्व0 श्री विन्ध्याचल सिंह ग्राम व पोस्ट- दुल्हूपुर, तहसील-जलालपुर, जिला-अम्बेडकरनगर को दिनॉक 01.05.2025 से साझेदार के रूप में शामिल हुयी हैं। **निवेदक गौरव सिंह साझेदार फर्म विन्ध्याचल सिंह, ग्राम व पोस्ट- दुल्हूपुर, तहसील-जलालपुर, जिला-अम्बेडकरनगर।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पहचान पत्र (आधार कार्ड एवं पैन कार्ड) में त्रुटिवश मेरा नाम Madhu Shribasotiya व जन्मतिथि 01/01/1994 हो गया है जोकि गलत है। सही नाम Madhu Shree Basotiya व जन्मतिथि 08/11/1993 है। उपरोक्त दोनों नाम व जन्मतिथि एक ही महिला के है। भविष्य में Madhu Shree Basotiya **निवासी- उपरहितन पुरवा जानकी नगर गोण्डा** के नाम से जाना पहचाना जाए।


रामघाट से ट्रैक्टर में सामान भरकर ले जाते दुकानदार। अमृत विचार


तीर्थक्षेत्र में रामघाट जलमग्न होने से बंद की गई दुकानें। अमृत विचार


एलआईसी चौराहे पर गड्ढों से गुजरती कार। अमृत विचार

# तेज बारिश से सड़कों पर जलभराव, मंदाकिनी का जलस्तर बढ़ा

## तीर्थ क्षेत्र सहित आस-पास के गांवों में बाढ़ जैसे हालात, बिजली गिरने से तीन बकरियों की मौत, किशोर झुलसा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** कई दिनों की रुक रुककर धीमी तो कभी तेज बारिश के बाद शुक्रवार रात से लगातार तेज झमाझम से मौसम सुहावना हुआ पर जगह-जगह जलभराव से लोगों की दिक्कतें भी बढ़ीं। तीर्थक्षेत्र में मंदाकिनी का जलस्तर बढ़ने से रामघाट पर दुकानदारों को अपना सामान समेटना पड़ा।

लगातार बारिश होने से सड़कों पर पानी भर गया। कुछ जगहों पर हालात इस कदर खराब हो गए कि पानी भर जाने के बाद पता ही नहीं चलता कि गड्ढे में सड़क है या सड़क पर गड्ढा। अधिकारी सड़क के चौड़ीकरण करने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ ले रहे हैं। 24 घंटों से लगातार पहाड़ों पर हो रही मूसलाधार बारिश से जिले की लाइफ लाइन मंदाकिनी नदी भी रौद्र रूप में आ गई। इससे तीर्थ क्षेत्र सहित आस पास के गांवों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। सीतापुर संवाददाता के अनुसार, रामघाट पर पानी इस कदर बढ़ गया है कि लोग दुकानें खाली करने लगे। सीढ़ियों के ऊपर तक पानी बढ़ गया। कई लोगों को अपना सामान समेटने में दिक्कत हुई। मौके पर प्रशासन की टीमें हैं। बाढ़ के लिए बनाई गई चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हर पांच से दस मिनट में एक फिट तक पानी बढ़ता ही जा रहा है। तुलसीदास घाट व मंदाकिनी आरती स्थल पर भी जलभराव हो गया है। पुलिस ने भी बैरिकेड करके वाहनों का रामघाट जाने से प्रवेश रोक दिया है।


बरदहा नदी में बाढ़ से रपटे के ऊपर से बह रहा पानी। अमृत विचार

**मानिकपुर में नदी में उफान, दोनों ओर फंसे लोग :** मानिकपुर तहसील अंतर्गत बरदहा नदी में बाढ़ आ गई। चमरौहा रपटे के पास काफी ऊपर से नदी का पानी बहने से आवागमन प्रभावित हुआ। दोनों तरफ सैकड़ों की संख्या में लोग फंसे रहे। कई दशक से इस रपटे पर पुल की मांग ग्रामीण कर रहे हैं। लगभग पचास गांव-मजरों का शहर से संपर्क कट गया है।

पहाड़ी संवाददाता के अनुसार बिजली की चपेट में आने से तीन बकरियों की मौत हो गई। चरवाहा झुलस गया। जानकारी के अनुसार थाना सरधुआ अंतर्गत ग्राम औदहा निवासी प्रमोद कुमार का पुत्र पंद्रह वर्षीय गौरव करीब आधा दर्जन बकरियों को चराने रैपुरवा की ओर गया था। शनिवार दोपहर करीब दो बजे अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। वह बकरियों को घर की ओर ले जाने के लिए भगा रहा था कि तभी तेज गरज के साथ बिजली गिरी, जिसके चपेट में आने से तीन बकरियों की मौत हो गई।गौरव बुरी तरह झुलस गया। घटना की सूचना पर सब इंस्पेक्टर अरविंद पांडेय व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि औदहा अशोक कुमार मौके पर पहुंचे।


मंदाकिनी में बाढ़ से किनारे पर खड़ीं नावें। अमृत विचार

**मऊ में भी बारिश से हुई दिक्कत**

मऊ संवाददाता के अनुसार कस्बे में भी तेज बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि कई जगहों पर जलभराव से आवागमन में दिक्कत हुई। कौशांबी इंटर कालेज के पीछे सड़क ध्वस्त है। यहां गड्ढों में जलभराव से लोगों में रोष दिखा। यह रास्ता बियावल संपर्क मार्ग को मऊ से जोड़ता है। इसी मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोग निकलते हैं।

### बारिश से किसानों के चेहरे खिले

राजापुर (चित्रकूट)। कस्बे सहित ग्रामीण अंचलों में शनिवार को मानसून की बरसात से किसानों के चेहरे खिल उठे। उधर, सड़कों पर कीचड़ व पानी भर जाने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। किसान हरिश्चंद्र पांडेय बताते हैं कि इस बरसात से खरीफ की फसल को मानो अमृत मिल गया।, फसलों को पानी की नितांत आवश्यकता थी। लो वोल्टेज व बिजली की लुकाछिपी के चलते किसानों के ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे है। इस बरसात से किसानों को बड़ी राहत जरूर मिली है। युवा किसान अमित उर्फ दीपू मिश्रा अर्की ने बताया कि 15 जून से लेकर 15 जुलाई तक मानसून की बारिश हो जाती है तो सिंचित के साथ असिंचित फसलों धान, ज्वार, बाजरा, तिल, मूंग आदि में कीड़ा नहीं लगता। अधिक उपज होती है।



भाकियू की महापंचायत में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

# वन, उद्योग के गैरहाजिर अधिकारियों का रोका वेतन

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों को जल्द निस्तारित करें। जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में अनुपस्थित वन विभाग व उद्यान विभाग के अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया। उन्होंने अफसरों को विभागीय योजनाओं में प्रगति कराने को कहा। बताया कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना शुरू की है, जो रोजगार को बढ़ावा देने के लिए है। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक को निर्देश दिए कि सभी बैंकों के माध्यम से अधिक से अधिक ऋण वितरण कराकर रोजगार मुहैया कराया जाए। धारा 80 की लंबित पत्रावलियों को उपायुक्त उद्योग केंद्र संबंधित तहसीलों से संपर्क करके एक सप्ताह के अंदर निस्तारित कराएं। उन्होंने एक जनपद एक उत्पाद ऋण सहायता योजना में प्रगति कराने को कहा। राज्य कर उपायुक्त को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा ई-मेल के माध्यम से भेजी गई नोटिस वैट नियमावली के नियम 72 के अनुसार वैध तामीली नहीं है, उसको नियमतः कराएं कि व्यापारियों को कोई समस्या न हो।

# किसानों की समस्याओं को हल कराया जाएगा : राजबीर सिंह

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव राजबीर सिंह जादौन ने किसानों को भरोसा दिया कि खेती किसानी की समस्याओं को शासन-प्रशासन से हल कराया जाएगा और चुप नहीं बैठा जाएगा। वह शनिवार को मऊ में किसान महापंचायत में बोल रहे थे।

इसके पूर्व जादौन ने कर्वी में पटेल चौक पर सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मऊ में किसान महापंचायत को संबोधित किया। बताया कि किसानों की समस्याओं पर राज्यस्तरीय बैठक में चर्चा की जाएगी और सरकार को भी बताया जाएगा। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने जिले की समस्याओं से राष्ट्रीय महासचिव को अवगत कराया। बताया कि बिजली का संकट है। सरकार प्राथमिक विद्यालयों को बंद करना चाहती है। अन्ना मवेशियों से फसलें चौपट हो रही हैं। सहकारी समितियों में खाद नहीं मिल पा रही। किसानों ने इस दौरान पंप कैनालों द्वारा संचालित नहरों के रखरखाव में अनियमितता की बात कही। इन्होंने धनराशि के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की। कानपुर जोनल अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी ने संगठन को मजबूत करने के लिए ग्राम इकाई पर कमेटियों के गठन की आवश्यकता जताई। महापंचायत में तय किया गया कि जिले में 15 जुलाई तक अन्ना मवेशियों को गौशालाओं में संरक्षित नहीं किया गया तो विकास भवन पर किसान अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान डा. दिवजेंद्र सिंह, दिनेश प्रताप, भगत सिंह राजपूत, राजपाल सिंह चंदेल, रामकरण सिंह, ओमनारायण गर्ग, उदयनारायण सिंह, छोटेबाबा पीढ़ियां, अरुण कुमार पांडेय, अर्जुन सिंह, सिद्धार्थ विक्रम सिंह, शिवदयाल सिंह बघेल, नीलकंठ द्विवेदी, नरेश तिवारी, शैलेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### चेते जिम्मेदार...


चित्रकूट के मऊ नगर पंचायत मऊ के ब्लॉक मार्केट के पास मऊ महिला पुल की यमुना रोड एवं बियावल रोड को जोड़ने वाली सड़क लगातार ओवरलोड वाहनों के आवागमन के चलते धंस गई थी। इससे आयेदिन हादसे होते थे। 'अमृत विचार' ने इस संबंध में प्रमुखता से समाचार छापे, अपने 28 जून के अंक में भी समाचार प्रकाशित किया। खबर छपते ही लोक निर्माण विभाग ने गिट्टी डलवाकर गड्ढों को समतल करा दिया। इससे लोगों ने चैन की सांस ली। छात्र संघ के पूर्व महामंत्री रोहित द्विवेदी, युवा अभिनव द्विवेदी, भाजपा नेता अर्चित शुक्ला, डॉ. मनीष तिवारी, डॉ. राजा शुक्ला, प्रकाश शुक्ला, बेटू बाजपेई, विकास द्विवेदी, विपुल पांडेय, अमन द्विवेदी, प्रकाश निषाद, शादाब गनी, अंकित त्यौंथा, लकी जयसवाल आदि ने अखबार की जनसरोकार संबंधी पत्रकारिता पर धन्यवाद दिया। • अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### भविष्य को लेकर चिंतित हैं सेवा प्रदाता कंपनी के कर्मचारी

**रामनगर।** सेवा प्रदाता कंपनी सुपर फास्ट मल्टी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड पर रिपोर्ट दर्ज होने और चार्जशीट दाखिल होने पर इसके कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। इन्होंने नाम छिपाते हुए बताया कि उनको पांच माह से मानदेय नहीं मिला। गौरतलब है कि कर्मचारियों के पीएफ का ब्यौरा न देने के आरोप में तत्कालीन डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह ने सर्विस प्रदाता कंपनी सुपर फास्ट मल्टी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड पर कर्वी कोतवाली में गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसकी विवेचना के बाद कोर्ट में विवेचक ने चार्जशीट भी दाखिल कर दी। जानकारी के मुताबिक, कंपनी के तहत ब्लाकों में कार्यरत सभी कर्मचारी तब से काम पर लगे हैं। बताया जाता है कि कई जगहों पर इनको उपस्थिति रजिस्टर में हाजिरी लगाने से रोक भी लगाई गई है। एक अधिकारी ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए बताया कि सभी ब्लाकों में कर्मचारियों की कमी है। इसी वजह से मजबूरी में इनसे काम लिया जा रहा है। ऐसे में इन कर्मचारियों के भविष्य को लेकर फिलहाल कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं। कंपनी के किसी प्रतिनिधि से संपर्क नहीं हो सका, जिससे उसका पक्ष जाना जा सके।

### अधिक कर जमा करने वाले व्यापारियों को किया सम्मानित

**चित्रकूट।** दानवीर भामाशाह जयंती के अवसर पर शनिवार को व्यापारी कल्याण दिवस मनाया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अध्यक्ष जिला पंचायत अशोक जाटव, अध्यक्ष जिला कोआपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने जिले में अधिक राज्य कर जमा करने वाले व्यापारी एमपी जायसवाल, जयप्रकाश पांडेय, अशोक कुमार सिंह, नीरज कुमार, देवेश जैन, संतोष कुमार, रितेश केशरवानी, रामबाबू गुप्ता, बृजेश त्रिपाठी आदि व्यापारियों को स्मृतिचिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। इस मौके पर उपायुक्त उद्योग केंद्र एसके केशरवानी, राज्य कर उपायुक्त विक्रम अजीत, उपनिदेशक पर्यटन आरके रावत, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, सहायक आयुक्त राज्य कर हरिनाथ यादव, राज्य कर अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी, मनोज कुमार श्रीवास्तव, एक्सईएन मनोज कुमार सिंह, शिव कुमार, व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री ओम केशरवानी, जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सुनील द्विवेदी, गुलाब चंद्र गुप्ता, शिवपूजन गुप्ता, अरुण कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे। इसके पूर्व डीएम सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मां भगवती लोकगीत पार्टी ने गोपाल कृष्ण मिश्रा के निर्देशन में गीत प्रस्तुत किए।

### जिला कांग्रेस कमेटी का गठन

**चित्रकूट।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने जिला कांग्रेस कमेटी की कमेटी का अनुमोदन कर दिया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने बताया कि कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष रंजना पांडेय, शिवगुलाम वर्मा, अवधेश करवरिया, अनिल गुप्ता, विनय सिंह चौहान, जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी, कामता प्रसाद द्विवेदी, कालीचरण राजपूत, सत्येंद्र सिंह, जिला सचिव यमुना शुक्ला, भगवानदीन समदरिया, कुलदीप द्विवेदी, मेहंदी हसन, इंद्रपाल कोल, राजेश सिंह, कमलाकांत शुक्ला को बनाया। 33 सदस्यीय कमेटी का अनुमोदन किया।

### सड़क हादसे में फल विक्रेता के इकलौते बेटे की मौत

राजापुर (चित्रकूट)। सड़क हादसे में एक फल विक्रेता के इकलौते बेटे की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, गोस्वामीनगर निवासी जगदीश प्रसाद सोनकर के तीन वर्षीय पुत्र अजीत कुमार को शनिवार को एक बोलेरो ने उस समय टक्कर मार दी, जब वह घर जा रहा था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिवारीजनों को रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जगदीश ने बताया कि यह इकलौता पुत्र था। इससे एक छोटी बेटी अर्चित (2) की है। एसओ प्रवीण सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज से बोलेरो का पता लगाया जा रहा है।

### पुलिस अधीक्षक ने थाना दिवस में सुनीं समस्याएं

**मानिकपुर।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह और उप जिलाधिकारी मो. जसीम ने शनिवार को थाना दिवस पर लोगों की समस्याएं सुनीं। संबंधित अधिकारियों से कहा कि इनका समयबद्ध और पारदर्शिता से निस्तारण करें। भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम को मौके पर जाकर निपटारा करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश, अपराध निरीक्षक विनय विक्रम सिंह व राजस्व विभाग के लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में थाना पहाड़ी में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में थाना पहाड़ी में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष पंकज तिवारी मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने किया मारकुंडी थाने का मुआयना

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को थाना मारकुंडी का आकस्मिक निरीक्षण किया। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक श्यामप्रताप पटेल को परिसर, महिला हेल्पडेस्क, कार्यालय, मालखाना व हवालात में सफाई कराने, बरसात के मद्देनजर बिजली व्यवस्था ठीक कराने, छतों पर पानी को निकालने की व्यवस्था कराने, टूटे पाइपों को बदलवाने तथा पौधरोपण कराने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

### आरोपी गिरफ्तार, गांजा बरामद

**चित्रकूट।** चौकी प्रभारी शिवरामपुर शनि चतुर्वेदी ने पिंटू गुप्ता पुत्र बब्बू प्रसाद गुप्ता निवासी शंकर बाजार को सवा किलोग्राम सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस टीम में उप निरीक्षक कैलाशनाथ यादव, आरक्षी सचिन कुमार और विवेक कुमार शामिल रहे।

### ट्रकों की भिड़ंत में दोनों चालक घायल

**पहाड़ी।** दो ट्रकों की आमने सामने भिड़ंत से दोनों ट्रक के चालक घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, शनिवार को इटवा डुडैला गांव के पास मानिकपुर-सतना हाईवे पर दो ट्रक भिड़ गए। इसमें ट्रक चालक राजू कुमार सरोज पुत्र रामबहादुर निवासी मेउहर थाना करारी (कौशांबी) और पवन कुमार सोनकर पुत्र स्व. बड़कू निवासी गोतनी थाना गढ़ी मानिकपुर (प्रतापगढ़) घायल हो गए।

### चोरी करने पहुंचे और बाइक छोड़कर भागे

**बरगढ़।** ट्रैक्टर चोरी करने की नीयत से पहुंचे चोर पड़ोसी के जाग जाने पर भाग गए। वे अपनी बाइक भी छोड़ गए। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात थाना बरगढ़ अंतर्गत मुरका ग्राम पंचायत निवासी लवकेश कुशवाहा के घर चोर ट्रैक्टर चोरी करने की नीयत से घुसे थे। इसी दौरान पड़ोसी रामपाल की नींद खुल गई। इसपर उन्होंने शोर मचाया तो चोर भाग निकले। वे मौके पर अपनी बाइक छोड़ गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी शिवआसरे ने बताया कि मौके पर मिली बाइक से चोरों की जल्द पहचान हो जाएगी।

**उपेक्षा** बरुआ संपर्क मार्ग को लेकर अधिकारी, जनप्रतिनिधि उदासीन

# चुनाव के दौरान आश्वासन, अबतक नहीं बनी सड़क

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** शासन के वादे, प्रशासन के दावे धरातल पर आकर दम तोड़ देते हैं। अगर ऐसा न होता तो बरुआ संपर्क मार्ग कब का बन गया होता। सड़क की बदहाली से परेशान ग्रामीणों ने चुनाव तक का बहिष्कार कर जिम्मेदारों का ध्यान खींचा और मिली तो सिर्फ आश्वासन की घुट्टी। बरसात में तो ग्रामीणों का आवागमन लगभग ठप हो जाता है। एक बार फिर ग्रामीणों ने प्रशासन को पत्र भेजकर इस संबंध में ध्यान आकृष्ट कराने की कोशिश की है।

पांच वर्ष से सड़क ध्वस्त हो जाने से लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि बरसात में तो इससे निकलना दूभर है। बच्चों को, बुजुर्गों को बहुत ज्यादा दिक्कत होती है। राजापुर छीबो रोड खोहरा बाबा देवस्थान से सात किलोमीटर दूर स्थित बरुवा गांव जाने के लिए एकलौता संपर्क मार्ग बरुआ संपर्क मार्ग है। सड़क पर गड्ढे हैं। इस मार्ग में रगौली, रुपौली, रीठी, तीरमऊ, भदेवरा, नोनागर, बरुवा, टिकरा, कुर्मीपुरवा आदि गांव-मजरों के लोगों का आवागमन होता है। क्षेत्रीय लोगों भल्ला त्रिपाठी, राजनारायण, कैलाश, जितेंद्र, अनिल, अरविंद, जयचंद, कृष्ण कुमार, मोहम्मद, राजू सिंह, दिनेश सिंह, रंगनाथ सिंह, मुंशीलाल गुप्ता आदि लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग को बनवाने की मांग की है।


बदहाल बरुआ संपर्क मार्ग। अमृत विचार

### सांसद ने लिखा कार्यदायी संस्था को पत्र


सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल ने बताया कि लोकसभा चुनाव के समय ग्रामीणों ने इस सड़क के संबंध में बताया था। बताया कि उन्होंने प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखा है। नादिन कुर्मियान के खोरहा बाबा मोड़ से लेकर बरुआ संपर्क मार्ग के अलावा रगौली तक रोड निर्माण के लिए पत्र लिखा गया है।

### विभाग द्वारा की जा रही औपचारिकता : रिंकू


समाजसेवी रिंकू शुक्ला ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा प्रशासन से मार्ग बनवाने की मांग की जा रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा महज़ औपचारिकता पूरी की जा रही है। इस सड़क से रोजाना सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है। राजापुर तहसील मुख्यालय और ब्लाक रामनगर जाने के लिए बरुआ, रुपौली, रगौली, तीरमऊ समेत दर्जनों गांव के लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

### अफसर और जनप्रतिनिधि बने अनजान : पूरन


पूरन सिंह ने बताया कि कई बार जिले के जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया गया लेकिन आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ। हालात यह है कि बरुवा गांव का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट चुका है और लगभग आठ किलोमीटर दूर पैदल चलने के बाद ही साधन की व्यवस्था हो पाती है। बारिश होते ही पूरी तरह से आवागमन बाधित हो जाता है वहीं सड़कों पर फिसल फिसल लोग गिर रहे हैं।

# स्कूलों को मर्ज करने का विरोध

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** कम बच्चों वाले परिषदीय स्कूलों की पेयरिंग (युग्मन) करने की सरकार की नीति के विरोध में समाजवादी छात्रसभा की जिला इकाई ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन कर जुलूस निकाला। बाद में उप जिलाधिकारी राकेश पाठक को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। छात्रसभा जिलाध्यक्ष रोहित यादव ने कहा कि विद्यालयों के युग्मन से गांव-मजरों के बच्चों को बहुत दिक्कत होगी। यह उनके अधिकारों का हनन है। संसाधन उपलब्ध न कर पाने के कारण ही सरकार इस तरह के निर्णय ले रही है।

रोहित ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा परिषद के कम बच्चों के नामांकन वाले विद्यालयों का दूसरे स्कूलों में युग्मन करने का निर्णय लिया है। यह फैसला अनुचित है। चित्रकूट जिला आकांक्षी और पिछड़ा है, जिसमें विद्यालयों के युग्मन से ग्रामीण क्षेत्र मजरों, दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के बाल अधिकारों का हनन होगा। यह निर्णय छात्र ,शिक्षक ,शिक्षा और जनहित के विरुद्ध है। बताया कि कई विद्यालयों की दूरी अधिक तथा रास्ता सुगम न होने से बच्चे अभी भी विद्यालय जाने में असमर्थ हैं पर सरकार ने इसके लिए कोई समुचित व्यवस्था नहीं की है। सपाइयों का कहना था कि जब से भाजपा सरकार आई है लगातार शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा। शिक्षा, नौकरी, रोजगार सरकार के एजेंडे में शामिल नहीं है। यह आदेश सरकार के तुगलकी की फरमान को दर्शाता है। सरकार का ध्यान विद्यालय खोलने पर न जाकर मदिरालय खोलने पर है। सपाइयों का कहना था कि सरकार ने अपना निर्णय नहीं बदला, विद्यालय मर्जर की प्रक्रिया में रोक नहीं लगाई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर मान सिंह पटेल, सुजीत कुशवाहा, भरत सिंह, अभिलाष यादव, मोहन प्रजापति, कुशल यादव, मुकेश कोटार्य, राजकुमार, ज्ञानेंद्र, इंद्रजीत पाल, मो. अब्दुल्ला, मो. अहद, अजीत, असावरदीन, रंजीत, अनिल पटेल, सोनू, अखिलेश आदि मौजूद रहे।


ज्ञापन देने पहुंचे समाजवादी छात्रसभा के युवा। अमृत विचार

# प्रस्तावना पवित्र, आपातकाल में जोड़े शब्द नासूर

## उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं, आपातकाल के दौरान किया गया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं है, लेकिन भारत में आपातकाल के दौरान इसे बदला गया जो संविधान निर्माताओं की बुद्धिमत्ता के साथ विश्वासघात का संकेत है।

उन्होंने कहा कि 1976 में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में जो शब्द जोड़े गए, वे नासूर थे और उथल-पुथल पैदा कर सकते हैं। उपराष्ट्रपति ने एक पुस्तक विमोचन समारोह में कहा, यह हजारों वर्षों से इस देश की सभ्यतागत संपदा और ज्ञान को कमतर आंकने के अलावा और कुछ नहीं है। यह सनातन की भावना का अपमान है। धनखड़ ने प्रस्तावना को एक बीज बताया जिस पर संविधान विकसित होता है। उन्होंने कहा कि भारत के अलावा किसी दूसरे देश में संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया गया। धनखड़ ने कहा, इस प्रस्तावना में 1976 के 42वें संविधान (संशोधन) अधिनियम के जरिये बदलाव हुआ था। संशोधन के माध्यम से इसमें समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द जोड़े गए थे। यह न्याय का उपहास है कि जिस चीज को बदला नहीं जा सकता, उसे आसान ढंग से, हास्यास्पद तरीके से और बिना किसी औचित्य के बदला गया और वह भी आपातकाल के दौरान जब कई विपक्षी नेता जेल में थे। धनखड़ ने आगाह करते हुए कहा, आप गहराई से सोचें, तो पाएंगे कि हम अस्तित्वगत चुनौतियों को पंख दे रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि बीआर आंबेडकर ने संविधान पर कड़ी मेहनत की थी और उन्होंने निश्चित रूप से इस पर ध्यान केंद्रित किया होगा। धनखड़ ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब आरएसएस ने गुरुवार को संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा का आह्वान किया था। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के इस आह्वान की आलोचना की। विपक्ष ने इसे राजनीतिक अवसरवाद और संविधान की आत्मा पर जानबूझकर किया गया हमला करार दिया है। होसबाले के बयान से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

### हिमंत ने समाजवादी-धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की हिमायत की



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को दावा किया कि समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष पश्चिमी अवधारणाएं हैं तथा इन शब्दों को संविधान से हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन शब्दों को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल किया था और इनका भारतीय सभ्यता में कोई स्थान नहीं है। शर्मा ने कहा कि मैं धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता हूं? मैं कट्टर हिंदू हूं। मुसलमान कट्टर मुसलमान होता है। वह धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता है? असम में द इमरजेंसी डायरीज : इयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर नामक पुस्तक के विमोचन के बाद हिमंत ने कार्यक्रम में यह बात कही थी। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (जो उस समय आरएसएस के युवा प्रचारक थे) के साथ काम करने वाले सहयोगियों के अनुभवों और अन्य अभिलेखीय सामग्रियों पर आधारित है। पुस्तक 1975-77 के दौरान आपातकाल और इसके प्रतिरोध आंदोलन में मोदी की भूमिका का वर्णन करती है।

# बलभद्र, सुभद्रा संग भगवान जगन्नाथ पहुंचे मौसी के घर



ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा उत्सव के दौरान लोग भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचते श्रद्धालु।

**पुरी रथ यात्रा**

- मान्यता अनुसार गुंडिचा मंदिर देवताओं की मौसी का घर, जहां हर साल जाते हैं जगन्नाथ

पुरी, एजेंसी

पुरी में रथ यात्रा शुरू होने के एक दिन बाद शनिवार को भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के रथ अपने गंतव्य गुंडिचा मंदिर पहुंच गए। गुंडिचा मंदिर को देवताओं की मौसी का घर माना जाता है जो हर साल जगन्नाथ मंदिर से निकलकर मौसी के घर जाते हैं।

गुंडिचा मंदिर 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर से 2.6 किलोमीटर दूर है। देवता नौ दिन बाद मुख्य मंदिर चले जाएंगे। वापसी की रथ यात्रा को 'बहुदा यात्रा' कहा जाता है जो इस साल पांच जुलाई को होगी। इससे पहले दिन में जय जगन्नाथ और हरि बोल के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने आज सुबह 10 बजे तीनों रथों को फिर से खींचना शुरू किया। पुरी में 27 जून की रात रथयात्रा रोक दी गई थी। रथों को शुक्रवार शाम तक गुंडिचा मंदिर पहुंचना था, लेकिन भगवान बलभद्र का तालध्वज रथ के एक मोड़ पर फंस जाने से श्रद्धालुओं को ग्रैंड रोड पर रुकना पड़ा, जिससे अन्य दो रथ भी आगे नहीं बढ़ सके। परंपरा के अनुसार, सबसे आगे तालध्वज रहता है, उसके बाद देवी सुभद्रा का रथ 'दर्पदलन' और भगवान जगन्नाथ का रथ 'नंदीघोष' रहता है। विधि मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, मुख्य सचिव मनोज आहूजा, पुलिस महानिदेशक वाई. बी. खुरानिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारी को भगवान जगन्नाथ के 'नंदीघोष' रथ को खींचते दिखे। रथों के अपने गंतव्य पहुंचने पर इन्हें गुंडिचा मंदिर के बाहर रखा गया। औपचारिक शोभायात्रा के बाद देवताओं को रविवार को मंदिर के अंदर ले जाया जाएगा।

### 10 लाख श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने कहा, हम रथ यात्रा के संचालन के लिए श्रद्धालुओं समेत सभी हितधारकों को धन्यवाद देते हैं। डीजीपी वाईबी खुरानिया ने कहा कि शनिवार को रथ यात्रा के दौरान बीमार पड़े 600 से अधिक श्रद्धालुओं का इलाज कराया गया। शुक्रवार को वार्षिक रथ यात्रा में 10 लाख श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया था और पांच लाख श्रद्धालु शनिवार को पुरी में मौजूद थे। शओडिशा पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के 10,000 जवान तैनात है। खुरानिया ने बताया कि भीड़ पर नजर रखने को 275 से अधिक एआई (सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

## एक नजर

### छह महीने के बेटे की हत्या में महिला गिरफ्तार

**कोलकाता।** प. बंगाल के नदिया जिले में 25 वर्षीय महिला को छह महीने के अपने बेटे की हत्या और उसका शव सेप्टिक टैंक में फेंकने के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना जिले के कल्याणी थानाक्षेत्र में हुई। महिला ने शुक्रवार शाम को बेटे के लापता होने की बात कही, जिसके बाद परिवार और पड़ोसियों ने बच्चे की तलाश शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पूछताछ में महिला ने बेटे की हत्या करना स्वीकार किया।

### मणिपुर में छह उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने पिछले 24 घंटे में विभिन्न अभियान के तहत छह सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ये लोग निजी व्यवसायों और जनता को निशाना बनाकर वसूली में शामिल थे। पुलिस ने चिंगारेल तेजपुर से एक, वांगखेई निंगथेम पुखरी मापल से दो व थांगमेइबैंड थिंगेल लेईकाई से तीन माओवादियों को पकड़ा।

### बाघिन और 4 शावकों को जहर देने में 3 गिरफ्तार

**चामराजनगर।** कर्नाटक के माले महादेश्वर हिल्स के हुग्यम वन क्षेत्र में बाघिन व चार शावकों की जहर देने में शनिवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग ने कहा कि एक व्यक्ति ने बदला लेने को ऐसा किया, जिसकी गाय को जंगली जानवरों ने मारा था। मृत गाय पर जहर छिड़का, जिससे बाघिन तथा शावकों की मौत हुई।

# देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा : शाह

गोधरा, एजेंसी



- वीडियो कॉन्फ्रेंस से कार्यक्रम को गृहमंत्री ने किया संबोधित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को युवाओं से 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। 2047 में भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होंगे।

शाह ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नेता गोविंद गुरु के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान क्षेत्र के लोगों की अंतरात्मा को जगाया। शाह, वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में गुजरात के पंचमहल जिले में गोधरा के पास विंजोल में श्री गोविंद गुरु विवि के लिए 125 करोड़ में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

शाह ने गोविंद गुरु को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नायक बताते हुए कहा, अंग्रेजों के खिलाफ उस संघर्ष में 1,512 आदिवासी भाई-बहन शहीद हुए व गुजरात में मानगढ़ भारत की आजादी की लड़ाई के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गोविंद गुरु की वीरता से प्रेरणा लेते हुए 2047 तक भारत को महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

शाह ने कहा कि यह हम सभी के लिए महत्वपूर्ण बात है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में गोविंद गुरु विवि की स्थापना की कल्पना की थी। शाह ने कहा, गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री ने गोविंद गुरु को समर्पित एक विवि और स्मारक की कल्पना की थी, जो देश भर के आदिवासियों के लिए प्रेरणा का स्थान बन सके। शाह, खराब मौसम की वजह से इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके।

# समन जारी करने का आदेश सोच-समझकर दें : हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली हाईकोर्ट ने 84 लाख रुपये के धोखाधड़ी में एक व्यक्ति को तलब करने के आदेश को दरकिनार करते हुए कहा कि समन जारी करना गंभीर मामला तथा यह अनिवार्य है कि ऐसा आदेश सोच-समझकर दिए जाए।

हाईकोर्ट ने कहा कि दिवानी उपचार की मौजूदगी आपराधिक कार्यवाही को जारी रखने से नहीं रोकती है लेकिन यह स्थापित कानून है कि मात्र अनुबंध का उल्लंघन धोखाधड़ी के अपराध को जन्म नहीं देता है और यह दर्शाया जाना चाहिए कि वादा करते समय आरोपी का इरादा बेईमानी का था। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा, समन जारी करना गंभीर मुद्दा है और यह अनिवार्य है कि समन जारी करने के आदेश में यह नजर आए कि विवेक का इस्तेमाल किया गया तथा तथ्यों और रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों को परखा गया है।

# बिहार में ईसी ने मतदाता सूची का शुरू किया गहन पुनरीक्षण

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शनिवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य शुरू हो गया है। ईसी ने उस संवैधानिक प्रावधान की भी याद दिलाई, जिसके तहत केवल भारतीय नागरिक ही मतदान कर सकते हैं।

निर्वाचन निकाय ने याद दिलाया कि अनुच्छेद 326 में मतदाता की पात्रता निर्दिष्ट की गई है, जिसके आधार पर 18 वर्ष से अधिक उम्र के भारतीय तथा उस निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य निवासी ही मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए पात्र हैं। निर्वाचन अधिकारी इस वर्ष बिहार से शुरुआत करते हुए छह राज्यों में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कर रहे हैं। इसका उद्देश्य जन्मस्थान की जांच करके प्रवासियों को बाहर निकालना है। बिहार में विस चुनाव होने हैं, जबकि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और बंगाल में चुनाव 2026 में होने हैं। आयोग के पास 78 हजार बीएलओ हैं और नए केंद्रों के लिए 20 हजार बीएलओ की नियुक्ति हुई है।

# निजी निवेश सुस्त, सरकार की नीतियों का परिणाम

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र सरकार के कराए सर्वेक्षण से मिले संकेतों का हवाला देते हुए जयराम ने किया सरकार का घेराव

कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि अर्थव्यवस्था आगे बढ़ने का नाम नहीं ले रही और निजी कॉरपोरेट निवेश सुस्त है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि निवेश में यह जड़ता मोदी सरकार की दबाव वाली नीतियों का परिणाम है।

रमेश ने एक्स पर कहा, भारत की अर्थव्यवस्था जिद पर अड़ी है, वह आगे बढ़ने का नाम ही नहीं ले रही, जबकि तेज आर्थिक वृद्धि न सिर्फ जरूरी है, बल्कि संभव भी है। इस विफलता की सबसे अहम वजह है कि सितंबर 2019 में बड़ी कर कटौती और पीएलआई कैश हैंडआउट के बावजूद निजी कॉरपोरेट निवेश सुस्त है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कराए सर्वेक्षण में संकेत दिया गया है कि 2025-26 में निजी क्षेत्र का पूंजीगत व्यय गत वर्ष की तुलना में 25% तक कम हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि बैंक कर्ज देने को तैयार हैं, लेकिन कंपनियां निवेश के लिए कर्ज लेने से हिचक रही हैं, क्योंकि मौजूदा माहौल को विस्तार के अनुकूल नहीं माना जा रहा। मांग में वृद्धि ही निवेश को बढ़ावा देती है। भारत में मांग की कमी के तीन स्पष्ट कारण हैं -मजदूरी में ठहराव, विकृत जीएसटी ढांचा और बढ़ती आर्थिक असमानता।

### मुद्दों से भटकाने को भाषा विवाद भड़काया : चव्हाण

**मुंबई।** कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने आरोप लगाया है कि मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए महाराष्ट्र में हिंदी भाषा थोपने को लेकर विवाद भड़काया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया। शिक्षा के लिए बजट आवंटन में भारी कटौती का दावा करते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और शैक्षणिक क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। चव्हाण ने कोल्हापुर में कहा, शिक्षा पर बजटीय आवंटन बढ़ाना चाहिए। अंग्रेजी और हिंदी थोपने पर विवाद अप्रासंगिक हैं और मूल मुद्दों से हटाने को ऐसा हो रहा है।

## कारोबार/कृषि

# किसानों की आय बढ़ाने को मसौदा जारी

## कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई को आसान व कृषि वानिकी को बढ़ाने की तैयारी में केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी



- पौधरोपण बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए सरकार ने उठाया कदम

केंद्र ने कृषि वानिकी को बढ़ाने तथा कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई को आसान बनाने के लिए मॉडल नियम जारी किए। इससे किसानों की आय दोगुनी करने, वन क्षेत्र के बाहर पौधरोपण और जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद मिलेगी।

सभी राज्य सरकारों को 19 जून को भेजे पत्र में पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि कृषि भूमि में पेड़ों की कटाई के लिए मॉडल नियम का उद्देश्य कृषि वानिकी में कारोबारी सुगमता को बढ़ाना और किसानों को बिना किसी अनावश्यक प्रक्रियात्मक बाधाओं का सामना किए पेड़ों से आय हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने, वनों के बाहर वृक्षों का आवरण बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन को कम करने, लकड़ी के आयात को कम करने और टिकाऊ भूमि उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कृषि वानिकी को बढ़ावा दे रही है।

मंत्रालय के अनुसार, कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए स्पष्ट, सुसंगत नियमों की कमी एक प्रमुख बाधा है, जो कृषि वानिकी उत्पादों की खेती और विपणन को प्रभावित करती है। मॉडल नियमों के अनुसार, लकड़ी आधारित उद्योग (स्थापना और विनियमन) दिशानिर्देश, 2016 के तहत पहले से गठित राज्य स्तरीय समिति (एसएलसी) इन नियमों के लिए समिति के रूप में भी काम करेगी। इसमें अब राजस्व और कृषि विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे।

समिति राज्य सरकार को सलाह देगी कि कैसे कृषि वानिकी को बढ़ावा दिया जाए और पेड़ों की कटाई और पारगमन के नियमों को सरल बनाकर कृषि भूमि से लकड़ी का उत्पादन बढ़ाया जाए। यह आवेदनों के सत्यापन और कृषि भूमि से लकड़ी के पारगमन के लिए एजेंसियों को सूचीबद्ध करेगी। आवेदकों को अपनी रोपण भूमि को राष्ट्रीय लकड़ी प्रबंधन प्रणाली (एनटीएमएस) पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। उन्हें भूमि स्वामित्व विवरण और अपनी कृषि भूमि का स्थान दर्ज करना होगा। उन्हें मूल रोपण विवरण देना होगा, जिसमें प्रजातियों के अनुसार पौधों की संख्या, रोपण तिथि (महीना और वर्ष) और पौधों की औसत ऊंचाई शामिल है। आवेदकों को एसएलसी की आवश्यकता के अनुसार इस जानकारी को अपडेट भी करना होगा। प्रत्येक पेड़ की केएमएल फाइल फॉर्मेट में जियोटैग की गई तस्वीरों के साथ फोटो खींची जानी चाहिए। इन विवरणों की निगरानी वन, कृषि और पंचायती राज विभागों के अधिकारियों द्वारा की जाएगी। आवेदक को 10 से अधिक पेड़ों वाली भूमि के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा, जिसमें पेड़ों के बारे में विस्तृत जानकारी देनी होगी।

# बांग्लादेश ने बिजली के लिए अडाणी को दिए 38.4 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने जून में अडाणी पावर को 38.4 करोड़ डॉलर का भुगतान किया, जिससे भारतीय कंपनी के साथ बिजली आपूर्ति समझौते के तहत उसके बकाये में कमी आई है। मामले से अवगत दो सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश को जून में 43.7 करोड़ डॉलर का भुगतान करना था, जिसमें से उनसे 27 जून तक 38.4 करोड़ डॉलर का भुगतान किया है। इससे 31 मार्च तक बांग्लादेश के स्वीकृत दावों का भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि इस भुगतान के बाद अडाणी का दावा घटकर 50 करोड़ डॉलर रह जाएगा, हालांकि यह अब भी अधिक है। बांग्लादेश 2017 के समझौते के तहत अपने भुगतान दायित्वों को पूरा करने के लिए जूझ रहा है, क्योंकि रूस-यूक्रेन संघर्ष और घरेलू राजनीतिक उथल-पुथल के बाद आयात लागत बढ़ी है।

# हार्ड कमोडिटी : निवेश की उम्दा समझ




हार्ड कमोडिटी वे प्राकृतिक संसाधन होते हैं जिन्हें जमीन से निकाला जाता है, जैसे कि कच्चा तेल, सोना, चांदी, तांबा और प्राकृतिक गैस। ये वस्तुएं वैश्विक अर्थव्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और निवेशकों के लिए एक अलग परिसंपत्ति वर्ग प्रदान करती हैं। हार्ड कमोडिटी में निवेश का उपयोग मुद्रास्फीति से बचाव, पोर्टफोलियो में विविधता और दीर्घकालिक रिटर्न के लिए किया जाता है। हालांकि, इनमें निवेश के साथ कुछ जोखिम भी जुड़े होते हैं जैसे वैश्विक घटनाएं, कीमतों में अस्थिरता और मांग-आपूर्ति में बदलाव।

### क्या है हार्ड कमोडिटी

हार्ड कमोडिटी वे कच्चे माल होते हैं जो खनन या ड्रिलिंग से प्राप्त किए जाते हैं। इनमें ऊर्जा स्रोत- कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस। धातुएं- सोना, चांदी, तांबा, लोहा। इनका उपयोग उद्योगों, ऊर्जा उत्पादन, और आभूषण निर्माण में होता है।

### निवेशकों के लिए अवसर

- **मुद्रास्फीति से बचाव :** हार्ड कमोडिटी की कीमतें महंगाई के साथ बढ़ती हैं।
- **विविधता :** पारंपरिक स्टॉक-बॉण्ड पोर्टफोलियो से अलग रिटर्न देती हैं।
- **सुरक्षित संपत्ति :** संकट के समय सोने जैसी कमोडिटी में स्थिरता रहती है।

### जरूरी सावधानियां

- बाजार की चाल को समझे बिना निवेश न करें।
- लंबे समय के लिए निवेश करने पर रिटर्न बेहतर हो सकता है।
- फ्यूचर्स मार्केट में अनुभव के बिना प्रवेश जोखिमभरा हो सकता है।

### जोखिम पर दें विशेष ध्यान

- कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता
- भूराजनीतिक घटनाएं जैसे युद्ध या प्रतिबंध
- नियामकीय जोखिम (सरकारी नीतियों का प्रभाव)
- भंडारण और सुरक्षा लागत (भौतिक निवेश में)

### स्थिरता और विविधता

हार्ड कमोडिटी में निवेश निवेशकों के पोर्टफोलियो में स्थिरता और विविधता ला सकता है, लेकिन इसके लिए जागरूकता, रणनीति और सतर्कता जरूरी है।

# कार्यबल में 20% विविधता लाने का लक्ष्य : टाटा स्टील

जमशेदपुर, एजेंसी



विविधता व समावेशन पहल मोजेक का एक दशक पूरा होने पर निजी इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने शनिवार को कहा कि उसका लक्ष्य 2028 तक अपने कार्यबल में 20 प्रतिशत विविधता लाना है। कंपनी ने कहा कि टाटा स्टील के लिए, विविधता के प्रति प्रतिबद्धता नीति कार्यान्वयन से कहीं आगे जाती है। यह आम तौर पर पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में मानदंडों को फिर से परिभाषित करने का सक्रिय प्रयास करती है। टाटा स्टील की प्रगतिशील मानव संसाधन नीतियां, एलजीबीटीक्यूआईए समेत अन्य भागीदारों के लिए समान लाभ, लिंग-तटस्थ पैतृक अवकाश, लिंग परिवर्तन के लिए समर्थन और समावेशी स्थानांतरण और यात्रा लाभ प्रदान करती हैं।

# जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने आईपीओ के लिए सेबी को भेजा मसौदा पत्र

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 3,000 करोड़ जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक पत्र दाखिल किए हैं। शुक्रवार को दाखिल किए मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार आईपीओ से 3,000 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम है। इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं है। कंपनी आईपीओ से पहले 600 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है।

# 25 करोड़ लोगों को आजीविका दे रहे एमएसएमई

नई दिल्ली, एजेंसी



- वित्त मंत्रालय ने कहा- सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को दे रही है गति

देश में कार्यरत 6.5 करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम (एमएसएमई) 25 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका दे रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर विश्व एमएसएमई दिवस पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को गति दे रही है। इसके लिए सरकार द्वारा एमएसएमई को कई तरह से सहयोग दिये जा रहे हैं।

उसने कहा कि म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना के तहत 100 करोड़ रुपये तक के एमएसएमई ऋणों पर 60 प्रतिशत तक की गारंटी प्रदान की जा रही है। नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल जो एमएसएमई का मूल्यांकन जमानत पर नहीं बल्कि नकदी प्रवाह के आधार पर करता है। एमएसएमई की परिभाषा में निवेश सीमा 2.5 गुना और टर्नओवर सीमा 2 गुना बढ़ाई गई है। उद्यम-पंजीकृत माइक्रो उद्योगों को पांच लाख तक के क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी गयी है। पीएम मुद्रा योजना के 'तरुण' श्रेणी की सीमा बढ़ाकर 20 लाख की गई है।

मंत्रालय ने कहा कि भारत ट्रेड नेट के माध्यम से दस्तावेज़ी प्रक्रिया को सरल किया गया, व्यापारिक बाधाओं को कम किया गया। कोविड-19 के दौरान आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना ने 14 लाख से अधिक एमएसएमई को बचाया। पीएम मुद्रा, पीएम विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं के माध्यम से क्रेडिट सहायता भी प्रदान की गयी है।

# एमएनआरई ने बायोमास के लिए मानदंड किए संशोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

- ऊर्जा मंत्रालय कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशानिर्देश किए जारी

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने बायोमास कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसका मकसद स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी और भारत में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है।

राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के चरण-1 के तहत मानदंडों को संशोधित किया गया है, जो वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए लागू है। मंत्रालय ने कहा कि इन संशोधनों का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी और पूरे देश में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है। नए ढांचे के तहत कई प्रक्रियाओं को सरल बनाया है, जिसमें कागजी कार्यवाही में कटौती व जरूरतों को आसान बनाना हैं। ये बदलाव पराली प्रबंधन और 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन तक पहुंचने के लक्ष्य के अनुरूप हैं।

# प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी खराब गेंदबाजी की जिम्मेदारी ली

## इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 200 से ज्यादा रन लुटाए थे कृष्णा ने

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में खराब प्रदर्शन के दौरान सही लेंथ से गेंदबाजी करने में नाकाम रहने की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वह हर समय अपनी गेंदबाजी में संयम बरतने की कोशिश कर रहे थे। लीड्स में शृंखला के पहले मैच में 200 से अधिक रन लुटाने के बाद कई पूर्व खिलाड़ियों ने प्रसिद्ध की आलोचना की थी। भारत यह मैच पांच विकेट से हार गया था। प्रसिद्ध ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा (लीड्स) टेस्ट की पहली पारी में मैंने जरूरत से ज्यादा शॉर्ट गेंद डाली। दूसरी पारी में यह थोड़ा बेहतर रहा और विकेट थोड़ा धीमा था।

उन्होंने कहा मैंने निश्चित रूप से उस लंबाई पर गेंदबाजी नहीं की जो मैं करना चाहता था। मुझे सही लंबाई से सामंजस्य बिठाने में कुछ समय लगा। मुझे हालांकि एक पेशेवर के रूप में ऐसा करने में सक्षम होना चाहिए। मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और शायद अगली बार इसे बेहतर तरीके से कर पाऊं। प्रसिद्ध ने पहली पारी में 20 ओवरों में 6.40 की इकॉनमी से 128 रन दिए, जो एक पारी में कम से कम 20 ओवर गेंदबाजी करने वाले किसी भारतीय गेंदबाज

| | ओवर | रन | विकेट |
|---|---|---|---|
| पहली पारी | 20 | 128 | 3 |
| दूसरी पारी | 15 | 92 | 2 |



द्वारा सबसे खराब आंकड़ों में से एक है। उन्होंने इस दौरान ओली पोप, हैरी ब्रुक और जेमी स्मिथ के विकेट लिए। कर्नाटक के इस गेंदबाज ने दूसरी पारी में जैक क्रॉउली और पोप के विकेट जल्दी-जल्दी लेकर भारत को उम्मीद दी, लेकिन उनका इकॉनमी रेट फिर से छह (6.10) से ऊपर रहा। उन्होंने 15 ओवरों में 92 रन दिए।

प्रसिद्ध ने कहा मैं जब भी गेंदबाजी के लिए आता हूं तो मेरी कोशिश मेडन ओवर डालने की होती है। मैं वास्तव में बल्लेबाजों को आसानी से रन बनाने का मौका देने से बचना चाहता हूं। उस मैदान की आउटफील्ड तेज थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने जिस लंबाई और दिशा में गेंदबाजी की वह ज्यादातर समय सही नहीं थी। इसमें से कुछ ऐसे रन भी थे जो बल्ले के बाहरी या अंदरुनी किनारे से लग कर आए थे। उन्होंने कहा मैंने कई बार बाउंसर डालने की कोशिश की लेकिन उस पर रन बन गये। मैं निश्चित रूप से जब गेंदबाजी करने आता हूं तो रन गति पर लगाम लगाकर दबाव बनाने की कोशिश करता हूं। हेडिंग्ले (लीड्स) में तेज हवा चल रही थी और इसने गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों का काम मुश्किल कर दिया। प्रसिद्ध ने कहा आप एक समान गति में रनअप लेना चाहते हैं लेकिन वहां हवा कभी तेज तो कभी धीमी गति से चल रही थी ऐसे में रनअप से सामंजस्य बनाने में परेशानी हो रही थी। इंग्लैंड में आसमान में बादल छाये रहने पर गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है लेकिन प्रसिद्ध ने कहा कि बार-बार बारिश ने गेंदबाजों के लिए परिस्थितियों मुश्किल बना दी थी। उन्होंने कहा गेंद मैदान पर घास से गुजरने के बाद गीली हो जा रही थी।

### अगर बादल होंगे तो स्विंग होगी गेंद

प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा अगर बादल होंगे तो स्विंग होगी। अगर धूप होगी तो स्विंग नहीं होगी। हम ऐसे में सही दिशा में गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहे थे। गेंद के नरम होने के बाद पिच से पर्याप्त मदद नहीं मिल रही थी। इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा कि मैच हारने के बावजूद भारतीय ड्रेसिंग रूम में माहौल बहुत सकारात्मक था। उन्होंने कहा ड्रेसिंग रूम में सभी खुश है और सकारात्मक माहौल है। हमारे पता है कि हमारे लिये यह अवसर क्या मायने रखता है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक योजना थी। हम कुछ करना चाहते थे और हमने इसे करने का प्रयास किया। हमने दो बार लगातार दो-दो विकेट चटकाकर मैच में बने हुए थे। सीरीज के शुरुआती टेस्ट मैच में भारत का निचला क्रम बल्लेबाजी में बुरी तरह विफल रहा लेकिन प्रसिद्ध ने कहा कि टीम नेट सत्र में इस पर काम कर रही है। भारतीय टीम ने मैच की पहली पारी में 41 रन पर आखिरी सात जबकि दूसरी पारी में 32 रन पर आखिरी छह विकेट गंवा दिये थे।

### अच्छी फील्डिंग टीम बनने के लिए रवैये में बदलाव की जरूरत : हाडिन

**सिडनी, एजेंसी :** आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्राड हाडिन का मानना है कि शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की शृंखला में खराब फील्डिंग की समस्या से उबरने के लिए अपने रवैये में बदलाव करना होगा। भारतीय क्षेत्ररक्षकों खासकर यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में कई कैच टपकाए। भारत को बेन स्टोक्स की टीम ने पांच विकेट से हराकर शृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। आस्ट्रेलिया के लिये 66 टेस्ट खेल चुके हाडिन ने कहा हर दौर में हर महान टीम फील्डिंग में भी शानदार रही है। शुभमन गिल को भी इस टीम में इसकी शुरूआत करनी चाहिए। इसके लिये रवैये में बदलाव की जरूरत है। आप अच्छी फील्डिंग करना चाहते हैं और हर समय प्रतिस्पर्धी रहना चाहते हैं, यह रवैये की बात है। हाडिन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में भी कैचिंग का स्तर बहुत खराब था। उन्होंने कहा इस साल आईपीएल में कैचिंग बहुत ही लचर रही। हमने प्रतिभाशाली गेंदबाजों और बल्लेबाजों की बात की लेकिन असल समस्या कैचिंग की थी।

### रोहित चाहते थे कि राहुल की बल्लेबाजी में आक्रामकता लाऊं

**नई दिल्ली :** भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर का कहना है कि पिछले साल भारतीय टीम के साथ भूमिका संभालते समय तत्कालीन कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें केएल राहुल की बल्लेबाजी को आक्रामक बनाने का काम सौंपा था। हालांकि 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया से मिली 1-3 से हार के बाद नायर को यह पद छोड़ना पड़ा। नायर ने 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा इस भूमिका को शुरू करते समय मुझे याद है कि मैंने रोहित से बात की थी और उन्होंने कहा था कि वह एक चीज चाहते हैं कि मैं केएल के साथ काम करूं और उनके खेलने के तरीके में अधिक आक्रामक दृष्टिकोण लाऊं और उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाऊं। राहुल ने पिछले एक साल में अच्छा प्रदर्शन दिखाया है, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ 10 पारियों में 276 रन बनाए हैं जिसमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने चैंपियंस ट्रॉफी में निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए पांच मैच में 140 रन बनाए। नायर ने कहा उन्हें (रोहित) भरोसा था कि केएल चैंपियंस ट्रॉफी, विश्व कप के अलावा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी और इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला में अहम भूमिका निभाएगा।



नॉटिंघम में महिला अंतर्राष्ट्रीय टी20 के दौरान बल्लेबाजी करती भारतीय टीम की कप्तान स्मृति मंधाना। ● एजेंसी

# भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को दिया 211 रनों का लक्ष्य

**नॉटिंघम, एजेंसी**

कप्तान स्मृति मंधाना (112) और हरलीन देओल (43) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारतीय महिला टीम ने शनिवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को जीत के लिए 211 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया।

बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शेफाली वर्मा और कप्तान स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 77 रन जोड़े। नौवें ओवर में एमिली आरलट ने शेफाली वर्मा (20) को आउटकर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हरलीन देओल ने मंधाना का बखूबी साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों ने आतिशी बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए दूसरे विकेट के लिए 94रनों की साझेदारी की। 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर लॉरेन बेल ने हरलीन देओल को आउटकर इंग्लैंड के लिए दूसरा विकेट लिया। हरलीन देओल ने 23 गेंदों में सात चौकों की मदद से (43) रन बनाये। ऋचा घोष (तीन) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (शून्य) लॉरेन बेल का शिकार बनी। 20वें ओवर में भारत का पांचवां विकेट स्मृति मंधाना के रूप में गिरा। मंधाना ने 62 गेंदों में 15 चौके और तीन छक्कों की मदद से (112) रनों की पारी खेली। भारतीय महिला टीम ने 210 रन का स्कोर खड़ा किया।

**भारत**

**210/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ■ शेफाली वर्मा का एक्लेस्टोन बो आर्लोट | 20 |
| ■ स्मृति मंधाना का ब्रंट बो एक्लेस्टोन | 112 |
| ■ हरलीन देओल का आर्लोट बो बेल | 43 |
| ■ रिचा घोष का डंकले बो बेल | 12 |
| ■ जेमिमा रोड्रिग्स का ब्रंट बो बेल | 00 |
| ■ अमनजोत कौर नाबाद | 03 |
| ■ दीप्ति शर्मा नाबाद | 07 |

**गेंदबाजी :** लॉरेन बेल 4-0-27-3, एम आर्लोट 4-0-38-1, लॉरेन फाइलर 4-0-35-0, लिन्से स्मिथ 3-0-41-0, सोफी एक्लेस्टोन 3-0-43-1, एलिस कैप्से 2-0-21-0

## एक नजर



म्यांमार के यांगून में शनिवार को म्यांमार कन्वेंशन सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगी प्रतिस्पर्धा करते हुए। ● एजेंसी

### तन्वी शर्मा, आयुष शेट्टी अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सेमीफाइनल में

**लोवा (अमेरिका) :** भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सोलह वर्ष की तन्वी ने 33 मिनट के भीतर मलेशिया की ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी कारूपाथेवन लेतशाना को 21-13, 21-16 से हराया। आयुष ने जूनियर विश्व चैम्पियन चीनी ताइपै के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और रूबान कुमार आर को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चियांग चियेन और वेइ वू सुआन यि ने 21-9, 21-19 से मात दी। तन्वी का सामना अब यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा जबकि आयुष की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन से होगी।

### दीक्षा और वाणी जर्मन मास्टर्स में शीर्ष 10 में पहुंची

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और वाणी कपूर यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद संयुक्त आठवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। दीक्षा दूसरे दौर में पार 73 का कार्ड खेलने के बाद शीर्ष पांच से संयुक्त आठवें स्थान पर खिसक गयी जबकि वाणी तीन अंडर 70 का कार्ड खेलकर इस पायदान पर पहुंची। टूर्नामेंट में भाग ले रही नौ भारतीयों में से वाणी और दीक्षा के अलावा सिर्फ अवनि प्रशांत ही कट में प्रवेश करने में सफल रही। अवनि एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक (74-76), स्नेहा सिंह (78-75), अमनदीप द्राल (78-75), हिताशी बख्शी (79-81) और विधात्री उर्स (93-87) कट से चूक गईं जबकि नेहा त्रिपाठी पहले दौर के बाद रिटायर हो गई थी।

### एशियाई कप क्वालीफायर में भारत का सामना मजबूत तिमोर लेस्ते से

**चियांग माइ (थाईलैंड) :** एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के पहले मैच में शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम रविवार को यहां तिमोर लेस्ते के खिलाफ भी जीत की लय जारी रखना चाहेगी। पांच टीम के ग्रुप बी में इराक अभी शीर्ष पर चल रही है। उसने मंगोलिया पर 5-2 की जीत और तिमोर लेस्ते से 0-0 ड्रॉ खेला जिससे उसके चार अंक हैं। वहीं मंगोलिया को पहले मैच में 13-0 से हराने वाली भारतीय टीम और थाईलैंड के तीन तीन अंक हैं। थाईलैंड ने तिमोर लेस्ते को 4-0 से हराया था।

# आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीन दिन में रौंदा

● **जोश हेजलवुड ने पांच विकेट विकेट लेकर वेस्टइंडीज की कमर तोड़ी**

**ब्रिजटाउन, एजेंसी :** आस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज को 141 रन पर आउट करके पहला टेस्ट तीसरे दिन के भीतर ही 159 रन से जीत लिया। वेस्टइंडीज को कठिन पिच पर जीत के लिए 301 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन पूरी टीम 33.4 ओवर में आउट हो गई।

हेजलवुड ने 12 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने आठ विकेट 86 रन पर ही गंवा दिए थे लेकिन हरफनमौला जस्टिन ग्रीवेस और दसवें नंबर के बल्लेबाज शामार जोसेफ ने नौवे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। ग्रीव्स 38 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि जोसेफ ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 44 रन की पारी खेली जिसमें चार छक्के शामिल थे। आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 92 रन से आगे खेलना शुरू किया था। ट्रेविस हेड (61), ब्यू वेबस्टर (63)और एलेक्स कैरी (65) ने अर्धशतक लगाकर टीम को 310 रन तक पहुंचाया और उसे 300 रन की बढत मिली। इससे पहले आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 180 रन के जवाब में वेस्टइंडीज ने 190 रन बनाए थे। तीन टेस्ट की श्रृंखला का दूसरा मैच बृहस्पतिवार से सेंट जॉर्ज, ग्रेनाडा में खेला जाएगा।

## इंडिया ओपन एथलेटिक मीट



बेंगलुरु : रेलवे स्पोर्ट्स एथलीट भवानी यादव शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित कांतीरवा स्टेडियम में इंडिया ओपन एथलेटिक मीट 2025 के दौरान महिलाओं की लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा करती हुईं। ● एजेंसी

# श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हराया जयसूर्या ने लिए पांच विकेट

**कोलंबो :** बायें हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या के पांच विकेट की मदद से श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में बांग्लादेश को एक पारी और 78 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीत ली। चौथे दिन बांग्लादेश का स्कोर छह विकेट पर 115 रन था और उसे श्रीलंका को दोबारा बल्लेबाजी के लिये भेजने के लिए 97 रन और बनाने थे। लेकिन आधे घंटे के भीतर बांग्लादेश ने बाकी चार विकेट गंवा दिये जिनमें से तीन जयसूर्या ने लिए।

बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 133 रन पर आउट हो गई जबकि पहली पारी में उसने 247 रन बनाये थे। श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाए थे जिसमें सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका का शतक और दिनेश चांदीमल (93) और कुसल मेंडिस (84) के अर्धशतक शामिल हैं। जयसूर्या ने 56 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि धनंजय डिसिल्वा और थारिंदु रत्नायके को दो दो विकेट मिले। गॉल में पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने मैच के बाद कहा कि वह टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा देंगे ताकि विभिन्न प्रारूपों में कप्तानी में निरंतरता रहे।

# भारत ने एशियाई स्नूकर में स्वर्ण पदक जीता

**कोलंबो, एजेंसी :** कई दफा के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और बृजेश दमानी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को यहां एसीबीएस एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप में मजबूत मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

भारत ने पिछली बार दो साल पहले ईरान में स्वर्ण जीता था। इस तरह यह भारत का पांचवां स्वर्ण पदक है। आदित्य मेहता गर्दन की चोट के कारण सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए जिसमें भारत ने हांगकांग-1 को 3-2 से हरा दिया जबकि मलेशिया ने अंतिम चार में पाकिस्तान को 3-1 से शिकस्त दी। फाइनल में दमानी को थोर चुआन लियोंग से 58-68 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन आडवाणी ने लिम कोक लियोंग को 66-25 से हराकर वापसी कराई। इसके बाद आडवाणी और दमानी ने मिलकर युगल में थोर चुआन और लिम कोक को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।



● **मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा में बाजी मारी**

# भारतीय महिला टीम का खराब प्रदर्शन जारी

**एफआईएच प्रो लीग**

● **चीन ने 3-0 से हराया, भारतीय टीम को लगातार सातवीं हार मिली**

**बर्लिन, एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम को शनिवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में चीन के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। टीम लगातार सातवीं हार के बाद टूर्नामेंट के शीर्ष स्तर से बाहर होने की कगार पर है। इस हार के बाद भारत 15 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ-टीमों की तालिका में सबसे निचले पायदान पर है।

इंग्लैंड 14 मैचों में 11 अंकों के साथ भारत से एक पायदान ऊपर है। चेन यांग (21वें मिनट) और झांग यिंग (26वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल किए, जबकि आनहुल यू (45वें मिनट) ने मैदानी गोल कर भारत के खिलाफ चीन को यादगार जीत दिलायी। भारत ने मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहले क्वार्टर में चीन के सर्किल में पहुंच कर उसकी रक्षापंक्ति को कड़ी टक्कर दी। बलजीत कौर के पास तीसरे मिनट में मैच का पहला गोल करने का मौका था लेकिन उनका शॉट गोल-पोस्ट से बाहर चला गया। इसके एक मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन दीपिका ने दोनों मौकों को जाया कर दिया। चीन के खिलाड़ियों जल्द ही सामंजस्य कायम करते हुए अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने सजगता दिखाते हुए गोल नहीं करने दिया। अनुभवी भारतीय गोलकीपर सविता ने इसके बाद कुछ शानदार बचाव किये जिसमें 13वें मिनट में गुओटिंग हाओ के रिवर्स हिट को रोकना भी शामिल था। पहले क्वार्टर के कुछ सेकंड शेष रहते चीन को दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला पर वे पुश को रोक नहीं पाए।

# सचिन के वीडियो देखकर बदली किस्मत



● **भारतीय टीम में वापसी होने पर शेफाली वर्मा ने बताया अपने खेल में सुधार का रहस्य**

● **पहले हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी, सचिन को देखकर धैर्य रखना सीखा**

**नॉटिंघम, एजेंसी**

भारतीय टीम में वापसी कर रही शेफाली वर्मा ने कहा कि टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर की बल्लेबाजी के काफी वीडियो देखे जिससे हर गेंद को उसकी मेरिट के आधार पर खेलने का महत्व समझ में आया।

खराब फॉर्म के कारण पिछले साल शेफाली को टीम से बाहर कर दिया गया था। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पूर्व बीसीसीआई वीडियो से शेफाली ने कहा पहले मैं हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी लेकिन फिर मुझे समझ में आया कि अच्छी गेंद का सम्मान करना जरूरी है। मैने सचिन सर की टेस्ट पारियां देखी और उससे काफी प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा इससे मुझे बचपन के दिन याद आ गए जब मैं उनका एक भी मैच नहीं छोड़ती थी। मैने हर मैच फिर से देखा। उसे देखकर मैने सीखा के अच्छी गेंद को सम्मान देकर ही अच्छी पारियां खेली जा सकती है। घरेलू क्रिकेट और महिला प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करके 21 वर्ष की शेफाली ने टीम में वापसी की। उन्होंने कहा कि वापसी करना आसान नहीं होता और पिछले साल टीम चयन से दस दिन पहले उनके पिता को दिल का दौरा पड़ने से यह और कठिन हो गया।

शेफाली को पिछले साल नवंबर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये टीम में जगह नहीं मिली थी। उन्होंने कहा जब भी आप वापसी करते हैं तो हालात कठिन होते ही हैं लेकिन टीम माहौल में लौटकर अच्छा लगता है। मुझे खुशी है कि मैं वापसी कर सकी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ चयन से दस दिन पहले मेरे पापा को दिल का दौरा पड़ा था। मेरे लिये वह कठिन समय था और मैं टीम में भी नहीं चुनी गई। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि हो क्या रहा है। शेफाली ने कहा मैने फिटनेस पर काफी मेहनत की। 20-25 दिन बाद बल्ला उठाया तो बहुत अच्छा लगा। इससे अलग तरह की ऊर्जा मिली। समय बहुत कुछ सिखाता है। मैं अब अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके बाकी भाग्य पर छोड़ दूंगी।

# नीरज चोपड़ा भाला फेंक रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष पर

**लुसाने, (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**

भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा एक बार फिर से भाला फेंक रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए है। विश्व एथलेटिक्स द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में नीरज एक बार फिर दुनिया के नंबर वन भाला फेंक खिलाड़ी बन गए है। सितंबर 2024 में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने नीरज को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल कर लिया था। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी रैंकिंग में नीरज के पास एंडरसन पीटर्स के 1431 की तुलना में 1445 रैंकिंग अंक हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं और चेक गणराज्य के जैकब वडलेज शीर्ष पांच की सूची में शामिल हैं। नीरज के इस वर्ष लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें फिर शीर्ष पर पहुंचा दिया है। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच इनविटेशनल जीता और मई में दोहा डायमंड लीग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने दोहा में 90.23 मीटर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और प्रतिष्ठित 90 मीटर क्लब में प्रवेश किया। पोलैंड में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में वह फिर दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन जून में पेरिस डायमंड लीग में जीत की राह पर लौट आए। उन्होंने पेरिस में 88.16 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक का खिताब भी अपने नाम किया। इस साल अपने सभी चार मुकाबलों में नीरज ने एंडरसन पीटर्स को पछाड़ दिया है।



## स्कॉर्लेट सेल्स उत्सव



द्वितीय विश्व युद्ध के समय के सोवियत मल्टीपल रॉकेट लांचर बीएम–13 का नाम कत्युशा रखा गया, शनिवार की सुबह रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में स्कूल ग्रेजुएशन के अवसर पर आयोजित स्कार्लेट सेल्स उत्सव के रिहर्सल के दौरान लंच आतिशबाजी की गई। ये नजारा देखने के लिए यहां हजारों लोग एकत्रित हुए थे। एजेंसी

# तीन साल में दोगुने हो गए साइबर ठगी के केस

भारत में साइबर ठगी की शुरुआत 2000 के दशक में हुई। इंटरनेट बैंकिग और मोबाइल फोन का इस्तेमाल बढ़ने के साथ साइबर ठग भी सक्रिय होने लगे। 2010 के बाद यूपीआई, ई वॉलेट, मोबाइल बैंकिंग के जरिए ठगी की घटनाओं में तेज उछाल आया। 2020 के बाद कोविड–19 के दौरान ऑनलाइन गतिविधियां बढ़ीं तो साइबर ठगी की गति और तेज हो गई। अब ये घटनाएं बेहद आम हो चुकी हैं। साइबर ठगी का ही एक तरीका डिजिटल अरेस्टिंग है जिसके जरिए ठगी के बड़े मामलों को अंजाम दिया जा रहा है। हैरत की बात यह है कि पढ़े–लिखे और संपन्न लोग जिन्हें ज्यादा जागरूक माना जाता है, वही इसके ज्यादा शिकार बनाए जा रहे हैं। निराशा की बात यह है कि सरकार और राज्यों की पुलिस के स्तर पर साइबर ठगी की घटनाओं को रोकने के लिए उतनी गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है जितनी जरूरत है।



### हर साल 2000 करोड़ तक की ठगी

इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम और आरबीआई की रिपोर्टों के अनुसार औसतन एक ठगी में 5,000 से लेकर लाख रुपये तक का नुकसान होता है। आरबीआई के अनुसार 2022–23 में बैंकों और डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्मों पर 253 करोड़ से ज्यादा की ठगी रिपोर्ट की गई। गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर कोऑर्डिनेशन सेंटर के आंकड़ों के अनुसार रोज औसतन तीन से चार करोड़ की साइबर ठगी रिपोर्ट की जाती है। इस तरह साल भर में औसतन 2000 करोड़ तक की ठगी होती है। तमाम लोग ठगी की घटनाओं को रिपोर्ट नहीं करते लिहाजा यह आंकड़ा आधिकारिक संख्या से काफी ज्यादा हो सकता है।

### सरकार की क्षमता को चुनौती

साइबर ठगी को रिपोर्ट करने के लिए सरकार की ओर से 24x7 राष्ट्रीय हेल्पलाइन और www.cybercrime.gov.in ऑनलाइन शिकायत पोर्टल है। आरबीआई और ट्राई की ओर से समय–समय पर चेतावनी जारी की जाती है। 14 सील के जरिए ठगी के पैटर्न ट्रैक कर राज्यों को अलर्ट भेजे जाते हैं। लेकिन यह सब पर्याप्त साबित नहीं होता। लोगों में जागरूकता की कमी के साथ राज्यों में साइबर पुलिस की क्षमता साइबर ठगी को रोक पाने के लिए काफी नहीं है। इसके अलावा फर्जी कॉल और मेसेज इंटरनेशनल सर्वर से आते हैं, जिससे उन्हें ट्रैक कर पाना कठिन हो जाता है।

### क्या कहता है राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की वर्ष 2022 की रिपोर्ट के अनुसार देश भर में साइबर अपराधों के कुल 65,893 मामले दर्ज हुए। जो 2021 में 52,974 थे। यानी एक साल में ही इनमें 24% की बढ़ोतरी हुई। इनमें फ्रॉड ) से जुड़े मामले करीब 60% थे। साइबर ठगी की सर्वाधिक करीब 12 हजार घटनाएं कर्नाटक में हुईं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और राजस्थान भी सर्वाधिक प्रभावित रहे। 2019 की तुलना में 2022 में ठगी के मामलों में 50 फीसदी से भी ज्यादा वृद्धि हुई।

### साइबर ठगी के बेशुमार तरीके

डिजिटल लेनदेन बढ़ने और इंटरनेट की आसान उपलब्धता के दौर में ठगों ने तकनीक का इस्तेमाल कर आम नागरिकों, सरकारी संस्थाओं और यहां तक कि कंपनियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। साइबर ठगों के पास लोगों को ठगने के बेशुमार तरीके हैं। लेकिन सबसे ज्यादा यूपीआई–ओटीपी फ्रॉड, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फेक जॉब ऑफर, इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड स्कैम, डिजिटल अरेस्ट, स्मार्टफोन स्क्रीन शेयरिंग ऐप से डेटा चोरी और फिशिंग ईमेल और व्हाट्सएप लिंक के जरिए लोगों को ठगना शामिल है।

## एक नजर

### रूस में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

**मॉस्को।** रूस में मॉस्को क्षेत्र के कोलोम्ना जिले में शनिवार को एक हल्का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी चार चालक दल के सदस्य और प्रशिक्षु मारे गए। आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रेस ब्यूरो ने एक विज्ञप्ति में बताया कि याकोवलेव याक–18टी विमान हवाई कलाबाजी करते समय इंजन में खराबी के कारण एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। विमान में सवार सभी चार लोगों की मृत्यु हो गई, लेकिन जमीन पर कोई हताहत नहीं हुआ या कोई क्षति नहीं हुई।

### इटली में भीषण गर्मी के चलते अलर्ट जारी

**रोम।** इटली में भीषण गर्मी के कारण रोम, मिलान और ट्यूरिन सहित 12 प्रमुख शहरों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। इटली के अधिकारियों के अनुसार कई क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि रेड अलर्ट वाले शहरों की संख्या बढ़कर 17 और रविवार तक 21 हो जाने का अनुमान है। इटली के मौसम निगरानी केन्द्र इल मेटियो की रिपोर्ट के अनुसार इटली में औसत तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस हो गया है, 50 साल पहले यह 14.6 डिग्री सेल्सियस था।

### पाकिस्तान में बारिश से 15 लोगों की मौत, 40 घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पिछले तीन दिनों के भीतर बारिश से जुड़ी घटनाओं में बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, पंजाब में मानसून पूर्व बारिश का दौर शुरू हो गया है। बयान में कहा गया, पिछले तीन दिनों में पंजाब में बारिश से संबंधित घटनाओं में आठ बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई जबकि 40 अन्य घायल हो गए।

### लाउडस्पीकर मुक्त हुए मुंबई के सभी धर्मस्थल

**मुंबई।** मुंबई के पुलिस आयुक्त देवेन भारती ने शनिवार को कहा कि शहर अब निर्देशात्मक लाउडस्पीकरों से पूरी तरह मुक्त हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले सभी धार्मिक संरचनाओं पर मौजूद सार्वजनिक संबोधन प्रणालियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई को पुलिसकर्मियों ने सफलता पूर्वक पूरा किया। भारती ने कहा, धर्म स्थलों से लाउडस्पीकर हटा दिए गए हैं। मुंबई में अब सभी धर्म स्थल लाउडस्पीकर से मुक्त हैं। पुलिस आयुक्त ने चुनिंदा ढंग से निशाना बनाने के दावों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि किसी एक विशेष समुदाय के धार्मिक ढांचों को निशाना नहीं बनाया गया।

# ईरान पर फिर बमबारी में संकोच नहीं: ट्रंप

## अमेरिकी सीनेट में ट्रंप को ईरान के परमाणु स्थलों पर दोबारा हमला करने से रोकने का प्रस्ताव गिरा

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान के खिलाफ आगे और कोई कार्रवाई करने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रोकने के डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों का प्रयास शुक्रवार को संसद के उच्च सदन सीनेट में खारिज हो गया। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने संसद में प्रस्ताव पेश किए जाने का विरोध किया।

सीनेट सदस्य टिम केन के इस प्रस्ताव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ट्रंप को ईरान के खिलाफ आगे सैन्य कार्रवाई से पहले संसद की मंजूरी लेनी होगी। यह पूछे जाने पर अगर जरूरी लगा तो क्या वह फिर ईरान के परमाणु स्थलों पर बमबारी करेंगे तो ट्रंप ने कहा कि बिल्कुल, बिना किसी हिचकिचाहट। रिपब्लिकन पार्टी को सीनेट में बहुमत प्राप्त है और 100 सदस्य सीनेट में उसके 53 सदस्य हैं। रिपब्लिकन सांसद ईरान पर हमला करने के फैसले के लिए ट्रंप के साथ खड़े हैं। अधिकतर का कहना है कि ईरान एक खतरा बन गया है, जिसके लिए ट्रंप की ओर से निर्णायक कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने संसद की मंजूरी लिये बिना पिछले सप्ताह के अंत में ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर बमबारी करने के ट्रंप के निर्णय का समर्थन किया।



इजराइल के हमलों में मारे गए ईरान के सैन्य कमांडरों और परमाणु वैज्ञानिकों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया, हजारों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

### मारे गए सैन्य कमांडरों के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

**अमेरिका और इजराइल मुर्दाबाद के नारे गूंजे**

**दुबई।** इजराइल के साथ 12 दिनों के युद्ध के दौरान मारे गए रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख और अन्य वरिष्ठ सैन्य कमांडरों तथा परमाणु वैज्ञानिकों के अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शनिवार को तेहरान की सड़कों पर हजारों लोग उमड़ पड़े। राजधानी तेहरान की आजादी स्ट्रीट पर ट्रकों पर रखे ताबूतों में रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी, बैलिएस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हाजीजादेह और अन्य अधिकारियों को अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान सड़क किनारे खड़े लोगों ने अमेरिका मुर्दाबाद और इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाए। जनरल सलामी और हाजीजादेह दोनों 13 जून, यानी युद्ध के पहले दिन ही मारे गए थे, जब इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के उद्देश्य से व्यापक सैन्य अभियान शुरू किया था। इस अभियान में सैन्य कमांडरों, वैज्ञानिकों और परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया।

### तुर्की-ईरान के बीच हवाई यात्रा बहाल

**इस्तांबुल।** तुर्की के परिवहन एवं बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुल कादिर उरलोग्लू ने कहा है कि तुर्की और ईरान के बीच हवाई यात्रा 15 दिन बाद आंशिक रूप से फिर शुरू हो गई है जो ईरान–इजराइल संघर्ष के कारण बंद थी। मंत्री ने एक्स पर लिखा, तुर्की–ईरान के बीच 15 दिन बाद हवाई यात्रा की ये आंशिक बहाली है। इसके अलावा, पश्चिमी ईरान में स्थित तेहरान और तबरीज शहरों से हवाई यात्रा दो जुलाई तक बंद रहेगी। ईरान में युद्ध के कारण जो विमान फंस गए हैं उन्हें विशेष परमिट के साथ लौटने की अनुमति देने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है।

# गाजा में इजराइली हमलों से 60 लोगों की मौत

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

- शुक्रवार देर रात शुरू किए गए हमले सुबह तक जारी रहे

गाजा में इजराइल की ओर से किए गए हमलों में कम से कम 60 लोगों की मौत हुई है। फलस्तीनियों को गाजा में बढ़ते मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, संघर्ष विराम की संभावनाएं भी धीरे-धीरे बढ़ रही हैं।

इजराइल ने यह हमले शुक्रवार देर रात शुरू किए जो शनिवार सुबह तक जारी रहे। इन हमलों में गाजा सिटी के फलस्तीन स्टेडियम के पास 12 लोगों की मौत हो गई। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार इस स्टेडियम में विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया था। शिफा अस्पताल में ही मृतकों के शव लाए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक 20 से ज्यादा शवों को नासिर अस्पताल ले जाया गया।

शनिवार अपराह्न पूर्वी गाजा शहर की एक सड़क पर हुए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई और उनके शवों को अल-अहली अस्पताल ले जाया गया। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगले सप्ताह के भीतर इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता हो सकता है। ट्रंप ने शुक्रवार को ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा, हम गाजा पर काम कर रहे हैं और इसका ध्यान रखने की कोशिश कर रहे हैं। स्थिति से अवगत एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इजराइल के सामरिक मामलों के मंत्री रॉन डेरमर गाजा संघर्ष विराम, ईरान और अन्य विषयों पर वार्ता के लिए अगले सप्ताह वाशिंगटन पहुंचेंगे।

### गोली चलाने का आदेश देने से नेतन्याहू का इन्कार

**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने शुक्रवार को वामपंथ के प्रति झुकाव रखने वाले इजराइली समाचार पत्र 'हारेत्ज' में प्रकाशित खबर को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया था इजराइली सैनिकों को गाजा में सहायता स्थलों की ओर जा रहे फलस्तीनियों को गोली मारने का आदेश दिया गया था। दोनों नेताओं ने खबर को सेना को बदनाम करने के लिए रचा गया दुर्भावनापूर्ण झूठ करार दिया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, एक महीने पहले नवगठित गाजा मानवीय फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र में सहायता सामग्री का वितरण शुरू करने के बाद से भोजन की तलाश में निकले 500 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

# कांगो व रवांडा में अमेरिकी मध्यस्थता में शांति समझौता

वाशिंगटन, एजेंसी

- दोनों देशों के बीच कई दशकों से चल रहा था युद्ध

कांगो गणराज्य और रवांडा ने शुक्रवार को अमेरिका की मध्यस्थता से हुए एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य पूर्वी कांगो में दशकों से जारी युद्ध को समाप्त करना और क्षेत्र में महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच बनाने में अमेरिकी सरकार व कंपनियों की मदद करना है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में हुई बैठक में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों से कहा, आज हिंसा और विनाश का अध्याय समाप्त हो गया है और पूरा क्षेत्र आशा, अवसर, सद्भाव, समृद्धि व शांति का एक नया अध्याय शुरू करने जा रहा है। इस दौरान विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे 30 साल के युद्ध के बाद एक महत्वपूर्ण क्षण कहा।

मध्य अफ्रीकी देश कांगो 100 से अधिक सशस्त्र समूहों के साथ संघर्ष से त्रस्त है, जिनमें सबसे शक्तिशाली समूहों को रवांडा का समर्थन हासिल है। इन समूहों की वजह से 1990 के दशक से लाखों लोगों की जान चली गई है। इस समझौते को एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि विश्लेषकों को लगता है कि यह लड़ाई जल्दी समाप्त नहीं होगी क्योंकि सबसे प्रमुख सशस्त्र समूह का कहना है कि यह समझौता उस पर लागू नहीं होता है। कांगो और रवांडा ने हस्ताक्षर करने के लिए शीर्ष राजनयिक भेजे। कांगो की विदेश मंत्री थेरेसे काइकवाम्बा वैगनर ने रवांडा के विदेश मंत्री ओलिवियर नदुहुंगिरेहे के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

# कानूनी फर्मों को निशाना बनाने वाला ट्रंप का एक और आदेश कोर्ट ने खारिज किया

- दुश्मन लगने वाले अटार्नी नियुक्त करने वाली फर्मों को दंडित करने की कोशिश थमी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय न्यायाधीश ने कानूनी फर्मों को निशाना बनाने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक और कार्यकारी आदेश को रद्द कर दिया। जिला न्यायाधीश लोरेन अलीखान ने शुक्रवार फैसला सुनाया कि सुसमैन गॉडफ्रे फर्म के खिलाफ आदेश असंवैधानिक है और इसपर स्थाई रोक लगाई जानी चाहिए।

ट्रंप काम पसंद नहीं आने और उन अटॉर्नी को नियुक्त करने के लिए कानूनी फर्मों को दंडित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें वे अपना दुश्मन मानते हैं। ट्रंप के इन प्रयासों को रोकने के सिलसिले में जिला न्यायाधीश का यह फैसला सबसे नया है। हाल के हफ्तों में दूसरे न्यायाधीशों ने जेनर ब्लॉक, पर्किन्स कोइ और विल्मरहेल फर्मों के खिलाफ ट्रंप प्रशासन के इसी तरह के आदेशों पर रोक लगा दी थी। इन आदेशों के जरिये वकीलों पर कई तरह की पाबंदियां लगाने का फैसला किया गया था। न्यायाधीश अली खान ने लिखा, यह आदेश उन फर्मों को निशाना बनाने के प्रयासों में से एक प्रयास था, जिनके रुख से राष्ट्रपति ट्रंप सहमत नहीं थे।

# कोलकाता: छात्रा से गैंगरेप की जांच के लिए एसआईटी

कोलकाता, एजेंसी

- पुलिस ने लॉ कॉलेज के सुरक्षा गार्ड को भी गिरफ्तार किया

कोलकाता पुलिस ने शहर के एक विधि कॉलेज में छात्रा के साथ उसके वरिष्ठों द्वारा कथित सामूहिक बलात्कार की जांच के लिए शनिवार को पांच सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस बीच पुलिस ने उस गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया है जिसके कक्ष में छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया था।

उन्होंने बताया कि पांच सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व सहायक आयुक्त स्तर के एक अधिकारी करेंगे। अधिकारी ने कहा, "कथित अपराध की जांच के लिए एक एसआईटी गठित की गई है। यह तुरंत अपनी जांच शुरू करेगी।" दक्षिण कलकत्ता विधि महाविद्यालय की 24 वर्षीय छात्रा के साथ 25 जून को गार्ड रूम में संस्थान के एक पूर्व छात्र सहित तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया। उसकी शिकायत के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद अहमद को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार सुबह कॉलेज के गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर किया गैंगरेप

पुलिस को संदेह है कि मुख्य आरोपी ने विवाह का प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की भी कोशिश कर रही है कि यह वारदात पूर्वनियोजित थी या नहीं।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमले में 13 लोगों की मौत, 24 से ज्यादा घायल

- हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन से सेना की बमरोधी इकाई के वाहन को मारी टक्कर

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक आत्मघाती हमले में सुरक्षा बल के 13 जवानों की मौत हो गयी जबकि 24 अन्य घायल हो गये। सुरक्षा सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आज सुबह उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम-रोधी इकाई के एक वाहन से टकरा दिया।

उन्होंने बताया कि घायलों में 14 आम नागरिक भी हैं, जिनमें महिलायें और बच्चे शामिल हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना के समय सैन्य आवाजाही के कारण इलाके में कर्फ्यू लगाया गया था। सुरक्षा एजेंसियों ने विस्फोट के बाद राहत अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि हाफिज गुल बहादुर समूह से जुड़े आतंकवादी समूह उसुद अल-हरब ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इस घटना को हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है और इसने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

# इटली में हुआ ब्लॉकबस्टर फिल्म शोले का प्रीमियम

इटली, एजेंसी

बॉलीवुड फिल्मकार रमेश सिप्पी की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' का विश्व प्रीमियर इटली में बिना काटे गए संस्करण में बोलोग्ना के प्रतिष्ठित इल सिनेमा रिट्रोवाटो फेस्टिवल में किया गया। फिल्म शोले की 50वीं वर्षगांठ मनाने को यह स्क्रीनिंग 27 जून को ओपन-एयर पियाज़ा मैगीगोर में हुई।

शोले के निर्देशक रमेश सिप्पी ने इस अवसर पर कहा, क्या मैंने कभी सोचा था कि शोले इतनी दूर तक जाएगी। बिल्कुल नहीं! मुझे याद है कि जब हम इसे बना रहे थे तो हमें विश्वास था कि हम एक अच्छी फिल्म बना रहे हैं। लेकिन एक ऐसी फिल्म जो सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी और सभी समय की सबसे महान फिल्मों में से एक मानी जाएग। नहीं, हमने कभी इसकी उम्मीद नहीं की थी।



- निर्देशक सिप्पी ने कहा-कभी नहीं सोचा था इतनी दूर जाएगी शोले

रमेश सिप्पी ने बताया कि उन्हें याद है कि शोले को रिलीज के समय ही फ्लॉप घोषित कर दिया गया था। समीक्षाएं नकारात्मक थीं। कोई दर्शक नहीं था। लेकिन दूसरे हफ़्ते में इसने बाजी मारी । उन्होंने कहा कि मैंने अपनी दूसरी फ़िल्मों को बनाने में भी उतनी ही मेहनत की। यदि वे शोले जैसी नहीं बन पाईं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि वे कम ध्यान में बनाई गई फिल्में थीं।उन्होंने शोले में एक पसंदीदा किरदार का नाम पूछने पर गब्बर सिंह का नाम बताया।

# केबिन में जलने की गंध के कारण एअर इंडिया की उड़ान मुंबई लौटी

**मुंबई।** चेन्नई जाने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान को केबिन में जलने की गंध के कारण शनिवार को मुंबई वापस लौटना पड़ा। एअर इंडिया ने बयान में कहा कि विमान सुरक्षित तरीके से वापस उतर गया।

एअरलाइन ने बयान में कहा, मुंबई से चेन्नई जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई 639' को 27 जून दिन शुक्रवार को केबिन में जलने की गंध आने के कारण एहतियातन लौटना पड़ा। एअर इंडिया ने बिना कोई विशेष विवरण दिए बताया कि विमान सुरक्षित तरीके से मुंबई में उतर गया और विमान बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। एयरलाइन ने बताया कि मुंबई में हवाई अड्डे पर उसके कर्मियों ने इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण होने वाली असुविधा को कम करने के लिए यात्रियों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की।

**भव्य** अमेजन के मालिक ने वेनिस में की दूसरी शादी, दुनिया भर से पहुंचे मेहमान

# जेफ बेजोस की शादी पर खर्च हुए 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर

- अरबपति जेफ ने छह साल पहले की थी अपनी पहली पत्नी को तलाक देने की घोषणा

वेनिस, एजेंसी

दुनिया के चौथे सबसे अमीर अरबपति जेफ बेजोस और अंतरिक्ष की यात्रा कर चुकी उनकी मंगेतर लॉरेन सांचेज ने शुक्रवार को वेनिस में शादी कर ली। शुक्रवार रात हुए विवाह समारोह के दौरान वेनिस के हवाई अड्डे पर दर्जनों निजी विमानों का जमावड़ा लगा हुआ था। शहर के प्रसिद्ध जलमार्गों पर नौकाएं थीं। एथलीट, मशहूर हस्तियां, 'इंफ्लुएंसर' और प्रमुख कारोबारी इस भव्य शादी में पहुंचे थे जिस पर करीब 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च किए जाने का अनुमान है।



सांचेज ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की, जिसमें वह सफेद गाउन में मुस्कुराती नजर आ रही हैं और उनके साथ टक्सीडो (गहरे रंग की पोशाक) पहने बेजोस खड़े हैं। इस विवाह समारोह ने 2014 में वेनिस में अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मानवाधिकार वकील अमल अलामुद्दीन की शादी की यादें ताजा कर दीं, जब प्रशंसकों की भीड़ नहरों के किनारे खड़ी थी और सैकड़ों लोग सिटी हॉल के बाहर एकत्र हुए थे। भव्य विवाह समारोहों का आयोजन करने वाली कंपनी 'एम्बार्क बियॉन्ड' के सीईओ जैक एजोन के अनुसार, वेनिस अपने नहरों के नेटवर्क के लिए प्रसिद्ध है, जहां एम्बुलेंस भी पानी में चलती हैं। लेकिन गुलदस्ते से लेकर मेहमानों तक को, सब कुछ पानी के रास्ते ले जाना वेनिस को समारोहों के लिए दुनिया के सबसे खूबसूरत शहरों में से एक बनाता है।

फोर्ब्स पत्रिका के अनुसार, वर्तमान में जेफ की कुल संपत्ति 234 अरब अमेरिकी डॉलर है। वर्ष 2019 में, उन्होंने घोषणा की थी कि वह अपनी पहली पत्नी मैकेंज़ी स्कॉट को तलाक दे रहे हैं, इससे ठीक पहले 'नेशनल इन्क्वायरर' अखबार ने पूर्व टीवी न्यूज़ एंकर सांचेज के साथ उनके संबंधों के बारे में एक खबर प्रकाशित की थी। शुक्रवार दोपहर को, सांचेज अपने होटल से सिर पर रेशमी स्कार्फ लिए हुए निकलीं और अपनी वाटर टैक्सी पर सवार हुईं। यह टैक्सी उन्हें नहरों के माध्यम से सैन जियोर्जियो द्वीप तक ले गई, जो सेंट मार्क स्क्वायर से लैगून बेसिन के पार है, जहां शुक्रवार रात जोड़े ने अपना समारोह आयोजित किया।

### आम शादियों से एक हजार गुना ज्यादा खर्च

विवाह नियोजन वेबसाइट ज़ोला की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस शादी में हुआ खर्च आश्चर्यजनक और हैरान कर देने वाला है, जो 2025 में अमेरिकी जोड़ों के विवाह की औसत लागत 36,000 अमेरिकी डॉलर से 1,000 गुना अधिक है। चार दिवसीय कार्यक्रम पर 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च होने का अनुमान है। दुनिया भर से शानदार कलाकार, बेहतरीन डीजे लाए गए। एक अविश्वसनीय 'ग्लास टेंट' पर 20 लाख अमेरिकी डॉलर खर्च किए गए जो केवल 10 घंटे के लिए था लेकिन इसे बनाने में एक महीने का समय लगा। 'वोग' पत्रिका के अनुसार डोल्से एंड गब्बाना द्वारा डिज़ाइन किए गए गाउन को पूरी तरह तैयार करने में 900 घंटे लगे।